ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार | 05.05.2025 | वर्ष 12, अंक 122
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
कदर होती है इंसान की जरुरत पड़ने पर ही क्योंकि, बिना जरुरत के तो लोग मोमबती भी नहीं जलाया करते!

## वायुसेना प्रमुख ने पीएम मोदी से की हाई लेवल मीटिंग

# पाकिस्तान पर एक्शन का काउंटडाउन शुरू

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में यह अहम बैठक हुई। इससे पहले नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी और उन्हें अरब सागर में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गो की समग्र स्थिति से अवगत कराया था। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह और प्रधानमंत्री मोदी के बीच राष्ट्रीय राजधानी में लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर हुई यह बैठक पीएम की अध्यक्षता में उस बैठक के कुछ दिनों बाद हुई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए थे। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे। पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के एक दिन बाद सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक हुई थी। हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। सरकार ने आतंकवाद को करारा झटका देने के भारत के राष्ट्रीय संकल्प के प्रतिबद्धता जताई। पीएम मोदी ने कहा कि हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों और इसके पीछे के साजिशकर्ताओं को कड़ी सजा मिलेगी। सरकार ने सशस्त्र बलों को भारत की प्रतिक्रिया के तरीके, लक्ष्य और समय पर निर्णय लेने के लिए पूरी स्वतंत्रता दी। इससे पहले पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार ने एक सर्वदलीय बैठक भी बुलाई थी। विपक्षी दलों ने आतंकी हमले के साजिशकर्ताओं के खिलाफ सरकार की ओ से की गई किसी भी कार्रवाई के लिए अपना पूरा समर्थन व्यक्त किया है।

### भारत ने किया पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी का एक्स अकाउंट बंद

नई दिल्ली - पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के एक्स अकाउंट को भारत में बंद कर दिया गया है. उनके एक्स अकाउंट पर प्रोफाइल फोटो नजर नहीं आ रही है और लिखा है कि भारत में इस अकाउंट को बैन किया गया है.पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का एक्स अकाउंट भी ब्लॉक कर दिया गया है. आसिफ के एक्स अकाउंट को बैन करने का यह कदम भारत द्वारा 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाने के ठीक एक दिन बाद उठाया गया.भारत ने पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक एक्स हैंडल को भी ब्लॉक कर दिया है. इसके साथ साथ क्रिकेटर्स, सेलेब्स को भी भारत में बंद कर दिया गया है.

**भारतीय सेना को मिली रूसी मूल की इग्ला-एस मिसाइलः** पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान से तनाव के बीच भारतीय सेना की ताकत और बढ़ गई है. इसके पीछे की वजह है रूस से आया वह हथियार, जो दुश्मन सेना के ड्रोन और लड़ाकू विमानों को हवा में तबाह कर देगा. भारतीय सेना को रूस से इग्ला-एस मिसाइल डिलीवर हो गई है. रूस से डिलीवर हुए एयर डिफेंस सिस्टम को सीमावर्ती इलाकों में तेज और सटीक वायु रक्षा के लिए विशेष रूप से तैनात किया जा रहा है. मैनपैड्स यानि मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम है, जिसे सैनिक अपने कंधे पर रख कर फायर कर सकते हैं. ये कम दूरी के एरियल टारगेट को हवा में ही मार गिराने के लिए इस्तेमाल किया जाता है. पिछले कई दशक से भारत की सशस्त्र सेनाएं (थल सेना और वायुसेना) रूस की इस इग्ला मिसाइल का इस्तेमाल करती हैं. लेकिन अब ये काफी पुरानी पड़ चुकी हैं.

### देशभर की 12 आयुध निर्माणियों में कार्यरत कर्मचारियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द

नई दिल्ली - रक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाली म्युनिशंस इंडिया लिमिटेड ने देशभर की 12 आयुध निर्माणियों में कार्यरत कर्मचारियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं. एमआईएल के इस आदेश को सीमा पर बढ़ रहे तनाव और सुरक्षा तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है.मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित आयुध निर्माणी खमरिया और महाराष्ट्र की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री चांदा ने कर्मचारियों की लंबी छुट्टियों को रद्द करते हुए तत्काल काम पर लौटने के आदेश जारी कर दिया है. खमरिया फैक्ट्री वायुसेना के लिए विशेष प्रकार के बमों का निर्माण करती है.



### देश के ऊपर आंख उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा : राजनाथ

**नई दिल्ली :** पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही देशभर में पाकिस्तान के खिलाफ गुस्से का माहौल बना हुआ है. इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को दिल्ली में संस्कृति जागरण महोत्सव में पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चेतावनी दी. राजनाथ सिंह ने कहा कि देश के ऊपर आंख उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि देश के रक्षा मंत्री के तौर पर मेरी जिम्मेदारी है कि हमारी सीमा की रक्षा हो.केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि देश के लोग जो चाहते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुश्मन को उसी भाषा में जवाब देंगे.पीएम मोदी के नेतृत्व में जैसा आप चाहते हैं, वैसा होकर रहेगा. उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई ताकत भारत को मिटा नहीं सकती है, भारत अमर रहेगा.

### भारत ने सिंधु के बाद अब बगलिहार बांध से रोका चिनाब का पानी

नई दिल्ली - भारत ने सिंधु जल समझौते को सस्पेंड करने के बाद पाकिस्तान के खिलाफ एक और एक्शन लिया है. अब भारत ने बगलिहार बांध के जरिए चिनाब नदी का पानी रोक दिया है. इसी तरह झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध को लेकर भी कड़ा कदम उठाने की योजना बना रहा है. सूत्र ने बताया कि जम्मू के रामबन में बगलिहार जलविद्युत बांध और उत्तरी कश्मीर में किशनगंगा जलविद्युत बांध भारत को पानी छोड़ने के समय को विनियमित करने की क्षमता है. भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद दशकों पुरानी संधि को निलंबित करने का निर्णय लिया. इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी जिनमें अधिकतर पर्यटक थे.

### भारत निर्वाचन आयोग लॉन्च करेगा सिंगल प्वाइंट ऐप

**शिमला :** भारत निर्वाचन आयोग मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों के लिए एक नया उपयोगकर्ता-अनुकूल डिजिटल इंटरफेस विकसित कर रहा है। नया वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म, ईसीआइएनइटी, ईसीआई के 40 से अधिक मौजूदा मोबाइल और वेब एप्लिकेशन्स को एकीकृत और पुनर्निर्देशित करेगा।ईसीआइएनइटी सभी चुनाव संबंधित गतिविधियों के लिए एकल प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा। इससे उपयोगकर्ताओं को विभिन्न ऐप डाउनलोड करने, नेविगेट करने और विभिन्न लॉगिन याद रखने की आवश्यकता भी नहीं रहेगी।ईसीआइएनइटी उपयोगकर्ताओं को अपने डेस्कटॉप या स्मार्ट फोन पर प्रासंगिक चुनावी डाटा तक पहुंच सुनिश्चित करेगा। इसमें प्राधिकृत ईसीआई अधिकारी द्वारा सटीक डाटा दर्ज किया जाएगा। इसके अतिरिक्त किसी भी विवाद की स्थिति में, वैधानिक प्रपत्रों में विधिवत भरा गया प्राथमिक डाटा ही मान्य होगा।ईसीआइएनइटी में वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर टर्नआउट ऐप, विजिल, सुविधा 2.0, ईएसएमएस, सक्षम, केवाईसी ऐप और अन्य मौजूदा ऐप शामिल होंगे। इससे लगभग 100 करोड़ मतदाताओं और चुनाव प्रणाली से संबंधित बूथ लेवल अधिकारी, राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट, मतदान अधिकारी, सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी, ईआरओ और जिला चुनाव अधिकारी लाभान्वित होंगे।

## क्विक न्यूज

### सड़क हादसे में तीन भाइयों समेत चार की मौत

**लखनऊ :** मथुरा के थाना जैंत क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में मृत चार लोगों में तीन सगे भाई थे। इंदौर निवासी महेश शर्मा, बिहारीलाल व हुकमचंद भांजे के बेटे की शादी में शामिल होने के लिए वृंदावन आए थे। शादी से पूर्व ही तीनों की मौत हो गई। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इंदौर निवासी तीनों भाई ट्रक की बॉडी बनाने का काम करते थे। उनका भांजा तेज कुमार परिवार सहित इंदौर से वृंदावन आकर वृंदा ऑरचीड में रहने लगा है। रविवार को तेज कुमार के लड़के तनिष्क की शादी है। इसी में शामिल होने के लिए तीनों इंदौर से शुक्रवार शाम को मथुरा आए थे। शनिवार को दोपहर तीनों ऑटो बुक कर वृंदावन घूमने के लिए निकले थे। इसी दौरान रामताल नगला पर कीकी रोड स्थित कृष्णा कुटीर के समीप हादसे में ऑटो चालक सहित चारों की मौत हो गई। देर रात मृतकों के परिजन थाने पर पहुंच गए।ऑटो चालक साबिर जिम्मेदारियों को उठाकर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। साबिर के पिता रिक्शा चलाते हैं। दो छोटे भाई पढ़ाई कर रहे हैं। परिवार में एक तलाकशुदा बहन साथ रह रही है।

### नीट अभ्यर्थियों को ठगने के आरोप में चार गिरफ्तार

**भुवनेश्वर :** ओडिशा में पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए नीट अभ्यर्थियों को ठगने पर एक अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त एसडी सिंह ने बताया कि ओडिशा के दो लोगों सहित चार लोगों को शनिवार को भुवनेश्वर विशेष अपराध इकाई ने गिरफ्तार किया। यह गिरोह मेडिकल कॉलेजों में दाखिले का वादा करके उम्मीदवारों से पैसे लेता था। वह फर्जी उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठाने वाला था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किये गये चार लोगों की पहचान झारखंड के प्रियदर्शी कुमार, बिहार के अरविंद कुमार तथा ओडिशा के सुनील सामंत्रे और रुद्र नारायण बेहरा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इस काम में स्थानीय जासूस शामिल थे, जो आधार कार्ड सहित नीट उम्मीदवारों के विवरण प्राप्त करते थे, जिससे उनका पंजीकरण आसान हो जाता था। एक बार एडमिट कार्ड प्राप्त हो जाने के बाद उन्हें बिहार में गुर्गो को सौंप दिया जाता था। प्रॉक्सी उम्मीदवार एडमिट कार्ड के विवरण में हेराफेरी करके हृश्वश्वव्ज परीक्षा देते हैं। गिरोह प्रति अभ्यर्थी 20 से 30 लाख रुपये वसूल रहा था।

### नीट परीक्षा केंद्र पर अभिभावकों ने किया हंगामा

**पूर्वी सिंहभूम :** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र स्थित कोऑपरेटिव कॉलेज में रविवार को नीट परीक्षा के दौरान अभिभावकों ने हंगामा किया।अभिभावकों ने एक काली शीशे वाली कार के अंदर जाने पर आपत्ति जताई। अभिभावकों का आरोप था कि जब परीक्षार्थियों को चप्पल के अलावा कुछ भी पहनकर परीक्षा हॉल में प्रवेश की अनुमति नहीं थी, तो फिर यह कार किसके कहने पर अंदर गई।घटना की जानकारी मिलते ही साकची थाना प्रभारी आनंद मिश्रा, बिष्टुपुर थाना प्रभारी और अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लिया।

### चुटकी




### रांची का तापमान


| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

# चलती कार में लगी आग, जिंदा जला युवक



**प्रभात मंत्र संवाददातता**

**जमशेदपुर :** रविवार को जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र स्थित मरीन ड्राइव मार्ग पर एक दर्दनाक हादसे में चलती कार में आग लगने से एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतक की पहचान कदमा के विजया हैरिटेज निवासी 42 वर्षीय सुनील अग्रवाल के रूप में की गई है। घटना करीब पौने छह बजे सुबह की है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग अचानक कार में लगी और देखते ही देखते पूरी कार आग की चपेट में आ गई। चालक वाहन से बाहर नहीं निकल सका और कार के भीतर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग और कदमा थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, परंतु तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी।प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार कार में एक गैस सिलेंडर भी था, जो विस्फोट के साथ फट गया, जिससे आग और अधिक विकराल हो गई।पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास जारी है।इस संबंध में डीएसपी ने बताया कि कार में आग लगते ही थोड़ी देर में एक ब्लास्ट हुआ. धमाके के दौरान गैस सिलेंडर क्षतिग्रस्त स्थिति में मिला हैं, जबकि चालक सीट पर बैठा व्यक्ति की मौत हो चुकी है. पुलिस को उसका कंकाल मिला है. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है साथ ही इस मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया हैं.




# लातेहार : नक्सलियों ने 8 गाड़ियों में लगाई आग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** नक्सलियों ने शनिवार की रात चंदवा थाना क्षेत्र के तोरीसोत गांव के पास खनिज सर्वे करने वाली कंपनी सीएमपीडीआई के साइड पर धावा बोला और वहां खड़ी दो ड्रिलिंग मशीन समेत 8 गाड़ियों में आग लगा दी. नक्सलियों की ओर से फायरिंग भी की गई. घटना की जानकारी मिलने के बाद लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर बालूमाथ डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन आरंभ किया.दरअसल चंदवा थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत तोरीसोत गांव के पास खनिज सर्वे कंपनी का साइडिंग बनाया गया था. कंपनी के द्वारा क्षेत्र में कोयला का सर्वे किया जा रहा था. इसी बीच हथियारबंद नक्सली साइड पर पहुंचे और वहां फायरिंग करते हुए गाड़ियों में आग लगा दी. नक्सलियों ने यहां दो ड्रिलिंग मशीन, दो कार, दो पिकअप तथा दो ट्रक में आग लगा दी गई. लगभग 1 घंटे तक हंगामा करने के बाद नक्सली वहां से चले गए. घटना की जानकारी मिलने के बाद लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर डीएसपी विनोद रवानी के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की. हालांकि इस घटना में सभी वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गए.

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# एसपी ऑफिस में हुआ क्राइम मीटिंग का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक महोदया ने की। बैठक में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी), थाना प्रभारी और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। जिले में हत्या, लूट, डकैती, दहेज हत्या और साइबर क्राइम जैसे अपराधों की समीक्षा की गई। संबंधित थाना प्रभारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से पुलिस अधीक्षक महोदया ने निर्देश दिया कि चार साल से अधिक पुराने सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। बढ़ते साइबर क्राइम पर रोकथाम के लिए विशेष टीम गठित करने और लोगों को जागरूक करने पर चर्चा की गई। साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता देने और त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों व कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाएंगे, जिसमें महिला उत्पीड़न, महिलाओं से जुड़े कानून, साइबर फ्रॉड से बचाव और आपात स्थिति में डायल 112 सेवा का उपयोग कैसे करें, इस पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। पुलिस द्वारा आमजन को डायल 112 सेवा की महत्ता और त्वरित सहायता के लिए इसके प्रयोग के प्रति जागरूक किया जाएगा।मादक पदार्थ तस्करी को खत्म करने के लिए विशेष अभियान चलाने और संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने का निर्णय लिया गया।सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने और जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए विशेष कदम उठाने पर जोर दिया गया। एसपी महोदया ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाएं और लोगों का भरोसा जीतने के लिए नियमित जनसंपर्क अभियान चलाएं।एसपी महोदया ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चल रहे सरकारी कंस्ट्रक्शन साइटों का निरीक्षण करें, वहां उपस्थित ठेकेदारों व मुंशियों के साथ बैठक करें और उन्हें हर संभव सुरक्षा प्रदान करें। आवश्यकता पड़ने पर, निर्माण स्थलों पर पुलिस बल की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव तैयार कर कार्रवाई की जाएगी।

# खराब पड़े चापाकल व जलमिनार के मरम्मति कार्य में आई तेजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** वर्षो से निष्क्रिय पड़ी पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारी व संबधित कर्मी सहित जलसहिया इस वर्ष अपने दायित्व व कर्तव्यों के प्रति गंभीर दिख रहे हैं। गत एक माह से हैदरनगर प्रखंड के सभी पंचायतों में खराब पड़े चापाकल व जलमिनार का सर्वे कार्य जोरों पर शुरु किया गया है। बीडीओ विश्व प्रताप मालवा के सख्त निर्देश पर जल एवं स्वच्छता मिशन के प्रखंड समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि ने इस कार्य के लिये प्रखंड के सभी जलसहिया के साथ लगातार बैठक कर उन्हें जागरुक करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में प्रखंड जल समिति के कनीय अभियंता व विभागीय अधिकारी व अभियंता का सहयोग लेकर अब तक खराब पड़े चापाकल व जलमिनार की मरम्मति कार्य तेज किये गये हैं। रिंकी देवी, शगुफ्ता परवीन, रिंकी कुमारी, प्रमिला आदि जलसहिया ने संबधित पंचायत व गांवों में गर्मी चालू मौसम को देखते हुए सभी जलश्रोतों को दुरुस्त कराने के प्रति गंभीरता दिखाई है। अब तक इस प्रखंड के 12 पंचायतों अंर्तगत विभिन्न क्षेत्रों से 13 चापाकल व दर्जनों जलमिनार बंद रहने की सूचना जलसहिया से मिले हैं। इनकी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए परता में देवी धाम, बभंडी, मोकहर कला, बरडंडा, खरगाड़ा, बिलासपुर, चौकड़ी पंचायत के कई जलश्रोतों को ठीक कराया गया है। जिसकी मॉनेटरिंग स्वयं प्रतिदिन प्रखंड विकास पदाधिकारी ही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जलसहियाओं की तत्परता को देख पंचायत प्रतिनिधियों में पंसस गुप्तेश्वर पांडेय, फरहाना खातून व राजीव कुमार शर्मा, गुलशन आरा, सामजिक कार्यकर्ता नावाजिश खान, डॉ.अजय जयसवाल, मुखिया जितेन्द्र सिह आदि जलसहिया को सहयोग करने को मैदान में डटे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जलसहिया प्रोत्साहित किये जायेंगे।

# मोंगर पंचायत में विधायक ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** भाजपा विधायक प्रकाश राम ने रविवार को लगातार दूसरे दिन मोंगर पंचायत के कई गांवों का दौरा किया। उन्होंने विशुनपुर, केडू, हरखा, घुटुआ समेत कई टोलों में जाकर ग्रामीणों से मुलाकात की। लोगों ने पीने के पानी, सिंचाई, सड़क और नाली जैसी समस्याओं से जुड़े आवेदन विधायक को सौंपे। विधायक ने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान कराया। संबंधित अधिकारियों को फोन कर तुरंत कार्रवाई कराई। कुछ मामलों में अधिकारियों को जल्द समाधान का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि जनता ने उन्हें विधानसभा भेजा है। तो उनकी समस्याओं का समाधान करना उनका संकल्प है। लोग बेझिझक अपनी बात रखें, समाधान कराना उनका काम है। भाजपा नेता पवन कुमार ने बताया कि विधायक श्री राम पंचायत भ्रमण के क्रम में मोंगर, विशुनपुर, केडू, हरखा और घुटुआ समेत कई गांवों का भ्रमण किया। ग्रामीणों के द्वारा पीने का पानी, सिंचाई की व्यवस्था, सड़क और नाली समेत विभिन्न जन समस्या से संबधित आवेदन दिया गया। उन्होंने बताया कि 75 फीसदी समस्याओं का समाधान मौके पर करा दिया गया।शेष समस्यायों का समाधान का संबधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। मौके पर राजेंद्र प्रसाद, पिंटू रजक, देवेंद्र राम, विनोद उरांव, अजय प्रसाद, संत गुप्ता, विशाल चंद्र साहू, अजय पांडेय, आनंद सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# जेएनवी में कड़ी सुरक्षा के बीच मेडिकल नीट प्रवेश परीक्षा हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** मेडिकल में दाखिला को लेकर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारियां लोहरदगा जिला प्रशासन की ओर से पूर्व में ही पूर्ण कर ली गई थी। और निर्धारित तिथि के अनुसार 4 मई रविवार को 11 बजे पूर्वाह्न से प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों का परीक्षा प्रारम्भ हो गया था। परीक्षा से पूर्व दंडाधिकारी व शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा मेडिकल नीट के अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र व आवश्यक दस्तावेजों का जांच कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश कराया गया। वही जिला में मेडिकल नीट प्रवेश परीक्षा के लिये सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में बनाया गया था। वही परीक्षा आयोजित से पूर्व शनिवार शाम को जिला के उपायुक्त डॉ0 बाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के साथ मिलकर निरीक्षण किया गया था। साथ ही उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा कर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त परीक्षा का सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया था। वही परीक्षार्थियों ने निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पंहुच कर शांति पूर्वक मेडिकल नीट का परीक्षा दिया। आयोजित मेडिकल नीट 2025 की प्रवेश परीक्षा में 240 छात्र छात्राओं ने प्रखंड क्षेत्र स्थित पीएम श्री जवाहर विद्यालय जोगना में परीक्षा दिया। शांति पूर्वक कदाचारमुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। परीक्षा सेंटर में मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल तैनात की गई थी। तथा परीक्षा केंद्र से 200 मीटर की दूरी तक निषेधाज्ञा लागू था।

# रिमझिम बारिश के बीच नरक में डूबा हैदरनगर बाजार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय सह पूर्वी पंचायत के बाजार क्षेत्र में रविवार की शाम 4. 25 बजे से रिमझिम बारिश शुरु हुई है। बेमौसम बरसात के इस पानी से बाजार के सभी गली मुहल्लों में जलजमाव होने से लोगों को पैदल दूभर हो गया। इस मौसम में यह हाल तो धुंआधार बारिश में इस बाजार के हालातों का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। विगत एक दशक से बाजार क्षेत्र के लोगों की लगातार मांग के बावजूद किसी भी मुहल्ले में बड़ा नाला का निर्माण नहीं कराया जा सका है। जिससे निजी घरों के नाली का प्रवाहित गंदा और दुर्गंधयुक्त पानी सड़कों पर आना आम है। इसके अलावा कोईरियाडीह, जवाहर पथ, शुक्र बाजार में पथ की मरम्मती या जीर्णोद्धार नहीं कराए जाने से मामूली बर्षा के पानी में भी कीचड़ और जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसके निदान नहीं होने और ऐसी स्थिति उत्पन्न होने के बाद यहां के लोग स्थानीय जप्रतिनिधि और प्रशासन को कोसने से इस बात को लेकर बाज नहीं आते कि आखिर इनके हाथों विकास की लकीरें कहां खींची जा रही है। जो कहीं भी सभा, कार्यक्रम में बड़ी बड़ी बातें बोलना भी नहीं छोड़ते।

# नगर पंचायत बनी टैक्स वसूली की ऑफिस, सफ़ाई व्यवस्था नदारत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** शहर के हरिहर चौक सरस्वती नगर के मुहल्ले में नाली की पानी पूरी तरह से बजबजा रही हैं, जिसके कारण वहां रह रहे लोगो को बदबू व गंध से संक्रमण बीमारियों के चपेट में आ सकते है। लोगो का कहना हैं हमलोग शहर में रहते हैं टैक्स भरते है लेकिन सफाई के सुविधा हमलोगो को नही मिलती इस मुहल्ले के लोगो को वर्षो से अपेक्षित किया जाता रहा हैं हमलोग नगर में नहीं बल्कि नर्क में रहने पर मजबूर है। कई लोगो ने तो यह भी बताया कि हमलोगो के घर मे शादी विवाह या कोई कार्यक्रम होता हैं तो यदा कदा कहने के बाद सफाई की सुविधा मिलती हैं।एक तरफ भीषण गर्मी व बजबजाती नाली की बदबू व डेंगू जैसी खतरबाक मच्छर की डर सताती हैं तो दूसरी तरफ छोटे छोटे बच्चे व महिलाओं को काफी परेशानी हो रही हैं उसे नाली में गिरने की डर हैं। मौके पर श्रवण प्रसाद, नंदू प्रसाद, सतेन्द्र प्रसाद, छोटन प्रसाद, शिव प्रसाद, पूनम देवी, दीपक देवी, विमल देवी चिंता देवी, आदि लोग मौजूद थे।

# नावाबाजार बजरंग दल ने गोवंशीय पशुओं से भरा वाहन पकड़ पुलिस को किया सुपुर्द



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नावा बजार (पलामू) :** जिले के नावाबाजार प्रखंड बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा शनिवार को छह दुधारू व दो बच्चों के साथ गोवंशीय पशुओं से भरा एक 407 ट्रक को पकड़ा गया। जिसे पड़वा पुलिस को सौंप दिया गया। इसकी जानकारी देते हुए बजरंग दल के हिमांशु कुमार पांडेय व विश्वहिंदू परिषद के अध्यक्ष गोविन्दा पासवान ने बताया कि चोरी छिपे गोवंशीय पशुओं को लेकर एक गाड़ी जाने की सूचना मिली। जिसके आलोक में गाड़ी का पिछा करते हुए पड़वा मोड़ पहुंचे। जहां गाड़ी को पकड़कर पशुओं से संबंधित जानकारी ली गई। लेकिन कोई समुचित जानकारी नहीं दी गई। बताया कि इन दिनों इस रास्ते गोवंशीय पशुओं को चोरी छिपे बड़े पैमाने पर तस्करी होती रही है। रात के अंधेरे में इन्हें ले जाया जाता है। कारोबारियों को जिम्मेवार लोगों का संरक्षण भी प्राप्त है। बताया कि रात के अंधेरों में गढ़वा डंडा कोयल नदी पारकर पैदल राजहरा कोठी होते पड़वा मोड़ की ओर ले जाया जाता है। इस पर रोक लगाने की जरूरत है। कहा कि यही स्थिति बनी रही तो बजरंग दल के द्वारा आंदोलन का रुप अपनाया जाएगा।

# एसपी ने पासपोर्ट शाखा को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले की पासपोर्ट शाखा को राज्य स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया है। राज्य में पासपोर्ट से जुड़े मामलों के निष्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों में पलामू का नाम शामिल किया गया, जहाँ 99 प्रतिशत मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। इस उपलब्धि के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा पासपोर्ट शाखा और उसमें कार्यरत कर्मियों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान जिले की पुलिस टीम के कुशल कार्य, समर्पण और पारदर्शिता का प्रतीक है। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि यह उपलब्धि पलामू पुलिस के लिए गर्व की बात है। पासपोर्ट मामलों में त्वरित कार्रवाई और नागरिकों को समयबद्ध सेवा देना हमारी प्राथमिकता रही है और पासपोर्ट शाखा ने इस दिशा में सराहनीय कार्य किया है।उन्होंने आशा जताई कि आगे भी इसी तरह की प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए पलामू पुलिस नागरिकों की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाती रहेगी।

# कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली की तैयारी को लेकर सेन्हा प्रखंड में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को सेन्हा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अनिल उरांव की अध्यक्षता में रखा गया। इस बैठक में मुख्य रूप से संगठन सृजन 2025 एवं पुराना विधानसभा मैदान रांची में दिनांक 6.5.2025 को संविधान बचाव रैली के संबंध में विशेष चर्चा की गई। इस रैली में सेन्हा प्रखंड से अधिक से अधिक संख्या में रांची के लिए जाएंगे। इस रैली को हमारे कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी एवं राष्ट्रीय स्तर के लीडर भी संबोधित करेंगे। इसकी तैयारी पूरे जोश खरोसो के साथ कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। इस बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखेर भगत, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, प्रखंड पर्यवेक्षक संतोष महतो, जिला सचिव नंदकिशोर शुक्ला, दीपक ठाकुर, बिशनपुर विधानसभा युवा अध्यक्ष इमरान आजाद, मंडल अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, कांग्रेस की सरिता देवी,मुन्नी देवी,बसंती उरांव, मुनिया देवी, दुखिया उरांव, आदरा उरांव, हाफिज अंसारी, शौकत अंसारी, हदीस अंसारी, मुश्ताक अंसारी, खुदू अंसारी, शंकर भगत, जोगिंदर उरांव, हसनैन अंसारी, रोहित उरांव, परवेज अंसारी, आजम अंसारी, रविंद्र उरांव,रियाज अंसारी इत्यादि सभी पंचायत अध्यक्ष एवं बुथ अध्यक्ष शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री से मिले गढ़वा के 100 से अधिक वकील, जताया आभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा राज्य के अधिवक्ताओं के लिए शुरू की गई स्वास्थ्य बीमा योजना की सराहना करते हुए गढ़वा जिले के 100 से अधिक अधिवक्ता शनिवार को रांची पहुंचे। इन अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री से मिलकर इस ऐतिहासिक पहल के लिए उनका आभार जताया और उम्मीद जताई कि सरकार आगे भी अधिवक्ताओं के हित में ऐसे ही कदम उठाती रहेगी। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सरकारी वकील (गवर्नमेंट प्लीडर) परेश तिवारी ने किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह योजना राज्य के हजारों अधिवक्ताओं के लिए एक बड़ी राहत लेकर आई है। अधिवक्ताओं को अब स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों में आर्थिक मदद मिलेगी, जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा और वे निर्बाध रूप से न्याय व्यवस्था में अपनी भूमिका निभा सकेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत राज्य के पंजीकृत अधिवक्ताओं को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाएगा। यह बीमा सामान्य बीमारियों के इलाज के लिए है, जबकि योजना के अंतर्गत 10 गंभीर बीमारियों को भी कवर किया गया है। इससे अधिवक्ताओं और उनके परिवारों को महंगे इलाज की चिंता से राहत मिलेगी। इस अवसर पर गढ़वा व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता परशु राम तिवारी को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से स्वास्थ्य बीमा योजना का प्रमाणपत्र भी सौंपा। रांची में आयोजित इस सम्मान समारोह के दौरान वकीलों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखा गया। कार्यक्रम में गढ़वा जिला अधिवक्ता संघ के कई वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल हुए, जिन्होंने सरकार की इस पहल को मील का पत्थर बताते हुए राज्य के अन्य वर्गों के लिए भी ऐसी योजनाओं की अपेक्षा जताई।आभार करने पहुंचे अधिवक्ताओं में परशुराम तिवारी, परेश तिवारी, ओमप्रकाश उपाध्याय, धीरज कुमार दुबे, प्रत्यूष प्रतीक शांडिल्य, मंजूर अंसारी, दिग्विजय कुमार, पंचम सिंह, शशि भूषण तिवारी, शिवम तिवारी, अरुण सिंह, सतीश पांडे, संजय चौबे, ललित पांडे, अजय तिवारी, शशिकांत तिवारी, अशोक तिवारी, कासिम खान, अभय तिवारी, प्रवीण कुमार पांडे, शशि शेखर ठाकुर, अनूप ठाकुर, भानु कुमार गोंड, योगेंद्र नाथ चौबे, आयुष आनंद, करुणा निधि तिवारी, महेश चंद्र श्रीवास्तव, आलोक मिश्रा सच्चिदानंद कामता कुमार, अजय राम, नितिन केसरी, संजय भारती, रवि शंकर दुबे सहित सैकड़ो अधिवक्ता शामिल थे। यह जानकारी अधिवक्ता धीरज कुमार दुबे ने दी।

# खबर का असरः डीईईओ ने किया प्रभारी प्रधानाध्यापक को शो-काज

## डीईओ ने 24 घंटे के भीतर मांगा जवाब




**श्रवण पासवान@प्रभात मंत्र**

**बंशीधर नगर :** डीईओ ने पीएमश्री हाईस्कूल चित्तविश्राम के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित कुमार से स्पष्टीकरण पूछा है। डीईओ ने पीएमश्री हाईस्कूल चित्तविश्राम में शिक्षकों की मनमर्जी और मध्याह्न भोजन में कीड़ा मिलने के मामले में प्रभारी प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण पूछा है। उन्होंने स्पष्टीकरण का जवाब 24 घंटे के भीतर साक्ष्य सहित देने को कहा है। डीईओ कार्यालय से निर्गत स्पष्टीकरण में सोशल मीडिया में प्रकाशित खबरों का उल्लेख करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित कुमार से पूछा गया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि आपके विद्यालय के अधिकाश शिक्षक विभाग द्वारा निर्धारित समयावधि प्रातः पौने सात बजे विद्यालय में उपस्थित होकर ऑनलाईन उपस्थिति दर्ज नहीं कर रहे है। आप स्वयं भी समय से विद्यालय नहीं पहुंच रहे है। जिस कारण बच्चे विद्यालय पहुंच कर अनावश्यक रूप से इधर-उधर घूमते देखे जाते है। साथ ही दो दिन पूर्व आपके विद्यालय में मध्याह्न भोजन खाने की दाल में कीड़ा पाये जाने एवं साफ-सफाई नहीं रहने की शिकायत विद्यालय के छात्राओं द्वारा की गई है। जिसकी सूचना विभाग को आपके द्वारा नहीं दी गई। विद्यालय के शिक्षकों का समय से विद्यालय न पहुंचना एवं मध्याहन भोजन खाने की दाल में कीड़ा पाये जाना आपकी घोर लापरवाही का सूचक है। उपरोक्त आरोपों के संदर्भ में प्रभारी प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण पत्र निर्गत तिथि के 24 घंटे के भीतर साक्ष्य सहित देने को कहा गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में यह मान लिया जाएगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है। विभाग एक तरफा कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होगा।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# कार्पोरेट कंपनियों के सीएसआर फंड से काम करने वाली एनजीओ का एमओयू करायेगी सीएसआर कॉन्क्लेव

परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची।** सीएसआर फंड जो निजी संस्थान या फिर सरकार के स्वतंत्र इकाई के तहत कार्य कर रहे हैं , ऐसी संस्था जहां पर 5 करोड़ से अधिक के मुनाफे होते हो ऐसे संस्थान विभिन्न क्षेत्रों में उनके डेवलपमेंट और जागरूकता के लिए कुछ राशि आवंटित करती है, ताकि वहां पर विकास हो सके। सीएसआर फंड कौन-कौन संस्थाएं देती है और कौन-कौन से एनजीओ इसका लाभ उठा रही है और इस सीएसआर फंड से समाज,पिछड़ें, शिक्षा,स्वास्थ्य आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में किस तरह से काम करती है और कितना पारदर्शिता है इन सबको लेकर आई श्री फाउंडेशन और मिशन ब्लू फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से सीएसआर कांक्लेव 2025 , 20 और 21 जून होटल बीएनआर चाणक्य में किया जा रहा है। इस दो दिवसीय कॉन्क्लेव को लेकर मिशन ब्लू फाउंडेशन के डायरेक्टर पंकज सोनी, आई श्री फाउंडेशन के राजीव कुमार एवं अमित संयुक्त रूप से पत्रकारों को संबोधित किया और बताया की झारखंड सीएसआर कांक्लेव 2025, राज्य के समावेशी सामाजिक विकास के लिए कार्पोरेट और समाज के साझे प्रयासों की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा, और सीएसआर फंड देने वाली कंपनियों और एनजीओ के बीच एमओयू कराया जायेगा। पंकज सोनी और राजीव कुमार ने बताया कि हमारे संस्थान का यही उद्देश्य है की झारखंड सहित देश के जो बड़े-बड़े कार्पोरेट कंपनियां हैं जो निजी है और कुछ सरकार के स्वतंत्र इकाई के तहत या फिर उसके संयुक्त रूप से भी काम करती है और इन कंपनियों के द्वारा जो सीएसआर फंड के द्वारा राशि आवंटित की जाती है, वैसे एनजीओ के माध्यम से जो समाज के बीच में विभिन्न क्षेत्रों में काम करती है। एनजीओ कितना सफल हो रहा है या फिर ऐसा कोई क्षेत्र जो छूट रहा है, जिस पर सीएसआर फंड के तहत उसमें और बेहतर काम किया जा सकता है , तो उन सब के जानकारी देने के लिए यह कॉन्क्लेव कराया जा रहा है । इस कॉन्क्लेव में सीएसआर फंड से काम करने वाले कंपनियों के प्रतिनिधि और जो रजिस्टर्ड एनजीओ काम कर रहे हैं वे यह उनके प्रतिनिधि इस कॉन्क्लेव में उपस्थित रहेंगे जो एक दूसरे के विचार को साझा करेंगे । पत्रकारों के माध्यम से उन क्षेत्रों के बारे में भी जानकारी मांगी जा रही है जो क्षेत्र में काम नहीं हो रहा है, वहां पर काम करने की जरूरत है, इसके लिए रजिस्ट्रेशन भी किया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है , 200 कंपनियां और एनजीओ को आमंत्रित किया जाना है इससे अधिक हिस्सा नहीं ले सकते हैं, इसलिए जितना जल्दी हो सके रजिस्ट्रेशन करा लें वेबसाइट लिंक https:li3foundation.org/jharkhand-csr-conclave-2025/।। है।




**क्या है सीएसआर फंड :**कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर उस अवधारणा को संदर्भित करता है जिसके अनुसार व्यवसायों की जिम्मेदारी समाज और पर्यावरण में सकारात्मक योगदान देने की है। कंपनी अधिनियम 2013 के अनुसार, करोड़ें रुपये का शुद्ध लाभ वाली भारतीय कंपनियों को पिछले तीन वर्षों की अपनी औसत वार्षिक आय का कम से कम दो प्रतिशत सीएसआर प्रयासों पर खर्च किया जाना है।

**इन क्षेत्रों में अधिक खर्च होती है :** कंपनियां अपने सीएसआर फंड की राशि शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, पर्यावरण संरक्षण, कौशल विकास, सामुदायिक विकास,पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन, आदिवासी विकास, कृषि, पानी और स्वच्छता, आपदा राहत में खर्च करती है। इसमें कितना सफल होता है यह देखने वाली बात है।

**इन क्षेत्रों में भी किया जाना चाहिए खर्च :** सीएसआर फंड का ज्यादा खर्च शिक्षा, खेल और स्वास्थ्य पर किया जाता है, लेकिन इसमें और सुधार और पारदर्शिता की जरूरत है। इन क्षेत्रों में अधिक ध्यान देने की जरूरत है जैसे झारखंड की लोक कलाओं, चित्रकला, वाद्ययंत्र संरक्षण, भाषा संरक्षण, विलुप्त जातियों के बीच, दिव्यांग, विधवा और बुजुर्ग महिलाओं पर, इसके अलावे वैसे बेसहारा जिनका अपना घर नहीं है, अपने परिवार से बिछड़ गए हैं, मानसिक रोगी हैं, इन लोगों के ठहरने, भोजन, दवा की व्यवस्था कराने, शहीदों के परिजनों की वर्तमान स्थितियों , सड़क हादसों को रोकने, घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने वाले के साथ काम करना, रक्तदान, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया, फोटोजर्नलिस्ट के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में सीएसआर फंड के तहत कितना काम हो रहा है या नहीं हो रहा है उसमें प्रदर्शित की जरूरत है या नहीं है, जो एनजीओ काम कर रही है, इस पर रिपोर्टिंग करने वाले को पत्रकारों को फेलोशिप का प्रावधान सीएसआर फंड द्वारा होना चाहिए जो लगभग नहीं होता है।

## संक्षिप्त खबरें

### मजदूरों, किसानों के सवालों को लेकर राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का लिया गया निर्णय

**रांची :** संयुक्त किसान मोर्चा झारखंड की एक बैठक सुरजीत सिन्हा की अध्यक्षता में आज रोस्पा टावर के पांचवें मंजिला में संपन्न हुई. बैठक में किसान नेता राकेश टिकैत पर हुए हमले व बोकारो में विस्थापित किसान परमेश्वर महतो की हत्या की निंदा की गई तथा दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की गई. बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 मई 2025 को मजदूरों एवं किसानों के सवालों को लेकर आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाया जाएगा. ग्रामीण मजदूर किसान अपने-अपने क्षेत्रों में झंडा बैनर के साथ एन एच एवं अन्य सभी सड़कों पर हल, बैल ,कोडी ,कुदाल वगैरह पहचान लेकर सड़कों पर उतरेंगे.बैठक में झारखंड संयुक्त किसान सभा की ओर से असीम सरकार, सुफल महतो, पूरन महतो ,राजेंद्र गोप ,अखिल भारतीय किसान संघ झारखंड के महामंत्री पुष्कर महतो , बी एन सिंह एवं श्रीमती पुष्पा बरदेवा सहित अन्य प्रमुख थे।

### नेत्र शिविर में जरुरतमंदों का हुआ जांच

**रांची :** चापू टोली स्थित गरुड़ आई हॉस्पिटल में कैंप लगाकर सैकड़ो लोगों का मुक्त इलाज हुआ । इसमें मुख्य रूप से डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह जो एम्स दिल्ली के डॉक्टर हैं , उन्होंने पेशेंट को देखा। इस रीजन में ज्यादातर लोगों को आंख का पावर आई में एलर्जी और ड्राइनेस माइग्रेन और एंजायटी और कुछ लोगों को मोतियाबिंद की समस्या थी। गरुड़ हॉस्पिटल यह एक समाज सेवा के उद्देश्य से बनाया गया है, इस हॉस्पिटल का उद्देश्य है की कैसे समाज में कमजोर वर्ग है उनको मुफ्त में इलाज दिया जाए या कम खर्चों मैं उनका इलाज संभव हो सके उसके लिए प्रयास है द्य यह कैंप का ऑर्गेनाइजेशन हॉस्पिटल के फाउंडर अमित कुमार द्वारा संचालित किया गया और उनके देखरेख में इस कैंप को सफल बनाया गया ।

### 6 मई को संविधान व जातिगत जनगणना से लोगों को कराएंगे अवगत

**रांची :** राजधानी रांची में 6 मई को कांग्रेस की ओर आयोजित राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने इसकी जानकारी दी। रविवार को उन्होंने कहा है कि इस रैली के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम लोगों को संविधान और जातिगत जनगणना की सच्चाई से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना में देरी नहीं होनी चाहिए, जाति जनगणना के आंकड़ों का उपयोग आरक्षण शिक्षा रोजगार और कल्याण नीतियों की मजबूती के लिए किया जाए। उन्होंने कहा कि रैली में हिस्सा लेने के लिए अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा 05 मई को रांची पहुंच रही हैं। संवाददाता सम्मेलन में मुख्य रूप से पिंकी सिंह, पार्वती सिंह, नीतू देवी, शाहनाज खातून, सीमा साहु, अनिता सहाय शामिल थीं।

## झारखंड जीत कुने दो बेल्ट सेरेमनी का सफल आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड जीत कुने दो मार्शल आर्ट्स के तत्वावधान में प्रतिष्ठित बेल्ट सेरेमनी का आयोजन निफ्ट ,रांची में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस समारोह में विभिन्न श्रेणियों में ग्रेडिंग में सफल प्रशिक्षार्थियों को बेल्ट प्रदान किए गए। यह सम्मान मुख्य प्रशिक्षक सिफू बिस्वजीत कर्मकार द्वारा प्रदान किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को भविष्य में और उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी तौहीद आलम ने शिरकत की। साथ ही प्रशिक्षकगण लखन उरांव, वशी आलम, अशफ़ाक़ अंसारी, रविराज एवं कुमकुम कुमारी की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया।इस अवसर पर प्रशिक्षकगण ने मार्शल आर्ट्स के शारीरिक और मानसिक लाभों पर प्रकाश डाला और युवाओं को आत्मरक्षा हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

## एमजीएम अस्पताल की दीवार गिरने से तीन मौत हो गई वहीं दूसरी तरफ भाजपा नेता बर्थडे मना रहे थे : डॉ इरफान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल का छज्जा गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई ,यह बहुत ही दुखद घटना है। मृतकों के आश्रितों का पता नहीं चल पा रहा है, बताया जा रहा है कि यह लावारिस शव है, लेकिन हम लोग प्रयासरत हैं कि उनका कोई आश्रित होंगे तो उन्हें पांच 5 -5 लाख मृतकों को आश्रित को दिया जाएगा । उनके अंतिम संस्कार में जो खर्च हुए हैं उसको भी सरकार अपने स्तर से किया । उक्त बातें स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने पत्रकारों से कहा। उन्होंने यह भी कहा कि जब जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में यह घटना घटी तो यह पुराना अस्पताल था, नया एमजीएम बन चुका है, सारा



सिस्टम वहां ट्रांसफर हो रहा है, क्योंकि पुराना अस्पताल शहर के बीचो-बीच है, इसलिए लोग यहां आते हैं, जहां तक बीजेपी वाले लोग जो कह रहे हैं तो उनमें अब संवेदनशीलता भी नहीं है, वे बात करने के लायक नहीं हैं। जब घटना घटी थी तीन लोगों की मौत हो गई ,तब वहां पर गम का माहौल था तो , वहीं दूसरी तरफ झारखंड के दो पूर्व मुख्यमंत्री और उसके भाजपा कार्यकर्ता हैप्पी बर्थडे मना रहे थे, जरा सभी इन लोगों में संवेदनशीलता नहीं थी, कि वे केक न काटे बाजा न बजाए, और इन मृतकों के पास आए और यहां पर देखें।पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की बहू भी जब आई तो उसके भी मुंह पर केक लगे हुए थे , कम से कम उन्हें पोछ कर आना चाहिए था। भाजपा की बात मत कीजिए उन लोगों में ना अब तो संवेदनशीलता है ना ही नैतिकता है। हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार संपर्क में रहे और उन्होंने कहा कि सेक्रेटरी को लेकर घटनास्थल पर जाएं और हम लोग वहां पर गए और सब कुछ देखा है, नया ओपीडी शुरू हो गया है नए सिस्टम भी लगाया जाएगा।

## प्रधानमंत्री के कंधे पर हाथ रखकर चल रहा है कॉरपोरेट घराना : रनेंद्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** अजय कुमार सिंह महासचिव एवं अर्जुन कुमार बने अध्यक्ष 31 सदस्य राज्य कमेटी का गठन ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन झारखंड राज्य के पांचवा राज्य सम्मेलन प्रेस क्लब के सभागार में अनिता कुमारी, विनोद भारती, एवं कुमार विक्रम की अध्यक्षता में हुई, सम्मेलन में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति आईएएस अधिकारी रनेंद्र कुमार, लोक सहकार महासंघ के अध्यक्ष भते जैनेंद्र कुमार तथागत, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, मजदूर नेता गणेश सिंह, एटक के महासचिव, अशोक यादव, राज्य कार्यकारिणी सदस्य रुचीर तिवारी, अंबुज ठाकुर, अनिरुद्ध कुमार, जितेंद्र कुमार सिंह,शहीद कई नेतृत्व के लोग मौजूद थे। मुख्य वक्ता ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ नौजवानों को सड़कों पर उतरना पड़ेगा ।केंद्र की सरकार ने युवाओं को ठगा है सभी जगह पर आउटसोर्सिंग कर युवाओं को वेरोजगार बनाने की कोशिश है सभी सेक्टर में रोजगार के अवसर को हटाया जा रहा है । सारे वैकेंसी को रद्द किया जा रहा है । ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य कॉम शंभू देवा बतौर पर्यवेक्षक शामिल हुए।और उन्होंने कहा कि यूथ फेडरेशन का राष्ट्रीय सम्मेलन तिरुपति में 15 से17 मई में हो रहा है।

## कांग्रेस पार्टी का संविधान बचाओ रैली एक नौटंकी : बाबूलाल मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित संविधान बचाओ रैली पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान की मर्यादाओं को , लोकतंत्र को जितना प्रहार किए वो देश के इतिहास में काले पन्ने के रूप में दर्ज है।कहा कि कांग्रेस ने सत्ता केलिए संविधान की मूल भावना को भी बदल दिया।और लोकतंत्र को मार डालने की हर



संभव कोशिश की।कहा कि कांग्रेस ने अपने 60 वर्षों के शासन में 79 बार संविधान में संशोधन किए।जो केवल तुष्टीकरण और सत्ता केलिए हुआ। कांग्रेस ने संविधान को तुष्टीकरण का घोषणापत्र बना दिया कहा कि प्रथम संविधान संशोधन अभिव्यक्ति की आज़ादी पर पहला प्रहार पंडित नेहरू ने किया ताकि सरकार की आलोचना करने वाले पर कार्रवाई की जा सके।इसने अनुच्छेद 19(1)(ड्ड) में कटौती की और प्रेस की आज़ादी को सीमित किया। संविधान लागू करने के कुछ ही समय बाद नेहरू द्वारा इसमें संशोधन दिखता है की नेहरू सविंधान की कितनी इज्जत किया करते थे। कहा कि इसी तरह आर्टिकल 35 ड्ड असंवैधानिक तरीके से शामिल करना। कश्मीर से संबंधित यह अनुच्छेद राष्ट्रपति के आदेश द्वारा लागू किया गया, न कि संसद द्वारा या सविंधान संशोधन द्वारा।संविधान संशोधन की प्रक्रिया की अवहेलना कर इसे एकतरफा लागू किया गया।

## संविधान बचाओ रैली ऐतिहासिक रहेगा : डॉक्टर एम तौसीफ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉक्टर एम तौसीफ ने कहा है कि 6 तारीख को संविधान बचाओ रैली रांची के विधानसभा मैदान में ऐतिहासिक होने जा रही है । हजारों की संख्या में झारखंड के कोने-कोने से कांग्रेस के कार्यकर्ता और समर्थक रैली में शामिल होंगे द्य रैली को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे , संगठन महासचिव, के सी बेनू गोपाल, झारखंड के प्रभारी के राजू , श्रीबेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष, विधायक दल के नेता और प्रदेश के तमाम वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। रैली के संबोधन में नेता कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरेंगे, कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष के संविधान के बचाने के संदेश को शहर एवं गांव के घर-घर तक जाकर पहुंचाएंगे। डॉ तौसीफ ने राज्य की जनता से अनुरोध किया है कि 6 तारीख को संविधान बचाओ रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लें और संविधान बचाने का संकल्प लें और संविधान बचाने के अभियान के साक्षी बने। डॉक्टर तौसीफ ने आरोप लगाया है कि भाजपा साजिश कर संविधान को बदलना चाहती है दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, गरीब, मजदूर, किसान को संविधान द्वारा दिए गये अधिकार को खत्म करना चाहती है लेकिन संविधान विरोधी भाजपा के मंसूबे को कांग्रेस का नेता और एक एक कार्यकरता पूरा नहीं होने देगा।

**कांग्रेस का अनूसूचित जाति विभाग संविधान बचाओ रैली में लेगी हिस्सा:** झारखंड प्रदेश प्रभारी के राजू और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनूसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान के निर्देशानुसार रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चैयरमैन राजू राम कि अध्यक्षता में तिरिल रोड़ में बैठक हुई। आगामी 6/5/2025 दिन मंगलवार को 10:30 बजे संविधान बचाओ रैली में पूराना विधानसभा ध्रुव मैदान में अनूसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेंगे । इस बैठक में मुख्य रूप से मनोहर कुमार, रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपचेयरमैन सुरज कुमार पासवान,शिव कुमार, प्रकाश राम, अंकित कुमार आदि अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ता के अनुपस्थित थे।

## रक्तदान शिविर में स्वास्थ्य मंत्री ने हिस्सा लिया रक्तदान को बताया सेवा का सर्वोत्तम रूप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखण्ड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोत्तम रूप है। रांची स्थित गौशाला चौक परिसर में रविवार को आयोजित एक रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि आज सैकड़ों लोग आगे आकर रक्तदान कर रहे हैं, यह सराहनीय है। शिविर का आयोजन वर्ल्ड मिशन सोसाइटी चर्च ऑफ गॉड की ओर से किया गया था, जिसमें धनबाद, रांची, चाईबासा और सिमडेगा सहित कई जिलों से आए लगभग 100 चर्च सदस्यों ने रक्तदान किया। इस मौके




पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि रक्तदान न केवल किसी की जान बचा सकता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी यह लाभकारी है। रक्तदान शिविर में झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी डॉ बेला प्रसाद, झारखंड चर्च ऑफ गॉड के प्रमुख पास्टर अनुपम सुरिन, चर्च ऑफ गॉड रांची के पास्टर नरेंद्र कुजूर, चाईबासा के पास्टर संतोष विश्वकर्मा, सिमडेगा के पास्टर अनुरंजन कुल्लू, हटिया के पास्टर इंद्रा सुब्बा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## झारखंड में आठ मई के बाद पांच से सात डिग्री बढ़ेगा तापमान

**रांची :** झारखंड के अधिकांश जिलों में आठ मई के बाद तापमान में पांच- सात डिग्री की वृद्धि होगी। तापमान में वृद्धि से राज्य में फिर से प्रचंड गर्मी पढ़ेगी। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि मई माह में गर्मी पिक पर रहती है। इससे तापमान भी उच्चतम स्तर पर रहता है। हालांकि उन्होंने राज्य भर में लू चलने की आशंका से इंकार किया है। वहीं रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। दोपहर में गर्मी महसूस की गई।

## माइनॉरिटी एडवोकेट लीगल सेल का गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड माइनॉरिटी एडवोकेट एसोसिएशन रांची के हटिया लीगल सेल का उद्घाटन किया गया । जिसकी सदारत हफीजुद्दीन अंसारी एडवोकेट ने किया । इस प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के तौर पर मुमताज अहमद खान एडवोकेट झारखंड माइनॉरिटी एडवोकेट एसोसिएशन रांची के सदर मौजूद थे द्य संचालन अरशद खान एडवोकेट ने किया । इस प्रोग्राम में तारा हुसैन एडवोकेट को हटिया सेल का कन्वीनर बनाया गया साथ ही साथ आरिफ इमाम , सरफराज अहमद , अफरोज आलम , मंजूर अंसारी और कमर ईमाम को लीगल सेल के मेंबर बनाया गया । दो आलीम को भी शामिल किया गया । जिसमें मौलाना इम्तियाज आलम और हाफिज कफिल साहब के नाम है । इस मौके पर एडवोकेट, मोहम्मद शमीम, सुल्तान खान, असद आलम , सरफराज खान




एडवोकेट, नदीमुद्दीन खान, मोहम्मद अहशद, परवेज़ आलम , नसर इमाम एवं अन्य अधिवक्ता के इलावा नायाब सेक्रेटरी कचनार टोली नूर मोहम्मद , प्रोफेसर डॉ रिजवान अली, जसीम शाह सेक्रेटरी , मोहम्मद हाशिम शाह, मोहम्मद अनवर, मोहम्मद हुसैन कचनार टोली इसके अलावा हटिया के जिम्मेदार लोग भी शामिल हुए । हटिया लीगल सेल में अब तमाम माइनॉरिटी को फ्री में मेडिएशन किया जाएगा । जिसका कोई भी खर्च नहीं लिया जाएगा ।

## कांके थानेदार हटाये गए, प्रकाश ने लिया पदभार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** कांके थाना में पिछले चार सालों से काफी चर्चा में है। यहाँ जमीन दलाली से लेकर अपराधिक घटनाओं पर थाना प्रभारी का कंट्रोल नहीं है, इसलिए यहाँ कुछ महीने में ही थाना प्रभारी को लाइन हाज़रि कर दिया जा रहा है। रविवार को भी कांके थाना प्रभारी पुनि सुनील कुमार पुलिस केंद्र भेज दिया गया। ये कार्रवाई डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने की है। हलांकि ये कार्रवाई एक महीने पहले मार्च में ही भाजपा नेता अनिल टाईगर की हत्या के समय होना चाहिए था।

लेकिन पुलिस सूत्र बता रहे हैं कि कांके क्षेत्र के सुहाना सिटी में मोहम्मद इरफान के घर चोरी की घटना हुई थी। घटना की लगातार सूचना देने के बाद देर शाम तक पुलिस घटनास्थल थाना प्रभारी नहीं पहुंचे, खैर। कांके थाना प्रभारी पुनि प्रकाश रजक को बनाया गया है। कांके थाना में अब तक सात थानेदार, दो सब इंस्पेक्टर और एक मुंशी को उसके पद से हटाया जा चुका है।



**अब तक सात पुलिसकर्मीयों को हटाया गया :** बता दें कि कांके थाना का प्रभारी पुनि सुशील कुमार को बनाया गया था, इनसे पहले इंस्पेक्टर केके साहू की पोस्टिंग चार अगस्त 2024 को की गई थी। केके साहू को करीब पांच माह में ही बदल दिया गया। 2023 से 4/5/ 2025 तक सात पुलिस कर्मियों को बदला गया है। पुनि सुनील कुमार,इंस्पेक्टर केके साहू और इससे पहले इंस्पेक्टर राम कुमार वर्मा छह माह, आभास कुमार दस माह, संजीव कुमार तीन माह, बृज कुमार 11 माह तथा नीरज कुमार को दस माह में ही हटा दिया गया था। कांके थाने के दो सब इंस्पेक्टर तथा एक मुंशी को भी निलंबित कर दिया गया था।

## संविधान को चुहें जैसा कुतर रहें है मोदी : बंधु तिर्की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** केन्द्र सरकार द्वारा बनाया गया वक्फ अमेंडमेंट एक्ट 2025 के खिलाफ डोरण्डा में रिसालदार शाह बाबा उर्स मैदान में विरोध सभा का आयोजन झारखंड मुस्लिम युवा मंच एवं मुस्लिम समाजिक संगठनों के द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष शाहिद अय्यूबी ने किया। विरोध सभा पर प्रकाश डालते हुए आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली ने कहा भारत में हर समुदाय पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि जिन लोगों की देश की आजादी और संविधान के निर्माण में कोई भूमिका नही वो सत्ता का दुरुपयोग कर संविधान को चूहें की तरह कुतर रही है । अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि मोदी सरकार बहुमत का दुरुपयोग कर काला कानून बनाया है। राजद नेता कैलाश यादव, डां मजीद आलम, अधिवक्ता ए. आल्लम, ए के राशीदी, भुनेश्वर केवट, प्रवीर पीटर, कांग्रेस नेता मंजूर अंसारी, खालीद खलील, दरगाह कमिटि के अध्यक्ष अयूब गद्दी, मौलान तलहा, अकील्लुर रहमान, जेएमएम नेता फरीद खान, कांग्रेस नेता हुसैन खान,मौलान आबिद, अधिवक्ता अजहर खान, जुल्फिकार अली भुट्टो, मो रिजवान , पप्पू गद्दी, नदीम मुन्ना, इम्तियाज सोनू, सदाब खान, सैफ गद्दी, अनीस गद्दी आदि ने सम्बोधित किया।

# हथियापाथर पंचायत के तीन गांव की पथरीली सड़क से ग्रामीण परेशान



**लखींद्र मंडल @ प्रभात मंत्र**

**मसलिया :** एक तरफ झारखंड सरकार ने सुदूरवर्ती गांव को मुख्य सड़क के साथ जोड़कर सारी सुविधा उपलब्ध कराने की बात कर रही है। वहीं दूसरी ओर मसलिया प्रखंड अंतर्गत हथियापाथर पंचायत के तीन गांव की सड़क अपनी बदहाली पर आज भी आंसू बहा रही है। जानकारी के मुताबिक हथियापाथर पंचायत में गड़द्धारा, भूल, रामपुर, मोहनपुर, बरमेसिया, गोड़माला, दतियारपुर, हथियापाथर व मुर्गाथोल गांव शामिल हैं। पंचायत में आदिवासी, गैर आदिवासी, हरिजन, मुस्लिम, आदिम जनजाति पहाड़िया एवं अन्य समुदाय के लोग रहते हैं। हथियापाथर पंचायत आदिवासी बाहुल्य पंचायत है। पंचायत की जनसंख्या लगभग छह- हजार से अधिक है। मसलिया प्रखंड से 25 किमी दूर अंतिम छोड़ पर हथियापाथर पंचायत है। दो दशक से पहले पंचायत के मोहनपुर से गोड़माला, दतियारपुर से गोलपुर तथा मोहनपुर से भूल गांव जाने वाली पक्की सड़क कालीचरण निर्माण कार्य क्रियान्वयन एजेंसी के माध्यम से किया गया था। उसके बाद किसी भी स्तर से तीनों सड़क की मरम्मती नहीं हुई। इसलिए सड़क से नुकीले पत्थर निकल गए हैं। दिन के उजाले में राहगीर किसी तरह आर-पार कर लेते हैं। लेकिन शाम ढलने के बाद इस रास्ते से गुजरना लोगों के लिए काफी परेशानी का सबब बन जाता है। इतना ही नहीं राहगीर नुकीले पत्थर में गिर कर चोटिल भी हो जाते हैं। गोड़माला गांव से पक्की सड़क की दूरी मात्र दो किमी तथा भूल गांव से मोहनपुर चौक तक की दूरी मात्र एक किमी है। वर्ष 2009-10 में तत्कालीन उप मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में दोनों गांव को मुख्य सड़क के साथ जोड़ने के लिए पक्की सड़क कालीचरण निर्माण कार्य क्रियान्वयन एजेंसी से कराया गया था। वहीं दूसरी ओर पंचायत के दतियारपुर से गोलपुर जाने वाली पक्की सड़क निर्माण कार्य एकीकृत बिहार राज्य के समय तीन दशक पहले ही हुआ था। ग्रामीणों का कहना है विधानसभा तथा लोकसभा चुनाव के समय विभिन्न पार्टी के नेता गांव पहुंच कर लोगों से मिलते हैं। सड़क के साथ जोड़कर लोगों को सरकार के द्वारा चलाये जा रहे सारी सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन देते हैं। लेकिन गांव की पथरीली सड़क जश की तश बनी हुई है। तीनों सड़क पर मरम्मती कार्य पूर्ण हो जाने पर हथियापाथर पंचायत के नौ गांवों के लोगों की पंचायत सचिवालय के साथ मसलिया प्रखंड मुख्यालय तथा दुमका जिला मुख्यालय आने जाने के लिए सुविधा होगी।

चुनाव के समय पार्टी के नेता लोगों को आश्वासन देकर मंत्री मुख्यमंत्री बने। पर भूल गांव में पथरीली सड़क होने के कारण विकास की रोशनी से काफी दूर है।

**प्रबोध हेंब्रम, ग्रामीण**

दिन के उजाले में मरीजों को लेने के लिए एम्बुलेंस पथरीली सड़क पर आ जाती है। लेकिन शाम ढलने ही इस पथरीली सड़क पर एंबुलेंस नहीं आने से मरीज इलाज कराने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**जयंती मुर्मू, ग्रामीण**

झारखंड अलग राज्य हुआ तो सुदूरवर्ती गांवो के लोगों को काफी उम्मीद जगी कि गांव को मुख्य सड़क के साथ जोड़कर गांव की तस्वीर बदल जायेगी। पच्चीस साल गुजर गए। लेकिन सड़क नहीं बनी।

**बिबुधन सोरेन, ग्रामीण**

गर्मी के समय जर्जर सड़क पर लोग साइकिल से किसी तरह आना जाना कर लेते हैं। पर बरसात के दिनों में साइकिल तो दूर लोगों को पैदल चलने में परेशानी होती है।

**उज्जवल मंडल, ग्रामीण**

## खूंटी जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र में खुला पोस्ट ऑफिस



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी सब डिवीजन अन्तर्गत सारू गड़ा शाखा डाकघर का शुभ उदघाटन सारू गड़ा के समाजसेवी लखन मुंडा ने झारखंड संस्कृति सभ्यता के अनुसार किया। बंदगांव की शाखा डाकघर की शाखा डाकपाल बहालान टूटी, सारुगोरा शाखा डाकपाल अमृता देवी,लक्ष्मण पूर्ति, मोगो पूर्ति, संगी पूर्ति, उअल पूर्ति, बुदआ काण्डुलना,बसंती पूर्ति, अनीषा भेंगरा, अजय कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सारुगोरा शाखा डाकघर सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र में खोला गया इसके लिए ग्राम प्रधान सहित अन्य लोगों ने कहा कि हम सभी डाक विभाग के डाक निरीक्षक दीपक कुमार का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने इस सुदूरवर्ती गांव में डाकघर खुलवाने में सहयोग किया। नव नियुक्त शाखा डाकपाल सारुगोरा अमृता देवी ने कहा कि डाक विभाग की सभी सेवा को जैसे बचत खाता, ऋष्ठ खाता,,ऱ्जष्ठ खाता, ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजना, डाक जीवन बीमा योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास करुंगी। सभी ने डाकघर खुले जाने से हर्ष व्यक्त कर डाक विभाग पदाधिकारी को धन्यवाद देते हुए कहा कि हम सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं कि सरकार की सभी डाक सेवाओं को हम अपने घर में ले सकते हैं ।

## कांके विधायक सुरेश बैठा से माँ केयर चेरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने की मुलाक़ात



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):**माँ केयर चेरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने रविवार को कांके विधायक सुरेश बैठा से मुलाकात कर संस्था द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा अभियान से अवगत कराया।वहीं संस्था के सदस्यों ने बताया की कांके के हथिया गोंदा बस्ती और भीठा बस्ती में निःशुल्क पाठशाला चलाई जा रही हैं, संस्था के सदस्यों की बातों को सुनकर विधायक ने संस्था के लोगों को अस्वस्थ किया कि शिक्षण कार्य को बढ़ावा देना हम सभी का कर्तव्य है और आप लोग जो कार्य कर रहे हैं काफी सराहनीय है इसके लिए विधायक मत से पाठशाला उपलब्ध बहुत जल्द कराई जाएगी, गरीब छात्रों को निशुल्क पठान-पाटन कराए जाने से विधायक खुश है,उन्होंने हमारे विषयों को ध्यान पूर्वक सुनते हुए आशीर्वचन सह मार्गदर्शन दिया। विधायक जी क्षेत्र में काफी सराहनीय कार्य कर रहे हैं जिसको लेकर संस्था के लोगों ने उनसे मुलाकात की थी।मौके पर माँ केयर चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक कुमार उर्फ़ मिंकु,शैलेंद्र सिंह,प्रियंका शर्मा समाज सेविका बंदना उपाध्याय उपस्थित थे।

## श्राद्ध के लिए आर्थिक सहयोग



**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनगड़ा सिरका पंचायत के मशनिया निवासी 50 वर्षीय जीतू महतो का पिछले दिनों देहांत हो गया था,परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण श्राद्ध में सहयोग के लीये गांव के ही कामेश्वर महतो ने संपर्क कर सहयोग की अपील पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार से संपर्क किया।जैलेंद्र ने तत्काल सहायता नगद एवं खाद्य सामग्री पहुंचाई।मौके पर पुत्र अरुण महतो अनुज महतो भाजपा एससी मोर्चा के महामंत्री संजय नायक सोनू बेदिया दिनेश बेदिया जगेसर महतो आदि मौजूद रहे।

## संविधान बचाओ रैली कल



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉक्टर एम तौसीफ ने कहा है कि 6 तारीख को संविधान बचाओ रैली रांची के विधानसभा मैदान में ऐतिहासिक होने जारही है हजारों की संख्या में झारखंड के कोने-कोने से कांग्रेस के कार्यकर्ता और समर्थक रैली में शामिल होंगे द्य रैली को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकाअर्जुन खरगे संगठन महासचिव, के सी बेनू गोपाल, झारखंड के प्रभारी के राजू , श्रीबेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष, विधायक दल के नेता और प्रदेश के तमाम वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे द्य रैली के संबोधन में नेता कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरेंगे, कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष के संविधान के बचाने के संदेश को शहर एवं गांव के घर-घर तक जाकर पहुंचाएंगे द्य डॉ तौसीफ ने राज्य की जनता से अनुरोध किया है कि 6 तारीख को संविधान बचाओ रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लें और संविधान बचाने का संकल्प लें और संविधान बचाने के अभियान के साक्षी बने ।

## जनता मजदूर संघ के कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**जनता मजदूर संघ के पिपरवार क्षेत्रीय कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष निर्मल सिंह ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल सुरक्षा समिति सदस्य रवीन्द्रनाथ सिंह उपस्थित थे।इस समारोह मे यूनियन के सदस्य सेवानिवृत कर्मचारी नन्ददेव राम को विदाई दी गई।कार्यक्रम में माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया,जबकि शॉल, श्रीफल और उपहार प्रदान कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित वक्ताओं ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कार्यकाल की जमकर प्रशंसा की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीसीएल सुरक्षा समिति सदस्य रविन्द्रनाथ सिंह ने कहा कि नन्ददेव राम ने कंपनी के प्रति पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम किया है।उनके कार्यों को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है।कार्यक्रम में उपस्थित यूनियन के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उनके उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की।इस अवसर पर सीसीएल सुरक्षा समिति सदस्य रविन्द्रनाथ सिंह,क्षेत्रीय अध्यक्ष निर्मल सिंह,मगध संघमित्रा क्षेत्र के क्षेत्रिय सचिव आशीष दुबे,बिजेंद्र कुमार सिंह,अरूण कुमार सिंह,अजीत कुमार सिंह, केके शर्मा,अजय सिंह, आरपी महतो,परमात्मा शर्मा,इंद्रदेव गोप,रंजीत बनर्जी,राकेश सिंह, मोतीलाल मांझी सहित यूनियन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सदान मझियस बकासत जमीन को लेकर बैठक हुई

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के कर्रा प्रखंड के पोड़ा दानी बगीचा में रविवार को मझियस, बकासत, बेलथेला जमीन मालिकों कि बैठक कुलेन्द्र सिंह कि अध्यक्षता पर किया गया।बैठक का संचालन नित्यानंद सिंह ने किया। बैठक पर मझीयस बकासत बेलथेला जमीन के मालिक उपस्थित होकर अपनी जमीन से संबंधित समस्याओं से लोगों को अवगत कराया।बमरजा निवासी रिंकू साहू ने टीमड़ा मौजा के खरीददारी कि गयी जमीन पर अवैध कब्जा करने का मामला उठाया।चंद्रशेखर साहू एवं सुनील महतो ने कर्रा के कोंयाबी मौजा स्थित जमीन पर विशेष समूह व समुदाय द्वारा बल व लोगों के द्वारा भीड़ इक्कठा कर के जबरन कब्जा करने का मामला उठाया। शिवप्रसाद सिंह सिलमा बिरदा निवासी ने कायमी जमीन को लेकर अपनी समस्या का साझा किया और ऑनलाइन नहीं होने कि समस्या से अवगत कराया। रातोंरात हुकुम नामा व पुराना रशीद का व्यवस्था करके जमीन पर कब्जा करने व लोगों की भीड़ इकठ्ठा करके जमीन लुटने का काम किया जाता रहा है।भीड़ के बल पर हमारे 30-40 वर्षों से कब्जा जमीन से हमको हटाया जा रहा है। डुमारी निवासी राजेश सिंह ने बताया कि कोर्ट में डिग्री के बाद भी गांव वाले जबरन दुबारा केस करके हमारे परिवार को परेशान किया जा रहा है।धुनसूली निवासी विरेन्द्र कुमार को जमीन के मामले में भीड़ द्वारा जमीन हड़पने करने व जमीन पर नहीं चढ़ने देने धमकी देने कि बात साझा किया।सोनू सिंह ने बताया कि मैं दिलीप बाईक के द्वारा बेचा गया कायमी जमीन को खरीदा हूं,जिसका मुटेशन भी मेरे नाम से दर्ज हो चुका है।

# कोयला डंपिंग यार्ड नहीं हटा तो करेंगे उग्र आंदोलन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** कोयला डंपिंग यार्ड हटाने की मांग कर रहे आंदोलनकारियो ने अब उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। 29 हफ्ते से आंदोलन कर रहे रसिकपुर और आसपास के लोगों ने रविवार को धरना पर बैठकर बीजीआर कंपनी और सरकार को भी घेरा है। आंदोलनकारियों ने कहा कि दुमका रेलवे स्टेशन से हर हाल में कोयला डंपिंग यार्ड को हटाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कोयला से होने वाले प्रदूषण का असर अब आम लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। जिसके कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं साथ ही पर्यावरण पर भी इसका बहुत ही बुरा प्रभाव पड़ रहा है। बता दें कि पिछले 3 साल से रसिकपुर और आसपास के लोग स्थानीय प्रशासन से कोयला डंपिंग यार्ड हटाने का मांग करते आ रहे हैं।लेकिन अब पानी सिर से ऊपर चढ़ चुका है। इसलिए आंदोलनकारियों ने कहा कोयला डंपिंग यार्ड यहां से हर हाल में अन्यत्र शिफ्ट होना चाहिए। इस मामले में गोड्डा के सांसद और संसद भवन में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बेबाक बोलने वाले डॉ निशिकांत दुबे ने भी स्थानीय लोगों को यह भरोसा दिलाया था कि हर हाल में 2024 के अंत तक दुमका रेलवे स्टेशन से कोयला डंपिंग यार्ड को हटा लिया जाएगा लेकिन उनका वादा अब तक पूरा नहीं हुआ। इसलिए स्थानीय लोगों में काफी रोष है। यही नहीं स्थानीय लोगों ने डीआरएम आसनसोल को लिखित आवेदन देकर यहां से कोयला डंपिंग यार्ड को बंद करने की मांग की जिस पर उन्होंने स्थानीय लोगों को भरोसा दिलाया कि सात से आठ महिने के अंदर यहां से कोयला डंपिंग यार्ड हटा लिया जाएगा। अब स्थानीय लोग डीआरएम आसनसोल की ओर टकटकी निगाहों से देख रहे हैं। की कब तक अपना वादा पूरा कर रहे हैं। धरना पर रवि शंकर मंडल, मनोज सिंह मेलर, संजय मंडल, हेमंत श्रीवास्तव, गोवर्धन मंडल, विष्णु यादव, मंजू गुप्ता, आशा देवी, मकरू देवी, डॉ आरके यादव, अभय सिंह, विनय कुमार सिंह, रिंकू यादव, डॉ शंभू कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार, अर्जुन दास, अभय गुप्ता, दिलीप कुमार स्वर्णकार, संतोष कुमार, एसपी मंडल, जिमि यादव, श्याम प्रसाद शर्मा, डिस्को मंडल, एनएन पंडित, आलोक कुमार, अमित कुमार साह, संदीप साहू, शंभूनाथ गोरी, राम शंकर सिंह, आकाश यादव, सिंधु यादव, पवन कुमार, प्रदुम कुमार, अर्जुन कापरी, मनीष कापरी, अमर यादव, विष्णु कापरी, मोजन कापरी, प्रमोद कापरी, गौतम मंडल, मुन्ना पंडित, मनोज भगत, अमित कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, विजय कुमार, शंभू कुमार मंडल, विजय कुमार, गौरी मंडल, शत्रुघन पंडित, आकाश कुमार आदि शामिल थे।

# ओलचिकी लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू के जंयती पर ओल चिकी का मुफ्त ट्यूशन झिलवा गांव में हुआ शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** संताली भाषा के लिपि ओल चिकी के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू के जयंती पर मसलिया प्रखंड के रांगा पंचायत के अन्तर्गत झिलवा गांव के युवा शुरू मुर्मू और चिंतामुनि मरांडी के संयुक्त सहयोग से ग्रामीण बच्चों के लिये गांव में ही मुफ्त ओल चिकी ट्यूशन की शुरुआत की गई।शुरू मुर्मू पोस्ट ग्रेगुट और चिंतामुनी मरांडी स्नातक में पढ़ाई कर रही है।उनका कहना है कि ऑल गुरु पंडित रघुनाथ मुर्मू से काफी प्रभावित है।जिस तरह पंडित रघुनाथ मुर्मू ओल चिकी का अविष्कार कर संताल आदिवासियों में शिक्षा का अलक जगाए हैं। उससे प्रेरणा लेकर आज दोनों ने ओल चिकी का मुफ्त ट्यूशन की शुरुआत की। ओल चिकी संताल आदिवासियों का अपना लिपि है। यह लिपि संताल आदिवासियों को पूरे विश्व मे अलग पहचान देता है।इसलिये यह हमारी भी सामाजिक जिम्मेवारी होती है कि इसका प्रचार प्रचार और लोगो को ओल चिकी का शिक्षा दे। ट्यूशन में वर्ग एक से लेकर वर्ग आठ के बच्चे है। वे बच्चो को ओल चिकी शिक्षा के साथ साथ स्कूल में पढ़ाई जाने वाली हिंदी, अंग्रेजी, गणित आदि विषयों का भी बच्चो को मुफ्त टयूशन दे रहे है। ट्यूशन के साथ साथ बच्चों को उनके आदिवासी संस्कृति और सभ्यता का शिक्षा भी दे रहे हैं। बच्चों को सप्ताह के सातों दिन शिक्षा दिया जाएगा।सोमवार से शनिवार तक ओल चिकी और स्कूल का ट्यूशन किया जाता है और रविवार को बच्चों को उनके आदिवासी संस्कृति और सभ्यता का शिक्षा देते है। पूज्य स्थल मंझी थान में सप्ताहिक पूजा करते है। बच्चे और उनके परिजन बहुत खुश है कि शिक्षा के साथ साथ बच्चे सभ्यता और संस्कृति का मुफ्त शिक्षा ग्रहण कर रहे है। ट्यूशन में रीनू मुर्मू, ललिता बास्की, प्रमिला मुर्मू, रीमा बास्की, रोशनी मुर्मू, शिल्पा मुर्मू, बासुदेव बास्की, फिलिप मुर्मू, फिरोज मुर्मू, जियो मुर्मू,अविनाश सोरेन, संजय हेम्ब्रम, सुमित बास्की, जीतलाल सोरेन, मुस्कान मुर्मू, निशा हेम्ब्रम, रविचांद हेंब्रम, जयराम बास्की, शर्मिला हेम्ब्रम आदि छात्र छात्राएं शामिल थी।

## पुष्कर स्कूल ऑफ नर्सिंग ट्रेनिंग कृष्णापुरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुष्कर स्कूल ऑफ़ नर्सिंग ट्रेनिंग, कृष्णपुरी, चुटिया, रांची और अन्वी न्यूबोर्न एंड चाइल्ड हॉस्पिटल, रांची के संयुक्त तत्वाधान में रविवार दिनांक 04-05-2025 को नव शिशु से सत्रह साल के बच्चों के लिए एक हेल्थ चेकअप / मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। हेल्थ कैंप में डॉक्टर रवि शेखर सिंह, डॉक्टर सिद्धार्थ पटौदी, डॉक्टर हर्ष पांडेय ने योगदान दिया। इस कैंप में शिशु रोग के विशेषज्ञ के चिकित्सक उपस्थित थे। इस कैंप में शिशु रोग के समस्या के 60 मरीजों कि निशुल्क जाँच कि गयी जिसमें करीब 20 मरीजों में गंभीर लक्षण भी पाए गए। सभी मरीज चुटिया, अनंतपुर, कृष्णपुरी, अमरावती, रामनगर, द्वारिकापुर के थे। उपस्थित चिकित्षको के दलने सभी आने वाले लोगो का यथासंभव इलाज किया तथा परामर्श दिया। गंभीर रोग से ग्रषित को अस्पताल मे विशेष ईलाज कि जरूरत है जिन्हे अन्वी न्यूबोर्न एंड चाइल्ड हॉस्पिटल मे बुलाया गया है, कैम्प मे खुद शामिल अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर सह शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रवि शेखर सिंह ने बताया कि जिन लोगों से इस कैम्प मे ईलाज के लिए आया उन्हें सप्ताह से 10 दिनों के अंदर अस्पताल में ओ पी डी मे 10 प्रतिशत, पैथोलॉजिकल जाँच मे 10 प्रतिशत और दवाइयों मे 10 प्रतिशत कि विशेष छुट दी जायेगी।

## मसनिया के पीपलेश्वर धाम में फूलखूंदी व झूलन के साथ संपन्न हुआ मंडा पूजा



**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिरका पंचायत के मसनिया रामदगा स्थित पीपलेश्वर धाम में शनिवार की रात में फूलखुंदी व रविवार की सुबह में झूलन के साथ सात दिवसीय शिव मंडा पूजा का समापन हुआ। रात्रि जागरण में पुरूलिया की महिला छउ नृत्य टीम सुनीता महतो का गोराडीह के महावीर घटवार की टीम के साथ हुआ। सुनीता महतो की बालिका छउ नृत्य टीम ने अपने प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। मंडा पूजा को देखने के लिए आसपास के गांव से काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार व विशिष्ट अतिथि सिरका मुखिया रौशनलाल मुंडा व समाजसेवी साहेबराम महतो थे। अतिथि के रूप में केन्द्रीय मंडा पूजा समिति के संरक्षक स्वामी देवेन्द्र प्रकाश व महामंत्री उदय पासवान शामिल हुए। पूजा पुरोहित राजेन्द्र गोस्वामी व पाहन काला मुंडा, सोमरा मुंडा ने संपन्न कराया। संचालन अनुज गोस्वामी ने किया। जैलेन्द्र कुमार ने रात्रि जागरण अखाड़ा का उदघाटन किया। पूजा में 80 भोक्ता व 90 सोक्ताइन शामिल हुए। जैलेन्द्र कुमार ने कहा की मंडा पूजा झारखंड खासकर बंगाल व झारखंड से सटा हुआ छोटानागपुर इलाके का प्रमुख पर्व है। इस पूजा को सदियों से आदिवासी सहित यहां का सभी समाज मिलजुलकर करता आया है।

## वृद्ध हमारे सम्माननीय व समाज की नींव हैं : लीलावती महतो

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को नव विकास जागृति संस्था ने विक्सन आदर्श होम वृद्धा आश्रम में असहाय बुजुर्गों के बीच साड़ी,सॉल और फलों का वितरण किया। इस अवसर पर नव विकास जागृति संस्था के संस्थापक सह सचिव लीलावती महतो ने कहा की संस्था हमेशा समाज सेवा कर अन्य लोगों को ख़ास कर युवाओं को एक संदेश देना चाहती है कि उम्र के इस पढाव में जब इन बुजुर्गों को अपनों की जरूरत है वही इन्हे अकेलेपन का सामना करना पड रहा है। युवा इस बात का ध्यान दे की मात-पिता का दर्जा सबसे उपर है और साथ ही ग़रीबों असहायों को ज़रूरत की चीज मुहैया करवा कर लोगों की सेवा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृद्ध हमारे सम्माननीय और समाज की नींव हैं। बुजुर्गों का सम्मान बहुत जरूरी है। समाज में ऐसी विकृति आ गई है कि लोग अपने ही परिवार के मुखिया को वृद्धाश्रम में छोड़ देते हैं। कहा कि आज आश्रम में आकर उन्हें अहसास हुआ कि बुजुर्गों का आशीर्वाद बहुत जरूरी है। मौके पर मुख्य रूप से संस्था के सदस्य मौजूद थे।

## ओरामांझी मे कैफ मोटर्स यूज्ड कार शोरूम का भव्य उद्घाटन

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैफ मोटर्स यूज्ड कार शोरूम चकला मोड़ ओरामांझी,रांची का शानदार उद्घाटन किया गया.यूज्ड कार कैफ मोटर्स शोरूम का उद्घाटन शोरूम के संचालक मोहम्मद शकील निगार अख्तर ने फीता काटकर किया. यहाँ ग्राहकों को पुरानी कारों की खरीद और बिक्री के दौरान सुविधा, पारदर्शिता का वादा करती है. कैफ मोटर्स यूज्ड कार शोरूम 2000 वर्ग फुट में फैली है जिसमें 20 से अधिक वाहनों को प्रदर्शित किया जा सकता है. शो रूम के प्रोपराइटर मोहम्मद शकील और मोहम्मद कैफ ने बताया कि प्रतिष्ठान में सभी कंपनी की मॉडल के कर और स्कॉर्पियो के सभी रेंज यहां उपलब्ध है.सेल एवं सर्विस की सुविधा दी गई है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की पसंद और उनकी संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए चारपहिया वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। ग्राहकों को यहां सभी बैंकों से फाइनेंस की सुविधा इसके अलावा इंश्योरेंस पर सभी तरह के पेपरवर्क के साथ दी जाएगी. इस मौके पर अख्तर गद्दी, एजाज गद्दी, साहेब गद्दी, मोहम्मद कैफ गद्दी, अरबाज गद्दी समेत कई लोग मौजूद थे.

## भाजपा जिला इकाई उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे आज

**दुमका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में रह रहे वैध एवं अवैध पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सोमवार को भाजपा जिला इकाई द्वारा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसकी जानकारी भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू ने दी।

## वाहन के धक्के से अपनी शादी का निमंत्रण देकर लौट रहे युवक युवती घायल, भर्ती

**जरमुंडी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जरमुंडी-कैरबानी मुख्य मार्ग पर माछीटाड़ के पास शनिवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में युवक की पहचान जामा थाना क्षेत्र अंतर्गत सरैया गांव निवासी त्रिभुवन मुर्मू (24 वर्ष) और युवती का नाम अंजलि मरांडी बताया जाता है। दोनों घायल युवक युवती की अगले महीने शादी होनेवाली थी। दोनों अपनी शादी का निमंत्रण देने जरमुंडी थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव आए हुए थे। अपने रिश्तेदारों को निमंत्रण देकर दोनों बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इस दौरान माछीटाड़ के पास अज्ञात वाहन के ठोकर से बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे दोनों घायल हो गए। बाइक के पीछे बैठी युवती अंजलि मरांडी को गंभीर चोटें आई है। सड़क दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से दोनों को 108 एंबुलेंस सेवा द्वारा जरमुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर चिकित्सा हेतु दुमका भेज दिया गया है। अंजलि मरांडी की दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## ट्रेन के चपेट में आने से युवक की मौत

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी रांची रेल खंड पर किता वो सिल्ली स्टेशन के बिच डाउन लाइन पर पोल संख्या 35/370 के समीप ट्रेन की चपेट में आने से कोंचाजारा निवासी रंजीत महतो (20) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के रिम्स भेज दिया।थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि हत्या या आत्महत्या यह जांच के बाद ही पता चल पाएगा। फिलहाल मामले की छानबीन चल रही है। मृतक के पिता रामधन महतो ने बताया कि रंजीत महतो जमशेदपुर के निजी कंपनी में कार्य करता था पिछले कई दिन पूर्व छुट्टी पर घर आया था। सुबह किसी काम को लेकर बाजार जाने की बात कह कर घर से निकला था। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केडी नेहरू क्लब में सर्व ब्राह्मण महासभा खलारी पिपरवार के द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया. इस जन्मोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार तिवारी ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भगवान परशुराम की विधिवत पूजा अर्चना और आरती की गई.इसके बाद उपस्थित सर्व ब्राह्मण महासभा के सभी सदस्यों ने बारी-बारी से जाकर भगवान परशुराम के चित्र पर फूल चढ़ाकर पूजा किया. कार्यक्रम के दौरान अमित मिश्रा, प्रिंसी पांडय, पीहू पांडेय,अर्श मिश्रा, अक्षित मिश्रा, विश्वजीत घोषाल, प्राची पांडेय, दिव्यानि पांडेय समेत अन्य बच्चों ने भगवान परशुराम पर आधारित गीत प्रस्तुत किया. कार्यक्रम के दौरान सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से क्षेत्र के सभी मंदिरों में पूजा करने वाले पुजारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया. इसके साथ ही कार्यक्रम में शामिल होने वाले सैकड़ों ब्राह्मण परिवारों के बीच भगवान परशुराम की तस्वीर भेंट की गई. परशुराम जयंती कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित सभी वक्ताओं ने उनके जीवन और पराक्रम की गाथा की जानकारी दी.सर्व ब्राह्मण महासभा के संरक्षक मंडली के सतीश कुमार पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा ब्राह्मण समाज के पुरोधा थे भगवान परशुराम, उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज के लोगों को संस्कारों पर अडिग होकर निभाने और सभी को एक सूत्र में संगठित रहने की अपील की. उन्होंने कहा कि ब्राह्मणों का जन्म समाज कल्याण के लिए हुआ है इसलिए समाज की सभी लोगों के सहयोग में आगे रहना है.बी एन पांडेय ने कहा कि भगवान परशुराम जी के बताएं मार्ग पर चलते हुए समाज के उत्थान के लिए कार्य करने की जरूरत है. सभी विधाओं से परिपूर्ण भगवान परशुराम क्रोधी के साथ-साथ पराक्रमी के रूप में भी देवताओं के बीच में जाने जाते थे. जन्मोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर क्षेत्र के सभी ब्राह्मणों को एकजुट होने का अवसर मिला है. जितेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि भगवान परशुराम भगवान बिष्णु के अवतार हैं जो हमेशा पुजनीय हैं.संचालन अवधेश उपाध्याय व दिनेश पांडेय उर्फ घंटू ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विकास दुवे ने की. इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष नव कुमार बनर्जी, राजीव मिश्रा, एस एन तिवारी, अनिल कुमार कुंवर, निशा कुमारी, मिथिलेश शर्मा, रवि भारद्वाज, सोनु पांडेय, अनिल कुमार पांडेय, धीरेंद्र कुमार शर्मा, एसके दुबे, अजय दुबे, बीबी पांडेय, पंकज कुमार मिश्रा, गिरधर तिवारी,मुकेश पांडेय, रमेश शर्मा, पुष्पा देवी, आशीष कुमार तिवारी, अजय कुमार दुबे, सोनु तिवारी, मनीष तिवारी, जसवंत पांडेय, बाल्मिकी दुबे, अवधेश पाण्डेय, शंभू नाथ पांडेय, अजय शुक्ला, अभिमन्यु तिवारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## ऋतिक-राकेश रोशन मोबिल 1 की नई विज्ञापन फिल्म में पहली बार एक साथ पर्दे पर




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, जो भारत में मोबिल टीएम ब्रांड के लुब्रिकेंट्स बेचती है, ने आज अपने 'अनफॉरगेटेबल जर्नीज़' कैंपेन की नई विज्ञापन फिल्म लॉन्च की। इस फिल्म में बॉलीवुड सुपर स्टार ऋतिक रोशन नजर आएंगे और इसमें दुनिया के अग्रणी सिंथेटिक इंजन ऑयल ब्रांड मोबिल 1 टीएम को प्रमुखता से दिखाया गया है। यह विज्ञापन ऋतिक के जुनून, भारत जैसे देश के सपने देखने वाले और मेहनती लोगों की सोच और मोबिल 1 टीएम के शानदार प्रदर्शन को एक साथ जोड़ता है। ये तीनों बातें एक समान भावना से जुड़ी हैं, कुछ अलग और बेहतर करने की लगातार चाह। इस नई फिल्म की खास बात यह है कि इसमें पहली बार ऋतिक रोशन अपने पिता, मशहूर फिल्म निर्माता और निर्देशक राकेश रोशन के साथ स्क्रीन पर दिखाई दे रहे हैं। ऋतिक की पहली सुपरहिट फिल्म 'कहो ना प्यार है' को 25 साल पूरे हो गए हैं। यह कैंपेन उनके कभी न रुकने वाले जोश और यादगार परफॉर्मेंसेस की तलाश को सलाम करता है। ऋतिक की यह यात्रा भारत जैसे देश की भी कहानी है, जहां सपने देखने वाले हर चुनौती का सामना करते हैं और मेहनती लोग अपने सपनों को साकार करते हैं।

## करीम सिटी कॉलेज में इग्नू का इंडक्शन कार्यक्रम संपन्न



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** करीम सिटी कॉलेज, साकची स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र में रविवार को जनवरी 2025 सत्र के नवनामांकित छात्रों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक डॉ. एसएम यहिया इब्राहीम ने किया, जिन्होंने छात्रों का स्वागत करते हुए इग्नू की शिक्षण पद्धति, पाठ्यक्रम की उपलब्धता (हार्ड व सॉफ्ट कॉपी), परीक्षा समय-सारणी (जून और दिसंबर), कक्षाएं (18 मई से प्रारंभ) एवं कार्यालय समय की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सहायक स्टाफ जमशेद अली, शमीम अहमद और जावेद अली का परिचय भी कराया। कार्यक्रम को डॉ. संध्या सिंहा और प्रो. एके दाश ने भी संबोधित किया, जबकि डॉ. मोहम्मद शाहनवाज ने असाइनमेंट, परीक्षा फॉर्म और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही।

## जोड़सा शक्तिश्वर शिव मंदिर में भोक्ता घूरा कार्यक्रम



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा के जोड़सा शक्तिश्वर शिव मंदिर प्रांगण में सोलोआना कमेटी की ओर से हर साल की भांति इस साल भी तीन दिवसीय वार्षिक चड़क मेला का आयोजन किया गया है। दूसरे दिन रविवार को भोक्ता घूरा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके लिए कमेटी की ओर से एक खूंटा गाड़ा गया था। बाबा भोलेनाथ के प्रति आस्था दिखाते हुए दोपहर से देर शाम तक कई युवाओं ने पीठ में लोहे का कील लगाकर 40 फीट की ऊंचाई पर आसमान में लकड़ी के सहारे चक्कर लगाया। इस दौरान भोक्ताओं ने बूढ़ा बाबा है तुमारी भरोसा, पीठे आछे जोड़ा कांटा देखबी तामाशा जैसी गीत पर करतब दिखाए। मेला में आसपास के गांवों से हज़ारों की संख्या में लोग शामिल हुए। मेला को सफल बनाने में ग्राम प्रधान नवीन सिंह, श्यामपद सिंह, पंचानन दास, देवेंद्र कुंभकार, अक्षय कुंभकार, प्रवीर कुंभकार समेत अन्य लोग सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

## सुधीर कुमार पप्पू ने भाजपा के खिलाफ लगाया लाश पर राजनीति करने का आरोप



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** समाजवादी चिंतक और अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने भाजपा नेताओं को लाश पर राजनीति करने की कड़ी आलोचना की। एमजीएम अस्पताल में शनिवार को हुई छज्जा और छत गिरने की घटना को लेकर पप्पू ने कहा कि हर मौत देश के लिए नुकसानदेह है और उसे राजनीतिक लाभ के लिए नहीं इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उन्होंने भवन निर्माण विभाग के अभियंताओं को दोषी ठहराया और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। साथ ही, अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारियों को भी जिम्मेदार ठहराया। पप्पू ने मृतकों के परिजनों को मुआवजा नहीं, बल्कि सरकारी नौकरी देने की सलाह दी। पप्पू ने भाजपा नेताओं पर दोहरे मापदंड का आरोप लगाया। उनका कहना था कि जब राज्य में सवाल उठाए जाते हैं तो सही माना जाता है, लेकिन केंद्र में सवाल पूछने पर प्राथमिकी दर्ज कर दी जाती है।

## युवा कांग्रेस ने दी कांग्रेस कार्यकर्ता मो. मुख्तार आलम को श्रद्धांजलि



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता और चार पहिया वाहन के प्रसिद्ध मैकेनिक मो. मुख्तार आलम उर्फ कस्सू के निधन पर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा कि मो. मुख्तार आलम उर्फ कस्सू के निधन से कांग्रेस पार्टी को बड़ी क्षति हुई है। वे पार्टी के पुराने और सक्रिय सदस्य थे, साथ ही चार पहिया वाहन के क्षेत्र में एक अनुभवी मिस्त्री के रूप में भी प्रसिद्ध थे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सांसद प्रतिनिधि बलभद्र महतो, विधानसभा अध्यक्ष राजाराम पाड़ेया, बीस सूत्री सदस्य कन्हैयालाल सामड, सौरभ तांती, रामचंद्र लोहार, बरजू लोहार, करन हेंब्रम, सुखलाल होनहागा व वीरेंद्र नायक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## कुमारेश के 125 वें एसडीपी रक्तदान के जरिए टीम पीएसएफ का आंकड़ा पहुंचा 1561



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सबसे बड़ा एसडीपी रक्तदान अभियान चलाने वाली संस्था प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन का आंकड़ा रविवार को 1561 पहुंच गया। इसमें कुमारेश हाजरा ने सबसे तेज युवा 125 वां रक्तदान करने वाले रक्तवीर योद्धा का खिताब अपने नाम कर लिया। कुमारेस ने अपने इस कीर्तिमान को पहलगांव में प्राण गंवाए लोगों के नाम समर्पित कर दिया। एसडीपी रक्तदान करने वालों में कमल कुमार घोष, शुभोजीत मजूमदार, पी रामाकृष्णन, शुभेंदु मुखर्जी, उत्तम कुमार गोराई, सुनील आनंद, पी आनन्द, अजित कुमार भगत, आनन्द प्रसाद, सचिन मिश्रा शामिल थे। सभी रक्तवीरों को रक्तदान करने के पश्चात प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित रहे टीम पीएसएफ के निर्देशक अरिजीत सरकार, धनंजय कुमार व रवि शंकर पात्रो।

# एमजीएम हादसा, मंत्री बोले : नहीं बख्शे जाएंगे दोषी

**स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, सरकार ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की, विपक्ष ने लापरवाही का आरोप लगाया**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शनिवार शाम एमजीएम अस्पताल में हुए हादसे ने पूरे शहर को झकझोर दिया। तीसरी मंजिल स्थित मेडिसिन विभाग के कॉरिडोर का छज्जा अचानक भरभराकर गिर पड़ा। हादसे में डेविड जॉनसन (73), लुकास साइमन तिर्की (61) और श्रीचंद तांती (65) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रेणुका देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी रात 11ः30 बजे जमशेदपुर पहुंचे और सीधे अस्पताल पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री के साथ शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, पोटका के विधायक संजीव सरदार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और घायलों से मिलकर हालचाल जाना। मंत्री ने कहा, यह हादसा नहीं, एक लापरवाही का परिणाम है। सरकार इसे बेहद गंभीरता से ले रही है। एमजीएम जैसे प्रतिष्ठित अस्पताल में इस तरह की घटना अस्वीकार्य है। दोषियों की जिम्मेदारी तय कर उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि सरकार ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने का निर्णय लिया है। साथ ही, तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर 72 घंटे के भीतर रिपोर्ट मांगी गई है।

मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य के तमाम सरकारी अस्पतालों की संरचनात्मक जांच की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जाएं।

उधर, भाजपा ने सरकार पर सीधा हमला बोला। रघुवर दास ने कहा, यह हादसा सरकार की घोर लापरवाही का नतीजा है। बाबूलाल मरांडी ने दोषियों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को जर्जर छज्जे की जानकारी पहले से थी, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## घायल मरीजों और परिजनों के साथ सरकार खड़ी है : रामदास सोरेन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** एमजीएम अस्पताल में छत गिरने की घटना पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने रविवार को कहा कि यह अत्यंत दुखद और चिंताजनक घटना है। सरकार घायलों और उनके परिजनों के साथ हर कदम पर खड़ी है। उन्होंने शनिवार देर रात और रविवार सुबह अस्पताल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने घायलों से मिलकर उनका हालचाल जाना और जिला प्रशासन को बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मंत्री के साथ पोटका विधायक संजीव सरदार, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, पूर्व विधायक कुणाल सारंगी और पूर्व सांसद सुमन महतो भी मौजूद रहे। श्री सोरेन ने कहा कि दोषियों पर कार्रवाई तय है और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## पटमदा बस्ती में कुएं में गिरा सांड़, रात 8 बजे तक चलता रहा रेस्क्यू

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** पटमदा थाना से सटे पटमदा बस्ती में शनिवार की शाम को करीब 70 साल पुराने कुएं में एक सांड़ गिर गया है। वह फिलहाल सुरक्षित है और ग्रामीणों के द्वारा उसे घास व पुआल आदि खाने के लिए दिया गया है। इस बात की जानकारी ग्रामीणों को रविवार की सुबह हुई। गांव के राजू महतो ने बताया कि यह सिंचाई कुआं कालीपद महतो व धनंजय महतो की जमीन पर बना है। कुएं का इस्तेमाल पिछले करीब दो दशक से नहीं हो रहा है। वर्तमान में करीब 20 फीट गहरा यह कुआं पानी विहीन है। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह सांड़ पहले बेलटांड़ के एक खटाल में था। इस दौरान कई लोगों पर हमला करके बुरी तरह से घायल कर देने के बाद खटाल मालिक ने छोड़ दिया जो भटककर शनिवार को पटमदा बस्ती पहुंच गया और बारिश के कारण संभवतः पैर फिसल जाने से कुएं में गिर गया। ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर शाम करीब साढ़े 5 बजे जेसीबी मशीन लेकर पहुंची पटमदा पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से करीब ढाई घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाया लेकिन इसमें कोई सफलता नहीं मिली। ग्रामीणों का कहना है कि दो व्यक्ति रस्सी के सहारे कुएं के अंदर नीचे उतरे थे लेकिन सांड़ द्वारा हमला करने से रेस्क्यू अभियान को बीच में ही रोक देना पड़ा। बताते हैं कि सोमवार को फिर एक बार प्रयास किया जाएगा।

## दसवीं की नेशनल टॉपर शांभवी को शिक्षा मंत्री ने किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** लोयोला स्कूल, जमशेदपुर की छात्रा शांभवी जायसवाल ने आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में पूरे देश में पहला स्थान हासिल कर जिले और राज्य को गौरवान्वित किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर रविवार को शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन शांभवी के आवास पहुंचे और उन्हें टैब भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पोटका विधायक संजीव सरदार, बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू , झामुमो नेता शेख बदरुद्दीन व कालीपद गोराई भी मौजूद थे। सभी जनप्रतिनिधियों ने शांभवी को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शांभवी की सफलता पर परिजन भावुक नजर आए। उन्होंने इसे मेहनत और अनुशासन का परिणाम बताया।

## धुनाडीह-नीमडीह पथ निर्माण में अनियमितता, विधायक गागराई ने जताई नाराजगी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**खरसावां :** सरायकेला-खरसावां जिले के कुचाई प्रखंड अंतर्गत धुनाडीह से नीमडीह और तोरंबा से अतरा तक सड़क निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। इस योजना का निरीक्षण विधायक दशरथ गागराई ने किया और निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताई। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 96 करोड़ रुपये की लागत से धुनाडीह से नीमडीह (6.375 किमी) और 3.92 करोड़ रुपये की लागत से तोरंबा से अतरा (5.4 किमी) तक सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि निर्माण कार्य में भारी खामियां हैं। सड़क की ब्लैक टॉपिंग की परत अत्यंत पतली है और पीसीसी पथ में कई स्थानों पर दरारें आ चुकी हैं। साथ ही, लगभग 9 से 10 स्थानों पर बनाए गए कल्वर्ट और पुलिया बेहद घटिया गुणवत्ता के हैं, जो मामूली बारिश में भी क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। ग्रामीणों ने विधायक से ठेकेदार की मनमानी और निर्माण मानकों की अनदेखी की शिकायत की। विधायक गागराई ने मौके पर मौजूद अभियंताओं को फटकार लगाते हुए कहा कि निर्माण कार्य में सुधार किया जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ठेकेदारों और अधिकारियों को किसी भी कीमत पर लूट की छूट नहीं दी जाएगी। विधायक ने कहा, यह सड़क न केवल धुनाडीह और नीमडीह, बल्कि आसपास के कई गांवों के लिए महत्वपूर्ण है। यदि निर्माण कार्य में सुधार नहीं किया गया, तो ग्रामीणों को लंबे समय तक कठिनाई होगी। निरीक्षण के दौरान अजय तिर्की, एइ धीरज स्वांसी, जेई जैक टुडू समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिचौलिए के खिलाफ श्रमिक संघ जेएमएम करेगा आंदोलन : शैलेन्द्र मैथी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के छोटा चुनचुड़िया के उद्योग भवन में रविवार को झारखंड श्रमिक संघ जेएमएम के केन्द्रीय संयुक्त महासचिव शैलेन्द्र कुमार मैथी के नेतृत्व में असंगठित श्रमिकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सैकड़ों महिला पुरुष श्रमिक उपस्थित हुए। मौके पर शैलेन्द्र कुमार मैथी ने कहा कि झारखंड सरकार श्रमिकों के लिए बहुत सारी कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। श्रमिकों को जानकारी के अभाव में लाभ नहीं मिल पाता है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं में बिचौलिए हावी हैं। मैथी मजदूरों के शोषण पर जमकर बरसे और कहा कि बिचौलिए मजदुरों का हक छीनने की कोशिश ना करें। उन्होंने कहा कि बिचौलिए झारखंड सरकार को बदनाम करने में लगे हुए हैं, जो श्रमिक संघ जेएमएम बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को लेकर जल्द ही बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी योजना तैयार की जा रही है। कई महिला श्रमिकों को मंईयां सम्मान योजना से भी वंचित रखा गया है। चारों और खनिज सम्पदा की लूट जारी है। अंधाधुंध जंगलों में लकड़ी कटाई, हाथियों का उत्पात, अवैध शराब चुलाई हो रहा है। विस्थापितों का शोषण हो रहा है । उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार फिसड्डी साबित हो रही है। मौके प्रखंड संयोजक सुधाकर गोप, भरत सिंह मुण्डा, रमेश चंद्र रेवानी, पूर्व मुखिया भीष्मदेव महतो, विजय लोहरा, बुद्धेश्वर लोहरा, वार्ड सदस्य कौशल्या महतो, सावित्री देवी, प्रतिमा महतो व कुंज देवी सहित सैकड़ों श्रमिक उपस्थित थे।

## झारखंड बंगाली एसोसिएशन ने मनाया वर्ष बरन उत्सव, शामिल हुए शेखर डे

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** झारखंड बंगाली एसोसिएशन, जमशेदपुर शाखा ने रविवार को भालुबासा जोरा मंदिर सभागार में वर्ष बरन उत्सव 1432 का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ रवीन्द्र संगीत एसो ओ बैशाख एसो से हुआ, जिसे सुपर्णा सेनशर्मा, देवयानी दत्ता और दीपा ने सामूहिक गायन के साथ प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्रीलेदर्स के पार्टनर सह समाजसेवी शेखर डे और सलाहकार निखिल दत्ता ने कार्यक्रम को संबोधित किया और शुभकामनाएं दीं। इस सांस्कृतिक संध्या में श्यामल सील, निसार अमीन, रमा मुखर्जी ने अपनी कविताओं से समां बांधा। संगीत के क्षेत्र में शर्मिष्ठा धर, आरती सेन, एका घोष और अनीता चक्रवर्ती ने उत्कृष्ट प्रस्तुतियाँ दीं, जबकि तबला संगत पर सरोज सेन ने समा बांध दिया। कार्यक्रम ने क्षेत्रीय कला और संस्कृति को प्रमोट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज और जिला पुलिस ने किया कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता




**जमशेदपुर :** मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज (एमटीएमसी) ने पूर्वी सिंहभूम पुलिस के साथ मिलकर पुलिस लाइन में एक सर्वाइकल और स्तन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। यह पहल पुलिस कर्मियों को कैंसर के बारे में जागरूक करने और स्वास्थ्य जांच प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। कार्यक्रम का मार्गदर्शन केएमसी मणिपाल की पूर्व छात्रा और एसएसपी की पत्नी डॉ. आस्था रमन ने किया। इस अवसर पर एमटीएमसी के डॉक्टरों ने सर्वाइकल और स्तन कैंसर के जोखिम कारकों, लक्षणों और रोकथाम उपायों पर चर्चा की। कार्यक्रम में लगभग 100 पुलिस कर्मियों ने भाग लिया और 230 से अधिक लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्राप्त हुआ। इस शिविर में रक्तचाप माप, बीएमआई आकलन, रक्त शर्करा परीक्षण जैसी बुनियादी स्वास्थ्य जांच सेवाएं प्रदान की गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशोर कौशल (आईपीएस) ने एमटीएमसी के प्रयासों की सराहना की। यह पहल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और रोकथाम में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण साबित हुई।

# सीएम के नेतृत्व में हर गांव में पहुंच रही विकास की रोशनी : संजीव सरदार

**पोटका विधायक ने चार योजनाओं का शिलान्यास किया**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पोटका प्रखंड अंतर्गत तेंतला, नारदा, फोड़ा और धिरौल पंचायतों में रविवार को जिला अनाबद्ध निधि एवं आदिवासी कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत चार अति महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पोटका विधायक संजीव सरदार ने विधिवत रूप से नारियल फोड़कर इन योजनाओं का शिलान्यास किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक संजीव सरदार ने कहा कि झारखंड की पूर्ववर्ती सरकारों ने राज्य की खनिज संपदा को केवल लूटने का काम किया जबकि वर्तमान सरकार के नेतृत्व में गांव-गांव में विकास की किरणें पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांगों को ध्यान में रखते हुए इन योजनाओं को मंजूरी दी गई है, चुनाव के वक्त ग्रामीणों से वादा किया था कि उनकी हर मांग पूरी करूंगा और अब उनके सम्मान में सभी विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जा रहा है। विधायक ने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकारी



योजनाओं के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि योजनाएं तभी सफल होंगी जब ग्रामीण जागरूक रहेंगे और कार्यों की निगरानी करेंगे। किसी भी तरह की अनियमितता होने पर ग्रामीण अपनी शिकायत उनके समक्ष रख सकते हैं ।

**इन चार योजनाओं का हुआ शिलान्यास :**

1. तेंतला पंचायत (भूरसाडीह) : पीसीसी पथ निर्माण जिसकी प्राक्कलित राशि 22 लाख 39 हजार 400 है।
2. नारदा पंचायत (लेढ़ोकोचा) : धूमकुड़िया भवन निर्माण जिसकी प्राक्कलित राशि 33 लाख 15 हजार 200 है।
3. फोड़ा तेंतला पंचायत (हितबासा) : धूमकुड़िया भवन निर्माण जिसकी प्राक्कलित राशि 33 लाख 15 हजार 200 है।
4. धिरौल पंचायत (दाबांकी मांगों से एदलगाजाड़ तक) : पीसीसी पथ निर्माण। जिसकी प्राक्कलित राशि 40 लाख 26 हजार 800 है।

समारोह में पूर्व पार्षद हीरामणी मुर्मू, मुखिया मीरु सरदार, ग्राम प्रधान श्याम चरण सरदार, वकील बास्के, नरसिंह सरदार, श्याम चरण हांसदा, उदय बास्के, बोरो हांसदा, बास्ता हेंब्रम, महेश्वर बास्के, प्रदीप सिंह, हिमांशु सिंह, विश्वनाथ सोरेन, चिन्मय गोप, कीनू हांसदा और राजाराम बास्के सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

संपादकीय

# जातीय गणना का 'समाजवाद'

**प्रधानमंत्री** मोदी जाति जनगणना की मांग करने वालों को 'अर्बन नक्सल' करार देते थे। अब वह खुद को और 'सुपर कैबिनेट' के सदस्यों को क्या कहेंगे, जिन्होंने जनगणना में ही जातियों को गिनने का अचानक फैसला लिया है? उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आज भी मानना है कि जातीय गणना 'तालिबानी मानसिकता' है और यह दलितों को आरक्षण से वंचित करने की कोशिश है। प्रधानमंत्री इस बयान पर क्या टिप्पणी करेंगे? भाजपा और संघ में जाति जनगणना को लेकर कुछ असमंजस जरूर थे, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में जातीय ध्रुवीकरण ऐसा सामने आया कि उप्र में भाजपा 80 में से 33 सीटों पर ही अटक गई, नतीजतन लोकसभा में सामान्य बहुमत नहीं पा सकी। केंद्र में गठबंधन सरकार बनानी पड़ी। हालांकि 2014 के बाद ओबीसी और दलित भाजपा के नए समर्थन-आधार बने। भाजपा 'ब्राह्मणों-बनियों की पार्टी' नहीं रही। ओबीसी ने 2024 के संसदीय चुनाव में भाजपा को 42 फीसदी से अधिक वोट दिए, लेकिन दलित भाजपा के पक्ष में आते-जाते रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद संघ और भाजपा के भीतर ऐसे विश्लेषण किए गए कि नए जातीय आधार तय किए जाएं। जातियों को उनकी संख्या के आधार पर शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, आवास आदि क्षेत्रों की सुविधाएं और जातीय हिस्सेदारी भी सुनिश्चित की जाए। यह भी आकलन सामने आया कि अब जातियों, उपजातियों के प्रभाव और जनादेश को नजरअंदाज करना संभव नहीं है, लिहाजा जाति जनगणना के फैसले पर सरकार आई। अभी यह तय नहीं है कि किस आधार पर जाति जनगणना कराई जाए। यह जरूर निश्चित है कि जिस तरह 2011 की सामाजिक-आर्थिक जातीय जनगणना के बाद 46 लाख से अधिक जातियां सामने आई थीं, कमोबेश उस आधार पर जनगणना नहीं कराई जाएगी। 1931 की जनगणना के दौरान गिनी गई जातियों की कुल संख्या 4147 थी। इतना अंतर कैसे आ गया? 2011 की जनगणना के निष्कर्षों को सार्वजनिक भी नहीं किया गया। बहरहाल आरक्षण पर भाजपा की सोच अलग रही है। जाति जनगणना का मकसद सीधे आरक्षण से जुड़ा है। 1990 के चुनाव घोषणापत्र में भाजपा ने लिखा था कि आरक्षण आर्थिक आधार पर होना चाहिए। अब जाति जनगणना के बाद जो संख्या सामने आएगी, सभी को आरक्षण और हिस्सेदारी देना संभव नहीं होगा। भाजपा-संघ की बुनियादी दृष्टि यह है कि जातियों की गणना और उन्हें अलग-थलग करने से कितना राजनीतिक लाभ होगा और देश में सामाजिक ताना-बाना भी बरकरार रहेगा। दरअसल जाति जनगणना न तो भाजपा, कांग्रेस और न ही सपा, बसपा, राजद, जनता दल-यू सरीखे क्षेत्रीय दलों के लिए 'समाजवाद' है। सामाजिक न्याय और समरसता भी राजनीतिक नारे हैं। 1990 में मंडल आयोग की रपट के बाद ओबीसी को शिक्षा, नौकरी में आरक्षण तय किया गया। दक्षिण के राज्यों को छोड़ कर शेष भारत में यह आरक्षण 27.5 फीसदी है। आरक्षण के नतीजतन कुछ ओबीसी समृद्ध होने लगे और मुख्यधारा में भी आए। ओबीसी की सियासत के आधार पर छोटे-छोटे राजनीतिक दल भी बने। कुछ आज भी अस्तित्व में हैं। मंडल के समानांतर कमंडल राजनीति भी शुरू हुई, लिहाजा भाजपा देश और सदन में सबसे बड़ी पार्टी बन गई।

> प्रधानमंत्री इस बयान पर क्या टिप्पणी करेंगे? भाजपा और संघ में जाति जनगणना को लेकर कुछ असमंजस जरूर थे, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में जातीय ध्रुवीकरण ऐसा सामने आया कि उप्र में भाजपा 80 में से 33 सीटों पर ही अटक गई, नतीजतन लोकसभा में सामान्य बहुमत नहीं पा सकी। केंद्र में गठबंधन सरकार बनानी पड़ी। हालांकि 2014 के बाद ओबीसी और दलित भाजपा के नए समर्थन-आधार बने। भाजपा 'ब्राह्मणों-बनियों की पार्टी' नहीं रही। ओबीसी ने 2024 के संसदीय चुनाव में भाजपा को 42 फीसदी से अधिक वोट दिए, लेकिन दलित भाजपा के पक्ष में आते-जाते रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद संघ और भाजपा के भीतर ऐसे विश्लेषण किए गए कि नए जातीय आधार तय किए जाएं। जातियों को उनकी संख्या के आधार पर शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, आवास आदि क्षेत्रों की सुविधाएं और जातीय हिस्सेदारी भी सुनिश्चित की जाए। यह भी आकलन सामने आया कि अब जातियों, उपजातियों के प्रभाव और जनादेश को नजरअंदाज करना संभव नहीं है, लिहाजा जाति जनगणना के फैसले पर सरकार आई।

### भारतीय नौसेना को फ्रांस द्वारा 26 राफेल मरीन फाइटर जेट उपलब्ध कराए जायेंगे, तथा इनमें से 22 फाइटर जेट सिंगल-सीटर होंगे

# अपनी सैन्य क्षमताओं में वृद्धि कर रहा भारत !

सुनील कुमार महला

> भारत और फ्रांस ने हाल ही में राफेन मरीन विमान के ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं और दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों ने इस डील को हरी झंडी भी दिखा दी है। गौरतलब है कि आईजीए पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस के सशस्त्र सेना मंत्री सेबास्टियन लेकोर्नु ने हस्ताक्षर किए। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह भारत की फ्रांस के साथ अब तक की सबसे बड़ी डिफेंस डील है, जिसके अंतर्गत भारत, फ्रांस से 26 राफेल मरीन विमान खरीदेगा।

**भारत** अपनी सैन्य क्षमताओं में लगातार वृद्धि कर रहा है। इस क्रम में यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि भारत और फ्रांस ने हाल ही में राफेन मरीन विमान के ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं और दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों ने इस डील को हरी झंडी भी दिखा दी है। गौरतलब है कि आईजीए पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस के सशस्त्र सेना मंत्री सेबास्टियन लेकोर्नु ने हस्ताक्षर किए। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह भारत की फ्रांस के साथ अब तक की सबसे बड़ी डिफेंस डील है, जिसके अंतर्गत भारत, फ्रांस से 26 राफेल मरीन विमान खरीदेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों देशों (भारत-फ्रांस) के बीच यह डील 63000 करोड़ रुपए में साइन की गई है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस राफेल डील में हथियार, उपकरण, स्पेयर पार्ट्स और क्रू ट्रेनिंग और लॉजिस्टिक सपोर्ट भी शामिल होगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत की फ्रांस से 26 राफेल एम (मरीन) की खरीद के समझौते पर हुए हस्ताक्षर रणनीतिक रूप से बहुत ही महत्वपूर्ण है। भारत और फ्रांस के बीच जो डील (सौदा) हुआ है उसके मुताबिक भारतीय नौसेना को फ्रांस द्वारा 26 राफेल मरीन फाइटर जेट उपलब्ध कराए जायेंगे, तथा इनमें से 22 फाइटर जेट सिंगल-सीटर होंगे। वहीं, नौसेना को चार ट्विन-सीटर वेरिएंट के ट्रेनिंग राफेल विमानों की डिलीवरी भी दी जाएगी। कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत और फ्रांस के बीच यह सौदा ऐसे समय में हुआ है जब भारत ने आतंकवाद के खिलाफ (पहलगाम हमले के बाद) सख्त रुख अपनाया है, जिसके चलते पाकिस्तान में काफी बैचेनी है। पाकिस्तान इन दिनों नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी कर रहा है और भारतीय सेना पाकिस्तान को करारा जवाब दे रही है। इसी बीच भारतीय नौसेना के बेड़े में राफेल विमान शामिल हो जाने से भारत की शक्ति और अधिक बढ़ जाएगी। गौरतलब है यह देश के नौसैनिक बलों के लिए पहला बड़ा लड़ाकू विमान अपग्रेड है। हालाँकि, यह बात अलग है कि अभी इन विमानों की डिलीवरी में कुछ वर्षों का समय लगेगा। जानकारी के अनुसार पहले राफेल (एम) फाइटर जेट की डिलीवरी वर्ष 2028-29 में होगी। इसके बाद वर्ष 2031-32 तक नौसेना को सभी विमानों की आपूर्ति कर दी जाएगी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इन्हें (राफेल विमानों को) मुख्य रूप से, स्वदेशी रूप से निर्मित विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य पर तैनात किए जाएंगे। वास्तव में



इन विमानों को युद्ध पोत पर तैनात करने के हिसाब से ही डिजाइन किया गया है तथा फ्रांस की सेना पहले से ही इनका इस्तेमाल कर रही है। इससे (इस सौदे से) जहां एक ओर भारत जहां हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की गतिविधियों पर नजर रख सकेगा। वहीं, दूसरी ओर भारत पाकिस्तान की हरकतों का भी मुंहतोड़ जवाब और अधिक शक्ति से दे सकेगा। इन विमानों की सहायता से भारत न केवल पाकिस्तान बल्कि पड़ौसी चीन के नापाक मंसूबों पर भी भारत पानी फेर सकेगा, जैसा कि चीन भी समय समय पर सीमा पर भारत को आंख दिखाता रहता है और घुसपैठ की वारदातों को अंजाम देता रहता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इससे भारतीय नौसेना की समुद्री हमले की क्षमताओं को और अधिक मजबूती मिल सकेगी। गौरतलब है कि भारतीय वायुसेना के पास भी राफेल विमानों के बेड़े है। वास्तव में, भारत के पास पहले से ही 36 राफेल विमान हैं। पाठकों को बताता चलूं कि साल 2016 में ही इन विमानों के लिए फ्रांस की कंपनी के साथ डील हुई थी तथा भारत की फ्रांस के साथ इस नई डील के बाद भारत में राफेल की संख्या बढ़कर 62 हो जाएगी। आज भारत 'मेक इन इंडिया' पर लगातार जोर दे रहा है। पाठकों को बताता चलूं कि भारत ने पिछले एक दशक में अपनी सैन्य ताकत को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत विकसित किए गए घातक हथियार न केवल भारत की सुरक्षा को मजबूती प्रदान करते हैं, बल्कि पड़ोसी देशों विशेषकर पाकिस्तान और चीन के लिए एक बड़ी चुनौती भी पेश करते हैं। यदि हम यहां पर भारत की स्वदेशी हथियार प्रणालियों की बात करें तो इनमें क्रमशः अग्नि-V मिसाइल (8,000 किमी तक मार करने की क्षमता), ब्रह्मोस (दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक मिसाइल), एच एसटीडीवी (7 मैक गति वाली हाइपरसोनिक मिसाइल), प्रलय मिसाइल (दुश्मन के बंकरों और कमांड सेंटरों के लिए घातक), निर्भय क्रूज मिसाइल (छुपकर हमला करने में माहिर), के-9 वज्र (स्वचालित तोपों का राजा), पिनाका (बारूद की बारिश करने वाला सिस्टम), अर्जुन टैंक (जमीनी युद्ध का विशेषज्ञ), एंटी-सैटेलाइट मिसाइल (अंतरिक्ष में दबदबा) शामिल हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भारत रक्षा ही नहीं बल्कि हर क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' की ओर बढ़ रहा है। आधुनिक हथियारों (अस्त्र-शस्त्र) का निर्माण आज भारत में होने लगा है और भारत इनका निर्यात भी करने लगा है, लेकिन हमारी सैन्य सामग्री की आवश्यकताओं के चलते अब भी अरबों रुपयों की खरीद (हथियारों/विमानों) विदेशों से करना जरूरी है। यही कारण है कि साल 2016 में फ्रांस से 60,000 करोड़ रुपयों में 36 मल्टीरोल राफेल लड़ाकू विमान खरीद लेने के नौ साल बाद अब साल 2025 में भारत ने एक नये रक्षा सौदे के अंतर्गत फ्रांस से ही 26 राफेल एम विमानों की खरीद पर 63,000 करोड़ रुपये खर्च करने का समझौता किया है। वास्तव में, भारतीय पोतों और उनके कार्मिकों की सुरक्षा तथा अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप एवं हजारों मीलों तक फैले तटीय क्षेत्र की सुरक्षा के लिए भारतीय नौसेना की क्षमता में लगातार वृद्धि जरूरी है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि आज की तारीख में दुनिया के नौ देशों के पास परमाणु हथियार हैं और इन नौ देशों में रूस, अमेरिका, चीन, भारत, पाकिस्तान, फ्रांस, यूके, फ्रांस, इजराइल और उत्तर कोरिया शामिल हैं। एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक में छपी एक खबर के अनुसार ग्लोबल फायरपावर 2025 के अनुसार, दुनिया के 145 शक्तिशाली देशों की सूची में चीन तीसरे स्थान पर है, वहीं भारत का स्थान चौथा है। यहां पर यदि हम आंकड़ों की बात करें तो भारतीय सेना के पास 4201 टैंक हैं। वहीं, चीनी सेना के पास 6800 टैंक हैं। भारतीय सेना के पास 148594 आर्मर्ड व्हीकल हैं। वहीं, चीनी सेना के पास 144017 आर्मर्ड व्हीकल हैं। भारतीय सेना के पास 3975 टो आर्टिलरी हैं। वहीं, चीनी सेना के पास 1000 टो आर्टिलरी हैं। भारतीय सेना के पास 264 रॉकेट लॉन्चर हैं। वहीं, चीनी सेना के पास 2750 रॉकेट लॉन्चर हैं। भारतीय सेना के पास 264 रॉकेट लॉन्चर हैं। वहीं, चीनी सेना के पास 2750 रॉकेट लॉन्चर हैं। भारतीय वायुसेना के पास कुल विमानों की संख्या 2229 है। वहीं, चीनी वायुसेना के कुल विमानों की संख्या 3309 है। हिंदी दैनिक लिखता है कि भारतीय वायुसेना में लड़ाकू विमानों की संख्या 513 है।

दृष्टि कोण

# सरसंघचालक की पहल व जातिवादी तस्वीर

**राजनीतिक** उद्देश्य के निहितार्थ ही सही, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) ने अगड़े, पिछड़े और अंतरजातीय विवाह की शुरुआत करा कर देश में जातिवाद के दुष्चक्र को तोडऩे की दिशा में एक सकारात्मक पहल की है। देश की तरक्की और एकता-अखंडता को अक्षुण्ण रखने में समाज का जाति और उपजातियों में बंटा होना प्रमुख बाधा है। सदियों से चली आ रही जातिवाद की जड़ें इतनी गहरी हैं कि इसको समूल उखाड़ कर देश का नवनिर्माण करना किसी दुष्कर चुनौती से कम नहीं है। सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने वाराणसी में पिता बनकर 125 लड़कियों का कन्यादान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विवाह समाज निर्माण का आधार है। इस भव्य समारोह में सवर्ण, दलित और पिछड़े समाज के 125 जोड़ों का सामूहिक विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। इससे पहले भावगत और संघ परिवार कई बार हिंदुओं की एकता की दुहाई दे चुके हैं। इस एकता में सबसे बड़ी बाधा जातिवाद है। आरएसएस की समझाइश के बावजूद जातिवाद का असर कम नहीं हुआ। इसके लिए सामूहिक विवाह की शुरुआत करा कर पहल की गई। जातिवाद तोडऩे की दिशा में यह महज एक कदम है, जबकि फासला सैकड़ों मील का है। यह संभव है कि आरएसएस आगे भी इसी तरह की पहल को जारी रखे। एक-एक कदम बढ़ा कर ही शायद एक दिन बगैर जाति के राष्ट्रवाद का सपना साकार हो सके। इसमें अभी भी बाधाओं की कमी नहीं है। ऐसा नहीं है कि आरएसएस और भाजपा का इसमें कोई छिपा हुआ राजनीतिक एजेंडा नहीं है। राजनीतिक सिद्धि के बावजूद यह प्रयास सकारात्मक ही माना जाएगा। भाजपा ने केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बना कर यह साबित किया भी किया है वोट बैंक की मौजूदा जातिवाद की राजनीति के बावजूद विकास की बुनियाद पर सत्ता प्राप्त की जा सकती है। इसका बड़ा उदाहरण राज्यों में मुख्यमंत्रियों के चयन में भी देखने को मिला। इससे पहले भाजपा भी अन्य राजनीतिक दलों की तरह राज्यों में बड़े नेताओं की बंधक बनी हुई थी। इन नेताओं की उपेक्षा करके चुनाव जीतना और किसी और को मुख्यमंत्री बनाना संभव नहीं था, किंतु भाजपा ने यह भ्रम तोड़ दिया। इसके साथ जाति आधारित नेताओं के पार्टी को ब्लैकमेल किए जाने की परंपरा को भी पछाड़ दिया। हालांकि दूसरे राजनीतिक दलों में ऐसा करने का साहस अभी तक नहीं है, विपक्षी दलों में इसकी छटपटाहट जरूर नजर आती है। अंतरजातीय विवाह करने पर अक्सर जातिवाद का कहर न सिर्फ नवविवाहितों को, बल्कि उनके पूरे परिवार तक को झेलना पड़ता है। भारत के उत्तरी राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में ऑनर किलिंग आम हैं। भारत में ऑनर किलिंग तब होती है जब कोई जोड़ा अपनी जाति या धर्म के बाहर शादी करता है। करनाल की एक सत्र अदालत ने खाप पंचायत के आदेश के विरुद्ध विवाह करने वाले एक युवा जोड़े की हत्या के लिए पांच लोगों को पहली बार मृत्युदंड की सजा सुनाई। इसने खाप पंचायत के एक सदस्य को आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जिसने विवाह को अवैध घोषित कर दिया था और हत्या के समय वह मौजूद था। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और आठ राज्यों को नोटिस जारी कर ऑनर किलिंग को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी मांगी। सरकार ने सतर्कतापूर्ण रुख अपनाते हुए भारतीय दंड संहिता में संशोधन करने और खाप पंचायतों (जाति आधारित संविधानेतर निकाय) पर लगाम लगाने के पूर्व कानून मंत्री एम. वीरप्पा मोइली के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। हालांकि, इसने राज्यों से परामर्श करने और एक विशेष कानून बनाने की गुंजाइश पर विचार करने के लिए मंत्रियों के एक समूह का गठन करने का फैसला किया, जो ऑनर किलिंग को एक सामाजिक बुराई के रूप में मानेगा। प्रस्तावित ऑनर किलिंग कानून को लेकर विशेषज्ञों में मतभेद हैं। कुछ विशेषज्ञों का तर्क है कि अगर सही तरीके से लागू किया जाए तो मौजूदा कानून ऑनर किलिंग को रोकने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि अन्य का मानना है कि ऑनर किलिंग की समस्या से निपटने के लिए अधिक सख्त और विशिष्ट प्रावधानों की आवश्यकता है।

कुछ अलग

# प्रेरणा एवं प्रोत्साहन दें मां-बाप

**बच्चों** का पालन पोषण आज के ज़माने में कोई आसान नहीं है बल्कि उन्हें बचपन से ही सही दिशा दिखाने एवं उनके करियर संवारने के लिए माता-पिता को सजग रहना पड़ता है । एक ओर जहां उनके स्वास्थ्य एवं खान-पान पर ध्यान देना होता है वहीं उतना ही जरूरी है शिक्षा के क्षेत्र में उन्हें सही मार्गदर्शन देना एवं उनकी मदद करना । यदि बचपन से ही उन्हें सही शैक्षिक मार्गदर्शन मिल जाए तो इससे उनका आत्मविश्वास ही नहीं बढ़ता है अपितु उनके सीखने की ललक और क्षमता दोनों में ही अभिवृद्धि होती है। बच्चों को घर पर शैक्षिक गाइडेंस देने के लिए पेरेंट्स को उचित एवं व्यवहारिक रणनीतियाँ अपनानी चाहिएं, जिससे पढ़ाई मज़ेदार और प्रभावी हो सके। बिना पढ़ाई लिखाई के बच्चे का वर्तमान एवं भविष्य दोनों ही चौपट हो सकते हैं इसलिए उनकी शिक्षा दीक्षा पर माता-पिता को समुचित ध्यान देना चाहिए । बच्चों की पढ़ाई का समय एवं सीमा तय करते हुए व्यावहारिक होना बहुत ज़रूरी है। केवल एक आदर्शवादी टाइम टेबल बनाने से बात नहीं बनेगी बल्कि बच्चों की आयु, क्षमता, रुचि एवं एप्टीट्यूड देखकर रणनीति बनानी चाहिए । बच्चों के गृह कार्य एवं स्वाध्याय के लिए एक नियमित टाइमटेबल बनाएं ताकि पढ़ाई की आदत बने। इसमें खेलने और आराम का भी समय अवश्य शामिल करें ताकि संतुलन बना रहे। यदि आप बच्चे से हर समय पढ़ने की अपेक्षा करेंगे एवं उन्हें हर समय 'पढ़ लो, पढ़ लो' कहेंगें बच्चों पर अनावश्यक दबाव पड़ेगा एवं पढ़ाई में उसकी अरुचि भी विकसित हो सकती है। यह भी जरूरी है कि बीच-बीच में वे क्या पढ़ रहे हैं एवं उनकी क्या समस्या है इस पर भी जरूर ध्यान दें। उनके साथ मित्रवत व्यवहार करने की कोशिश करें लेकिन इतना भी नहीं कि वह आपकी बात मानने से ही इन्कार कर दे। कहावत है कि अध्ययन एवं चिंतन मनन के लिए एकांत स्थान का होना ज़रूरी है इसलिए बेहतर हो कि घर में एक कोना ऐसा रखें जहाँ बच्चे बिना किसी डिस्टरबेंस के पढ़ सकें। यदि घर में पर्याप्त स्थान है तो उनके लिए एक अलग स्टडी रूम या स्टडी टेबल की व्यवस्था ज़रूर करें । बच्चों को इस तरह का प्रशिक्षण भी जरूर दें कि अपनी ज़रूरी स्टेशनरी, किताबें और नोट्स व्यवस्थित रखें। बच्चों को अपना बैग विद्यालय के टाइम टेबल के अनुसार लगाना ज़रूर सिखाएं अन्यथा बच्चा विद्यालय में भी काफी समय पुस्तकें ढूंढने एवं बैग को व्यवस्थित करने में ख़राब कर करेगा। एक आसान सा तरीका यह भी हो सकता है कि गृह कार्य करने के तुरंत बाद ही वह विद्यालय के अगले दिन के टाइम टेबल के अनुसार अपनी पुस्तकें एवं कॉपी तथा अन्य सामग्री बैग में व्यवस्थित कर ले। उसे यह भी प्रशिक्षण अवश्य दें कि विद्यालय में भी एक कालांश की पढ़ाई के बाद बच्चा कॉपी किताबें बैग में सबसे पीछे की ओर लगाता जाए जिससे हर बार आगे से किताबें, कॉपी एवं अन्य सामग्री आसानी से मिल जाएं। यदि यह रणनीति अपनाई जाएगी तो बच्चों को बार-बार बैग भी नहीं लगाना पड़ेगा । माता-पिता को चाहिए कि समय-समय पर कभी बच्चे से स्वयं अपना बैग चेक कराएं और कभी उसकी अनुपस्थिति में भी उसका बैग ज़रूर चेक करें ताकि उसके बैग में अनावश्यक या अवांछित वस्तुएं या कॉपी किताबें आदि अव्यवस्थित न रहें। बच्चे छोटे होते हैं इसलिए उनके लक्ष्य भी छोटे-छोटे से ही तय करें एक साथ बड़ा या दूरगामी लक्ष्य उन्हें न दें। बड़े – बड़े चैप्टर्स को छोटे-छोटे हिस्सों में बाँटें।

देश दुनीया से

# धर्म, जाति, असमानता का संकट एक चेतावनी

**देश** की आत्मा पर चोट करने वाले दृश्य आज बार-बार सामने आ रहे हैं। 'वो मजहब पूछ कर मारता है'- यह वाक्य अब कोई प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति नहीं रही, बल्कि भयावह यथार्थ बन चुकी है। एक ओर धार्मिक पहचान के आधार पर हिंसा बढ़ रही है, दूसरी ओर असंख्य ऐसी सामाजिक बुराइयां मौजूद हैं जो हर दिन देश के भीतर लोगों के स्वाभिमान की चुपचाप हत्या कर रही हैं। यह एक विचित्र युग है जहां हत्या करने वाला पहले यह पूछता है कि तुम किस धर्म के हो, फिर हथियार उठाता है। आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2024 में भारत में सांप्रदायिक दंगों में 84 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष भर में 59 सांप्रदायिक घटनाएं हुईं, जिनमें 13 निर्दोष नागरिकों ने अपनी जान गंवाई। इनमें से अधिकांश घटनाएं धार्मिक त्योहारों या जुलूसों के दौरान उभरीं, जब भीड़ ने धर्म के नाम पर उन्माद का प्रदर्शन किया। इन दंगों के मुख्य केंद्र महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्य रहे, जहां बार-बार धार्मिक भावनाओं को उकसाकर जनता के बीच नफरत बोई गई। भीड़ द्वारा हत्या के मामले भी चिंता का विषय बने हुए हैं। 2024 में भीड़ हिंसा के 13 मामले सामने आए, जिनमें 11 लोगों की मौत हो गई थी। इन हत्याओं में बहुलांश मुसलमान समुदाय से थे। गौहत्या के आरोप, अंतरधार्मिक विवाह के संदेह या धार्मिक प्रतीकों के आधार पर लोगों को पीट-पीट कर मार दिया गया। यह न केवल मानवता का अपमान है, बल्कि संविधान की आत्मा पर सीधा हमला है। लेकिन यह सिलसिला यहीं थमता नहीं है। धर्म के अलावा भी अनेक ऐसी सामाजिक बुराइयां हैं जो प्रतिदिन लाखों लोगों के जीवन को यातना बना रही हैं। जातिगत भेदभाव आज भी भारतीय समाज के लिए कलंक बना हुआ है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार 2022 में अनुसूचित जातियों के खिलाफ अपराधों में 35 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी और 2024-25 में भी यह प्रवृत्ति कम होने का नाम नहीं ले रही है। हर दिन औसतन 158 मामले दलित उत्पीडऩ के दर्ज किए जाते हैं। अपमान, सार्वजनिक रूप से बेइज्जती, सामाजिक बहिष्कार, शारीरिक हमले और भूमि विवादों में भेदभाव जैसी घटनाएं उन नागरिकों के जीवन को जहरीला बना रही हैं जिन्हें भारतीय संविधान ने बराबरी का दर्जा देने का वादा किया था। सिर्फ जाति नहीं, आर्थिक असमानता भी लगातार बढ़ती जा रही है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी के ताजातरीन आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2025 में भारत की बेरोजगारी दर 8.1 फीसदी रही। यह आंकड़ा महज एक प्रतिशत नहीं, बल्कि लाखों युवाओं के टूटे हुए सपनों का संकेत है। शिक्षित युवा बड़ी उम्मीदों के साथ डिग्रियां लेकर निकलते हैं, लेकिन उन्हें स्थायी नौकरियां नहीं मिलतीं। स्वरोजगार का प्रोत्साहन एक आकर्षक नारा बनकर रह गया है, जबकि धरातल पर रोजगार की अनुपलब्धता युवाओं में हताशा फैला रही है। बेरोजगारी न केवल आर्थिक त्रासदी है बल्कि मानसिक तनाव और सामाजिक अस्थिरता को भी जन्म देती है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 11 फीसदी वृद्धि हुई थी और यह सिलसिला 2024-25 में भी बरकरार है। बलात्कार, घरेलू हिंसा, दहेज हत्याएं, ऑनर किलिंग जैसे अपराध समाज की बर्बर मानसिकता को उजागर करते हैं। बाल विवाह, महिला भ्रूण हत्या और कार्यस्थलों पर यौन शोषण के मामले भी बड़े पैमाने पर सामने आते हैं। एक ऐसा देश जो नारीशक्ति की पूजा के आदर्शों पर गर्व करता है, वहां महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की वास्तविक स्थिति बेहद निराशाजनक है। सामाजिक तनाव की स्थिति सिर्फ धार्मिक या जातिगत आधार पर ही नहीं बनी है। क्षेत्रीय अस्मिताओं और आर्थिक असमानताओं के कारण भी विद्रोह और हिंसा हो रही है। मणिपुर में मई 2023 से शुरू हुई जातीय हिंसा 2025 तक भी पूरी तरह से शांत नहीं हो पाई है। 258 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है और 60000 से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। उत्तराखंड के हल्द्वानी में अवैध मदरसे के विध्वंस के बाद हिंसा भडक़ी जिसमें 6 लोगों की जान गई। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ अधिनियम संशोधन के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन हिंसक हो उठे और कई जानें गईं। इसी कड़ी में, हाल ही में अप्रैल 2025 में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने फिर एक बार देश को दहला दिया। इस हमले में निर्दोष तीर्थयात्रियों और सुरक्षाकर्मियों की जान गई। आतंकियों ने सुनियोजित तरीके से हमला किया, जिसका उद्देश्य न केवल जानमाल का नुकसान करना था, बल्कि देश के भीतर और अधिक धार्मिक और क्षेत्रीय तनाव फैलाना भी था। यह हमला इस बात का ज्वलंत प्रमाण है कि नफरत और हिंसा जब संगठित रूप लेती है, तो उसका परिणाम पूरे समाज को झकझोर देता है। ये घटनाएं इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि भारतीय समाज के भीतर कितना असंतोष दबा बैठा है जो किसी भी क्षण विस्फोटक रूप ले सकता है। सामाजिक मीडिया के माध्यम से अफवाहें फैलाकर नफरत का वातावरण बनाना अब बेहद सरल हो गया है। फेक न्यूज, एडिटेड वीडियो और भ्रामक सूचनाएं मिनटों में पूरे समाज को उग्र बना देती हैं। जिम्मेदारियों से विमुख मीडिया संस्थानों और राजनीतिक दलों द्वारा भी अक्सर ऐसा माहौल तैयार किया जाता है जिसमें धर्म, जाति और क्षेत्रीयता के नाम पर जनता को बांट दिया जाता है। सत्ता की राजनीति आज भी धर्म और जाति की सीढ़ी चढक़र शिखर तक पहुंचने के खेल में लगी हुई है। भारत जैसे विशाल और विविधता भरे देश के लिए यह बेहद खतरनाक संकेत हैं। यदि हर छोटी असहमति को हिंसा में बदला जाएगा, यदि हर भिन्नता को दुश्मनी समझा जाएगा, यदि हर असहमति को गद्दारी कहा जाएगा, तो लोकतंत्र का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्रीय पहचान के आधार पर समाज को बांटने की प्रक्रिया में हम उस साझा सांस्कृतिक धरोहर को खो देंगे जो भारत को विशेष बनाती है। समाज के भीतर ऐसे भी कई समूह, संस्थाएं और व्यक्तित्व सक्रिय हैं जो इन विकृत प्रवृत्तियों का प्रतिकार कर रहे हैं। वे प्रेम, भाईचारे और सामाजिक न्याय के आदर्शों की पुनर्स्थापना में जुटे हुए हैं। लेकिन जब तक समाज का बड़ा हिस्सा मौन रहेगा, तब तक नफरत का विष फैलता रहेगा। यह समय है कि हर नागरिक स्वयं से सवाल करे कि वह किस भारत का सपना देखता है।

आप का नजरीया

# जांच की महान परंपरा...

**प्रजा** ने राजा के दरब-ार में पहुंचकर गुहार लगाते हुए कहा, 'महाराज! यह बड़ा गंभीर मामला है। व्यवस्था के उत्पीडऩ से एक इंजीनियर ने सुसाइड कर लिया। अब तो सबूत सामने हैं। अफसरों की चुप्पी भी बहुत कुछ कह रही है। दोषियों को सजा जरूरी है और इसके लिए सीबीआई से जांच होनी चाहिए।' राजा मुस्कुराए, वह मुस्कुराहट जो चुनावी वादों के वक्त दिखाई देती है और घोषणा करने के बाद गायब हो जाती है, 'काहे की जांच? हमारी एजेंसियां बहुत बढिया काम कर रही हैं। हमारी एजेंसियां चाहें तो चाय में पड़ी मक्खी का डीएनए निकाल सकती हैं और विपक्ष की नींदों का भी हिसाब रख सकती हैं।' प्रजा ने कहा, 'लेकिन महाराज! आपकी एजेंसियों पर तो जनता को भरोसा नहीं रहा। वह तो कहते हैं जो आप कहें, वही रिपोर्ट बना देते हैं।' राजा बोले, 'देखो प्रजा! अपनी एजेंसियां जो जांच कर रही हैं, उनकी जांच से पूरी तरह संतुष्ट हूं।' प्रजा बोली, 'लेकिन हम तो संतुष्ट नहीं हैं।' राजा बोले, 'प्रजा आप बहुत भोली हो। विपक्ष ने आपको उकसा कर गुमराह कर दिया है। आप भावनाओं में बह रही हो, लेकिन हम राजा लोग अनुभव में पके हुए हैं। हमें अच्छी तरह पता है कि जांच किससे करानी है और किससे नहीं। हमारी एजेंसियां वो हैं जो न सिर्फ जांच करती हैं, बल्कि जरूरत पडऩे पर विरोधियों की डिबरी भी टाइट कर देती हैं।' राजा ने समझाया, 'अगर हमने जांच सीबीआई को सौंप दी तो प्रदेश की फजीहत हो जाएगी। इससे हमारी एजेंसियों का मनोबल टूटेगा। और वैसे भी, जब हमें किसी राजनीतिक विरोधी को रगड़ा देना हो, तो हम अपनी एजेंसी भेजते हैं। वो दिन-रात जांच करती रहती हैं और विरोधी सवालों के जवाब देते-देते थक जाते हैं। हमारी एजेंसियां अपने आप में एक संपूर्ण यंत्र हैं (सत्ता रक्षक भी और सत्ता भक्षक भी, पर विपक्ष के लिए)।' राजा बोले, 'हमारी एजेंसियों का एक विशेष प्रशिक्षण होता है। जांच शुरू करने से पहले वे 'कौन अपना, कौन पराया' की पहचान करना सीखती हैं। फिर उसी अनुसार स्पीड तय करती हैं। अगर आरोपी विपक्ष का है तो फाइलें धड़ाधड़ खुलती हैं, प्रेस कॉन्फ्रेंस होती हैं और हर रोज नया खुलासा होता है। लेकिन अगर सत्ता पक्ष का हो तो एजेंसी फाइल को नींबू-मिर्च लगाकर थाने के ऊपर लटका देती है कि नजर न लगे। उनकी नजरें रिपोर्ट से ज्यादा इशारों को पढऩे में माहिर हैं। सीसीटीवी से पहले वो सत्ता की सीटी पर ध्यान देती हैं। उनके ऑफिस में संविधान की किताब अलमारी में ऊपर की शेल्फ में धूल खा रही होती है, और राजा का फोटो ठीक सामने टंगा होता है- हर सवाल का उत्तर।' 'लेकिन हजूर जांच सीबीआई एजेंसी से होनी चाहिए। इससे दूध का दूध पानी का पानी होगा।' पब्लिक में से एक व्यक्ति बोला। राजा ने गर्व से कहा- 'हमारी एजेंसियां निष्पक्ष नहीं हैं। वे निश्चल हैं, क्योंकि उन्हें कभी सत्ता की 'ना' सुनाई ही नहीं देती। वे इतना खामोशी से काम करती हैं कि कब किसी की गरदन फंस गई, खुद उसको भी पता नहीं चलता। हमारी एजेंसियां सबसे पहले यह देखती हैं कि आरोपी किस पार्टी का है।

# श्री हनुमत प्रतिष्ठात्मक सह श्री राम महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड के कोयद गांव में रविवार को श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठात्मक सह श्री राम महायज्ञ को लेकर ग्यारह सौ कलश धारियों ने निकाली भव्य शोभा कलश यात्रा। यह यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ हुई जो पूरा नगर भ्रमण करते हुए सराडू बिचली नदी पहुंची। जहां पर बनारस से आए यज्ञाचारियों के द्वारा विधिवत गंगा पूजन कर कलश में जल भरवारा गया। इसके उपरांत सभी कलशधारी यज्ञ मंडप पर पहुंचकर कलश को स्थापित किया। इस शोभा कलश यात्रा में लगभग दो हजार की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालू सम्मिलित हुए। यज्ञ समिति के द्वारा बताया गया कि यह श्री राम महायज्ञ चार मई से प्रारंभ हुआ, जो अगामी दस मई को भव्य भक्ति जागरण के साथ विधिवत समापन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रत्येक दिन रात्रि में मधुर संगीत मय प्रवचन का वाचन किया जाएगा, साथ ही प्रवचन के उपरांत प्रत्येक रात्रि में रासलीला प्रस्तुत किया जाएगा। इस कलश यात्रा में विधायक प्रत्याशी मनोज चंद्रा, पंचायत के मुखिया किशुन राम, सोहराय साव, सुकर साहू, मुखलाल साहू, बैजनाथ साव, प्रकाश साहू महेश साहू, ईश्वरी साहू, हीरामन राम, राजकुमार राम, सुभाष राम, बिनोद साव, रंजीत साव, निर्मल साव मुरली दास सहित हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल हुए।

## खस्सी संकल्प के नाम पर 700 रूपए की वसूली का आरोप, 200 रूपए का मिला रशीद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा जिले के हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र में सुप्रसिद्ध माता कौलेश्वरी के दरबार में आए श्रद्धालुओं से पुरोहितों के द्वारा अवैध वसुली का आरोप प्रखण्ड क्षेत्र के सैपुर निवासी प्रभात यादव ने लगाया है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया की मुंडन करवा कर खस्सी संकल्प के नाम पर 700 रूपए की वसूली की गई जबकि रशीद मात्र 200 रूपए की दी गई उसमे भी दिनांक अंकित नहीं है जब मेरी बहन संकल्प के बाद मंदिर में प्रवेश की तो वहां भी पुरोहित के द्वारा 500 रुपया का डिमांड किया गया जब मेरी बहन इसका विरोध करते हुए 150 रुपया दान पेटी के समीप रख दी। वही श्रद्धालु अमन कुमार बताते हैं कि मां के पूजा के नाम पर खुले वसूली की जाती है यदि कोई पैसा ना दे तो नोकझोक भी हो जाता हैं अमन ने पुरोहितों पर आरोप लगाते हुए कहा कि नारियल संकल्प के नाम पर 100 से 50 रुपया की डिमांड की जाती है यदि श्रद्धालु ना दे तो नारियल फेक देते हैं इधर अमन ने जिला प्रशासन से मंदिर प्रबंधन समिति से बदसलूकी करने वाले पुरोहितों पर करवाई की मांग की है। इधर इस संबंध में पूछे जाने पर प्रधानपुरोहित मिथलेश कुमार मिश्रा ने आरोप को बेबुनियाद बताया है।

## सड़क दुर्घटना में होम गार्ड जवान की इलाज के दौरान मौत



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल कार्यालय में तैनात एक होमगार्ड जवान शनिवार को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुमंडल कार्यालय में तैनात इटखोरी निवासी आदित्य हजाम, पिता गंदौरी हजाम छुट्टी समाप्त कर वापस कार्य पर लौट रहा था। इस दौरान चतरा से सिमरिया की ओर आ रहे यात्रियों बस से उक्त जवान अनुमंडल मुख्यालय के समक्ष उतरा।जहां सड़क पार करते समय हर्षनाथपुर निवासी एक बाईक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह बिच सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल होमगार्ड जवान को ग्रामीणों की त्तपरता से रेफरल अस्पताल सिमरिया लाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक एस ए आलम ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर स्पताल हजारीबाग भेज दिया गया। उक्त संबंध में चिकित्सक ने बताया की होमगार्ड के जवान को सर पर गंभीर चोटे आई है।परंतु स्थिति सामान्य है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया था। जहां इलाज के दौरान तड़के रात्रि मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम कर पैतृक गांव इटखोरी भेज कर अंतिम सलामी देते हुए अग्नि में सुपुर्द कर दिया गया।

# सेवानिवृत सैनिक महेश साहु का पुर्व सैनिक संगठन ने किया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** बीएसएफ से सेवानिवृत सैनिक महेश साहु का सेवानिवृत सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड चतरा इकाई द्वारा चतरा केशरी चौक में भव्य स्वागत किया गया। केशरी चौक से इनके आवास राजा दोहर ढोल नगाड़े के साथ पहुंचाया गया। यह स्वागत कार्यक्रम जिलाध्यक्ष मोहन कुमार साहा के नेतृत्व में किया गया। मौके पर सेवानिवृत्त होकर लौटे महेश को माला पहनाकर व संगठन का मूवमेंटो देकर स्वागत किया गया। मौके पर वक्ताओं ने महेश साहु का संक्षिप्त परिचय व देश में सेना के योगदान के बारे में बताया व युवाओं को सेना में आने का संदेश दिया। सेवानिवृत सैनिक महेश साहु ने बताया कि वे 35 वर्ष बीएसएफ में सेवा दिया और कई आतंकवादी अभियान में हिस्सा लिया। वर्दी मेरे तन से उतरा है मन से नहीं जज्बा और जुनून वही है। अगर देश को जरूरत पड़े तो मैं दुबारा भी वर्दी पहन सकता हूं। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मोहन कुमार साहा, उपाध्यक्ष जयजीत कुमार सिंह, सचिव महेश बांदो, चतरा प्रखंड अध्यक्ष रामबचन साव, मीडिया प्रभारी धनेश्वर साहु, उप मीडिया प्रभारी किशुन राम, आशुतोष सिंह, इंद्रदेव चौधरी, बानासाढ़ी मुखिया करम साहु, बिजेंद्र भारती, अर्जुन साहु, सहदेव साहु, शंकर वकील, घनश्याम साहु, सुरज साहु, मदन साहु, भुनेश्वर साहु, धर्मेंद्र साहु, नवीन साहु, मंजूर साहु, राजेंद्र साहू, सुरजीत जायसवाल सहित सैकड़ों लोग शामिल थे?।

# टांगी से मारकर विधवा महिला की हत्या, मामला दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** थाना क्षेत्र के चिलोई (टोला बरवाड़ी) गाँव निवासी विधवा महिला कुंती देवी पति नारायण गंझु की हत्या धारदार टांगी से वार कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार विधवा महिला जंगल से लकड़ी लेकर घर वापस आ रही थी इसी दौरान उसके गोतनी व गोतनी के पुत्र ने टांगी से पहले उसके हाथ पर वार किया उसके बाद गर्दन पर वार कर मौत की नींद सुला दी। इसकी जानकारी जब ग्रामीणों को मिली तो ग्रामीणों ने इसकी सूचना कुंदा पुलिस को दी,जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम होने के उपरांत परिजनों को सौंप दी।वही हत्या के पीछे जमीनी विवाद बतायी जा रही है।वही इस संदर्भ में कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि मामले को लेकर कांड संख्या 11/25 में मामला दर्ज कर लिया गया है दोषियों के खिलाफ धर पकड़ की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## रिम सहित 7 टायर चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, जेल

# सिमरिया क्षेत्र में लगातार टायर चोरी का वारदात रुका, लगी लगाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के डाडी गांव से रिम समेत टायर चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में डॉक्टर संतोष कुमार महतो, मो.बेलाल ग्राम डाडी थाना सिमरिया, जिला चतरा के निवासी हैं। मामले को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम् खंडेलवाल ने प्रेस वार्ता कर बताया कि बीते 3 मई को राजू कुमार सिंह द्वारा लिखित आवेदन सिमरिया थाना को दिया गया था कि मेरा हाइवा नंबर JH 02BT - 2310 में लगा टायर और रिम समेत डाडी निवासी डॉक्टर संतोष कुमार महतो द्वारा चोरी कर ली गई है। जिसके आलोक में सत्यता की जांच पड़ताल टीम बना कर शुरू कर दी गई। जांच के दौरान संतोष कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया और कड़ाई से पूछताछ करना जारी किया गया तो सत्यता सामने आ गया। पूछताछ के दौरान संतोष ने रिम समेत टायर चोरी का स्वीकार किया साथ हीं संतोष के निशानदेही पर मो बेलाल को गिरफ्तार किया गया। दोनों ने अपना जुर्म कबूल किया। जहां दोनों को कांड संख्या 70/25 धारा 303 (2) /317(2) /317(5) बीएनएस के तहत चतरा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। दोनों के पास से एमआरएफ का रेडियल रिम समेत पांच टायर,अपोलो का रिम समेत दो टायर सहित टायर खोलने वाला टूल्स बरामद किया गया है। साथ हीं संतोष प्रसाद का हाइवा को भी बरामद कर लिया गया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी प्रियेश प्रसून, पुअनि सतीश सोनी के अलावे सशस्त्र बल और चालक शामिल थे।

## 23 वां दक्षिणी भिखारिएट काथलिक आम सभा का आयोजन

# परिवार पवित्र बनेगा तो समाज पवित्र बनेगा : विकार जेनरल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड (लातेहार) :** महुआडांड छेछाड़ी स्थित पकरीपाठ पारिष में 3-4 मई को दो दिवसीय 23वां दक्षिणी भिखारिएट काथलिक आम सभा अधिवेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पवित्र मिस्सा पूजा से हुआ, जिसमें मुख्य अनुष्ठाता डालटनगंज धर्मप्रान्त के विकार जेनरल फादर संजय गिद्ध थे।अपने संबोधन में फादर गिद्ध ने कहा कि यदि परिवार पवित्र होगा तो समाज भी पवित्र होगा। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे पवित्रता के साथ जीवन जीएं और दूसरों को भी पवित्र बनाएँ। उन्होंने माता-पिता की भूमिका, पवित्र विवाह की जिम्मेदारियाँ, विस्थापन और धर्मप्रान्तीय सहभागिता जैसे विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रार्थना में शक्ति है और हमें अपने शत्रुओं से प्रेम करना चाहिए। साथ ही बच्चों को केवल भौतिक वस्तुएँ नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार भी देने की आवश्यकता है।कार्यक्रम में फादर मोरिस टोप्पो, फादर जोज मोनी पल्ली, अरविंद कुजूर, ग्लैण्डसन सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। सभा का संचालन सभा फुलदेव खलखो, सचिव विक्रम मिंज एवं उनकी टीम ने किया।महिला संघ और युवा संघ ने विकार जेनरल का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में पल्ली पुरोहित फादर सुरेश किंडो ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। सभा में कई गाँवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# दुर्जागीन मंदिर में चोरी की हुई वरदात, उड़ा ले गये डीहबार बाबा का मुकुट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह थाना क्षेत्र में चोरों की सक्रियता मैं पुलिस की नींद उड़ा रखी है। थाना क्षेत्र में आए दिन हो रहे छोटी बड़ी चोरी की वारदात के बीच अब एक बार फिर चोरो के द्वारा प्रखंड के प्रसिद्ध प्राचीन पहाड़ी मंदिर अंतर्गत दुर्जागीन मंदिर को अपना निशाना बनाया गया है। शनिवार की रात्रि चोरों ने दुर्जागीन मंदिर परिसर अंतर्गत डीहबार बाबा के चांदी की मुकुट की चोरी कर ली। घटना की जानकारी रविवार की सुबह मंदिर पूजा करने आने वाले लोगों को मंदिर परिसर में जाने के बाद मिली। जहां देखा गया की डीहबार बाबा का मुकुट गायब हैं और मुकुट चुराने में मूर्ति का कुछ हिस्सा टूट भी गया। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने मंदिर परिसर पहुंच कर घटना की पड़ताल की। मामले को लेकर थाना प्रभारी के विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी अभियान पूछताछ को लेकर कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही इस पूरे मामले का उदभेदन कर दिया जायेगा।

## वीर कुंवर स्थान पर आंगनबाड़ी भवन बनाने को लेकर यादव समाज ने किया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र के चेताग ग्राम में वीर कुंवर स्थान पर नया आंगनबाड़ी भवन बनाने को लेकर यादव समाज की बैठक रविवार को यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह स्थान वीर कुंवर स्थान है यहां पर हम लोगों का दीपावली के समय वीर कुंवर पूजा प्रत्येक वर्ष पीढ़ी दर पीढ़ी होते आ रहा है। जहां हम लोगों का आस्था लकड़ी द्वारा बनाया गया दर्जनों थम्ब स्थापित है। तथा इस स्थान पर दीपावली के दूसरे दिन गाय ढाड लगाया जाता है। ग्रामीणों ने बालूमाथ अंचलाधिकारी के नाम पर एक आवेदन लिखकर कहा कि हम लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जो कथापि नहीं होने दिया जाएगा। लोगों ने एक स्वर में कहा कि अगर इस स्थान पर जबरन आंगनबाड़ी भवन बनाया जाता है तो हम लोग इसका पुरजोर विरोध करते हुए चरणबद्ध आंदोलन करेंगे एवं इसकी जिम्मेदारी अंचलाधिकारी एवं प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने आवेदन में कहां है कि पिछले कई वर्षो से जिस स्थान पर आंगनबाड़ी संचालित है उसी स्थान पर आंगनबाड़ी भवन बनाया जाए। जिसमे 1 किसी को कोई दिक्कत नही है। आवेदन की प्रतिलिपि बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी दी गई है।

## अक्सी पंचायत में सरहुल महोत्सव मिलन समारोह का भव्य आयोजन



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार जिले के महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत अक्सी पंचायत में सामाजिक सुरक्षा एकता मंच के तत्वावधान में पंचायत स्तरीय सरहुल महोत्सव मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में पंचायत के विभिन्न गांवों ने भाग लेकर पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखेरी। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण सरहुल नृत्य प्रतियोगिता में ग्राम अक्सी बीच टोली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बन्दुवा और बांसकरचा ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। अन्य प्रतिभागी गांवों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अजीत पाल कुजूर उपस्थित थे। इसके अलावा पंचायत उपप्रमुख, मुखिया रोजलिया टोप्पो, ग्राम प्रधान, बैगा-पाहन समेत सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति से कार्यक्रम और भी भव्य बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्र में सुख-शांति एवं अच्छी वर्षा की कामना को लेकर बैगा-पाहन द्वारा विशेष पूजा-अर्चना से की गई। इसके पश्चात विभिन्न गांवों के कलाकारों ने पारंपरिक गीतों पर सरहुल नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा।ग्रामीणों ने इस आयोजन को सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

## संविधान बचाओ अभियान को लेकर कांग्रेस की रणनीतिक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा संविधान बचाओ अभियान के तहत रविवार को लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड स्थित बेतला नेशनल पार्क के म्यूजियम हॉल में एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक को ÷जिला संगठन सृजन मंथन का स्वरूप दिया गया। बैठक की अध्यक्षता मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने की, जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद एवं लातेहार जिला प्रभारी धीरज प्रसाद साहू उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेशभर में संविधान संरक्षण को लेकर जनजागरूकता फैलाना तथा केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ एकजुट रणनीति बनाना रहा। पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार निरंतर संविधानिक संस्थाओं और अधिकारों को कमजोर कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार संघीय ढांचे पर हमला कर रही है और इससे लोकतंत्र की बुनियाद खतरे में है। उन्होंने बताया कि बैठक में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें राज्यभर में ÷संविधान बचाओ रैली को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी राज्य के सभी प्रमंडलों में रैलियों का आयोजन करेगी। इन अभियानों में ओबीसी आरक्षण, सरना धर्म कोड, पेसा कानून, लैंड बैंक, नगर निकायों में आरक्षण और आउटसोर्सिंग से होने वाली नियुक्तियों जैसे अहम मुद्दों को लेकर जनता को जागरूक किया जाएगा। धीरज प्रसाद साहू ने हाल ही में पहलगाम में आतंकी घटना को लेकर भी केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने इसे सुरक्षा तंत्र की विफलता बताया और कहा कि सरकार ऐसे गंभीर मामलों को भी राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल कर रही है। वहीं विधायक रामचंद्र सिंह ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा संविधान से छेड़छाड़ कर देश के आदिवासी, ओबीसी और वंचित वर्गों के अधिकारों को खत्म करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आगामी 6 मई को रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली में लातेहार जिला से शामिल होने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वे स्वयं करेंगे। बैठक में लातेहार जिले के सभी प्रखंड अध्यक्षों समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभी ने संविधान की रक्षा और जन अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता जताई और जन आंदोलन को मजबूती देने का संकल्प लिया।

# नक्सलियों ने खनिज सर्वेक्षण स्थल पर किया हमला, आठ वाहनों को किया आग के हवाले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत तोरीसोत गांव में शनिवार देर रात नक्सलियों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया। हथियारबंद नक्सलियों ने खनिज सर्वेक्षण कर रही कंपनी सीएमपीडीआई के साइडिंग कैंप पर हमला करते हुए दो ड्रिलिंग मशीनों सहित कुल आठ वाहनों में आग लगा दी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना रात करीब 11 बजे की है, जब नक्सलियों का एक दल तोरीसोत गांव स्थित सर्वेक्षण स्थल पर पहुंचा। पहले उन्होंने फायरिंग की, फिर दो ड्रिलिंग मशीनों, दो कारों, दो पिकअप वैन और दो ट्रकों को आग के हवाले कर दिया। यह उपद्रव लगभग एक घंटे तक चला, जिसके बाद नक्सली घटनास्थल से फरार हो गए।घटना की सूचना मिलते ही लातेहार पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर बालूमाथ डीएसपी विनोद रवानी के नेतृत्व में चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और जांच प्रारंभ की गई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में घेराबंदी कर सघन छापेमारी शुरू कर दी है। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन सभी वाहन पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए हैं। प्रारंभिक जांच के आधार पर आशंका जताई जा रही है कि इस हमले के पीछे माओवादी संगठन का हाथ हो सकता है, हालांकि अब तक किसी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है।उल्लेखनीय है कि यह क्षेत्र लातेहार, चतरा और रांची जिलों की सीमाओं से सटा हुआ अत्यंत दुर्गम इलाका है, जो पहले से ही नक्सली गतिविधियों के लिए संवेदनशील माना जाता है। हाल के महीनों में क्षेत्र में शांति बनी हुई थी, लेकिन इस घटना के जरिए नक्सलियों ने एक बार फिर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।इस संबंध में चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि घटना को किस उग्रवादी संगठन या अपराधी समूह ने अंजाम दिया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पंचायत छेंचा में रविवार को मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, जिप सदस्य संतोषी शेखर और बीस सूत्री सह अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी ने संयुक्त रूप से ग्राम छेंचा में पीडब्ल्यूडी सड़क से पैठान टोला होते हुए होरिलौंग तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर शिलान्यास किया।शिलान्यास के दौरान स्थानीय लोगों ने प्राक्कलन और डीपीआर में गार्डवाल निर्माण की अनदेखी पर नाराजगी जताई। विधायक ने भरोसा दिलाया कि उपायुक्त से बात कर प्राक्कलन में संशोधन कर आवश्यक राशि जोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सभी जर्जर सड़कों का निर्माण प्राथमिकता से कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेला टांड़ से मंजूरमरी, पंचायत भवन से अमाही टोला और पोस्ट ऑफिस से कोयल नदी तक सड़कों का निर्माण प्रगति पर है या जल्द शुरू होगा। विधायक ने संवेदक को निर्देश दिया कि कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो। जिप सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि यह सड़क लंबे समय से जर्जर थी और लोगों को भारी परेशानी हो रही थी। सड़क बनने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, अनिल सिंह, अजय चंद्रवंशी, शिवानंद तिवारी, रविन्द्र राम, सफदर खान, शाहिद खान, डॉ. मुश्ताक आलम, शहाबुद्दीन खां, बैरम खां, तौकीर खां, अलाउद्दीन खां समेत कई लोग मौजूद थे।

# हर घर नल जल योजना को लेकर मंत्री ने उपायुक्त को दिया जांच का निर्देश

**बूंद बूंद पानी को लेकर लोग तरस रहे हैं , जनप्रतिनिधियों ने विभाग के अधिकारीयों से कई बार किया शिकायत**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमसांडी :** कटकमसांडी और कटकमदाग प्रखंड में करोड़ों खर्च करने के बावजूद लोगों को पेयजल के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। दोनों प्रखंड के 29 पंचायत में पांच सौ से अधिक सोलर जलमीनार लगाए गए हैं जिसमें से आधे से अधिक बेकार पड है। ग्रामीणों के द्वारा लगातार मिल रही शिकायत के बाद उपायुक्त कार्यालय के हजारीबाग के जिला ग्रामीण विकास के पत्रांक 768 के आलोक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को हर घर नल जल योजना की जांच करने का आदेश दिया है । जारी पत्र में कहा गया है कि 7 जनवरी 2025 को संपन्न जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति दिशा की बैठक में मंत्री सह अध्यक्ष द्वारा हर घर नल जल योजना से कितने घर में नल से पानी आपूर्ति की जा रही है और कितने टंकी कामयाब है एवं कितने खराब है की जांच कराने का निर्देश दिया गया है । इस बाबत उप विकास आयुक्त ने मंत्री के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश जारी करते हुए कहा गया है कि सर घर नल जल योजना की जांच कर जांच प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना को कहा है । बताया जाता है कि कटकमसांडी प्रखंड के शाहपुर पंचायत में स्थिति सबसे ज्यादा भयावह हो गई है। इस पंचायत में 35 से 40 लगाए गए सोलर जलमीनार में से अधिकांश से पानी नहीं निकल रहा है। इस पंचायत में पानी का लेयर काफी नीचे चला गया है। जिसके कारण अधिकांशतः चापानल में पानी सूख गया है। इस पंचायत में सोलर



जलमीनार बनाने वाले एजेंसी लगातार मरम्मती का काम करवा रहे हैं बावजूद लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं प्रखंड के पबरा , लुपुंग पंचायत में इन दिनों पानी के लिए ह्यहाकार मचा हुआ है। पंचायत वासियों को शुद्ध पेयजलापूर्ति के लिए लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना से 45 सोलर जलमीनार बनाई गई है। खराब पड़ी जलमीनार में शांति मोहल्ला में दो जल मीनार, महुआ मोहल्ला में दो जलमीनार, हीरामन महतो मोहल्ला में दो, बगीचा मोहल्ला दुर्गा मंदिर में चार जल मीनार, महामाया मंदिर के पास तथा हरिना मंदिर क्षेत्र में दो टावर, मायापुर में चार टावर शामिल हैं। इनमे एक भी चालू स्थिति में नहीं है जबकि हरिजन मोहल्ला में भी बने तीन जलमीनार से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। कई जलमीनार के मोटर में बिजली भी नहीं जोड़ी गई। कुछ ऐसे भी जलमीनार हैं जिसमें दो से पांच मिनट चलने पर गंदा पानी आने लगता है। दोनों प्रखंडों में ठीकेदारों द्वारा सोलर जल मीनार तो लगा दिया लेकिन कई जलमीनार से आज तक लोगों को एक बुंद भी पानी नसीब नहीं हो पाया । ग्रामीणों के शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई उनके द्वारा नहीं की जाती है । ग्रामीणों का आरोप है सोलर जलमीनार निर्माण कार्य की ईमानदारी पूर्वक जांच की जाय तो एक बड़ी घोटाला सामने उजागर हो सकती है ।

# श्रीदस प्रीमियर लीग सीजन 2 : येलो स्ट्राइकर्स व सुपर गर्ल्स ने मारी बाजी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** देवचन्दा मोड़, स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित श्रीदस प्रीमियर लीग (SPL) सीजन 2 का समापन रविवार को रोमांचक फाइनल मुकाबलों और भव्य समारोह के साथ हुआ। टूर्नामेंट में छात्रों ने अनुशासन, टीम भावना और शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीता। बालक वर्ग के फाइनल में येलो स्ट्राइकर्स ने स्काई टीम लायन्स को हराकर खिताब अपने नाम किया। येलो स्ट्राइकर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 58 रन बनाए। जवाब में स्काई लायन्स 42 रन पर सिमट गई। कुंदन को मैन ऑफ द मैच और शुभम को मैन ऑफ द सीरीज% चुना गया। श्रीदस टाइटन्स को फेयर प्ले अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। महिला वर्ग के फाइनल में श्रीदस सुपर गर्ल्स ने श्रीदस मार्वेल्स को 20 रनों से हराया। सुपर गर्ल्स ने 6 ओवर में 61 रन बनाए, जबकि मार्वेल्स 41 रन पर ढेर हो गई। अर्चना को प्लेयर ऑफ द मैच और अदिति को प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब मिला। टूर्नामेंट के दौरान शिक्षकों और स्थानीय मीडिया कर्मियों के बीच एक दोस्ताना क्रिकेट मैच भी खेला गया, जिसने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। यह मुकाबला शिक्षा और मीडिया जगत के बीच आपसी तालमेल को बढ़ावा देने




का अनूठा प्रयास रहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज यादव ने विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा, श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी सराहनीय कार्य कर रहा है। यहां के छात्रों में अनुशासन और नेतृत्व की भावना काबिल-ए-तारीफ है। वहीं स्कूल मेन्टर व मैनेजर विकाश सिंह ने कहा कि श्रीदस प्रीमियर लीग सीजन 2 ने एक बार फिर साबित कर दिया कि खेल केवल इस मंच ने न सिर्फ छात्रों की प्रतिभा को निखारा, बल्कि उनमें अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास जैसे गुणों को भी मजबूत किया। येलो स्ट्राइकर्स और सुपर गर्ल्स की जीत हर छात्र के जोश और मेहनत की मिसाल है। यह आयोजन न सिर्फ खेल का उत्सव था, बल्कि छात्रों की प्रतिभा और जोश का शानदार प्रदर्शन भी रहा। अब सभी की नजरें एसपीएल सीजन 3 पर टिकी हैं।

# नीट 2025 परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने नीट परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया, जिला स्तर पर बने 8 परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्वक एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन सुनिश्चित किया गया। जिले में कुल 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों में संचालित परीक्षा का निरीक्षण करने उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह पहुंचे। उन्होंने संत कोलंबस कॉलेज एवं के.वी महिला कॉलेज में बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने इन केंद्रों में पहुंच कर अभ्यर्थियों की उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं, सीसीटीवी कैमरे के फीड आदि की जानकारी ली। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चली। परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था के लिए मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई थी। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा जांच के व्यापक इंतेज़ाम किए गए थे।

# यह भेंट नही साँसद का आत्मीय सम्बन्ध है,बहनों से : दीपू भाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ :** हज़ारीबाग लोकसभा साँसद मनीष जायसवाल द्वारा हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र से आने वाले गरीब परिवार की बेटियों के लिए लहँगा उपलब्ध कराते आएँ है। पूर्व की भाँति इस बार भी आज रविवार को रमुआ,उपरैली मुरगांवों स्थित गरीब परिवारो की बहनों को लहँगा उपहार स्वरूप साँसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार बरनवाल(दीपू भाई) के द्वारा सप्रेम भेंट किया गया। इस मौके पर साँसद मनीष जायसवाल ने बहनों से फोन पर बात कर विष्णुगढ़ प्रखण्ड की बहनों को शादी की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर साँसद प्रतिनिधि ने कहा साँसद मनीष जायसवाल सिर्फ उपहार नही दें रहे,यह उनका संदेश है,की हमारी जनता हमारी पहली प्राथमिकता है। बहनों को यह भेंट साँसद मनीष जायसवाल का जनता के प्रति आत्मीय सम्बंध को दर्शाता है।इस मौके पर मुख्य रूप से कार्यकारी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,जीवन सोनी,बबलू साव,कारू प्रजापति(बड़ा),अनुभव भारती, बिनोद साव समेत परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे।

# कटकमदाग के हाथामेढ़ी और शिवदयाल नगर के यज्ञ में शामिल हुए सांसद मनीष जायसवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र में इन दिनों भक्ति की बयार बह रही है। करीब दो दर्जन से अधिक गांवों में यज्ञ सह मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का धार्मिक अनुष्ठान चल रहा है। लगातार इन धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने का आवास प्राप्त हो रहा हैं । रविवार की सुबह हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल सदर विधानसभा क्षेत्र के त्रिदेव मंदिर, विजय पथ, शिवदयाल नगर, कदमा में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ- सह- शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन और ग्राम हाथामेंढ़ी में आयोजित श्री श्री 1008 रुद्र



महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन पहुंचकर शामिल हुए और यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर क्षेत्र की सुख, शांति और खुशहाली की कामना ईश्वर से की। सांसद मनीष जायसवाल ने इस दौरान ग्राम हाथामेढ़ी में एक बहन को लहंगा भेंटकर शादी से पूर्व बधाई दिया । मौके पर विशेषरूप से अजय कुमार साहू, दीपक सिंह, सतपाल सिंह, विजय वर्णवाल, सुनील तिवारी, सुधीर चौधरी, राजेश सिन्हा, गोपाल गौर, सुधीर पांडेय, सुधीर सिंह, दीपक सिन्हा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# मां सती आरोग्य हॉस्पिटल टाटीझरिया में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । टाटीझरिया सैनफोर्ड डीएवी पब्लिक स्कूल के समीप मां सती आरोग्य हॉस्पिटल परिषर में निर्धारित समयानुसार सुबह 10 बजे दोपहर 3:00 बजे तक निःशुल्क मेगा शिविर का आयोजन किया गया। जहां रोग विशेषज्ञों में डॉ.ब्रजेश कुमार, डॉ.शुभम कुमार सिंह, डॉक्टर रिंकू, डॉक्टर अमित कुमार द्वारा शिविर स्थल में दांत ,गला,कान , नाक सुगर,आंख,मलेरिया , टाइफाइड, जैसे विभिन्न बीमारियों का जांच निःशुल्क किया गया। वही 50 मरीजों ने अपनी रोग का जांच करवाया । हॉस्पिटल प्रबंधन मनीष चौधरी, प्रभात चौधरी,गौरव चौधरी द्वारा दवाई में विशेष छूट दिया गया। जिससे क्षेत्र से गए रोगियों में काफी राहत मिलते देखा गया। आगे भी अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि हमारे यहां प्रतिदिन 24 घंटे सातों दिन हरेक रोगों का इलाज मरीजों को न्यूनतम शुल्क में बेहतर इलाज की व्यवस्था किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अमित कुमार,विकास कुमार,निशि कुमारी,बसंती,कौशल्या ,हरेंद्र कुमार,संदीप कुमार,राहुल मिश्रा,नयन कुमार,सपना कुमारी ने अपनी अहम भूमिका निभाया।

# खो-खो खेल में जी एस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन



**डोमचांच (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए रनर स्थान प्राप्त किया। पहला मैच में जीत हासिल कर फाइनल मुकाबले में पहुंचा। फाइनल मैच मुकाबले में जी एस पब्लिक स्कूल तथा श्री महेश एकडमी के बच्चों के बीच में हुआ जिसमें महेश एकडमी विनर रहा तथा जी एस पब्लिक स्कूल रनर रहा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सह जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष राजकुमार मेहता, बी. एड. कॉलेज के डायरेक्टर हिमांशु, परमांशु, एस पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर नितेश कुमार, उपनिदेशक नीरज कुमार, समाजसेवी पवन गोस्वामी, खो-खो संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह , सचिव भीम गोस्वामी , सोनू यादव, सरवन कुमार मेहता, रामू कुमार, राजू रंजन सिंह, आकाश मेहता, अनिता कुमारी, मुकुल कुमार, जयप्रकाश मेहता तथा अन्य व्यक्ति मौजूद रहे। बच्चों के द्वारा बहुत ही अच्छा खेल का प्रदर्शन किया गया इस तरह का आयोजन से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी उनकी रुचि बनी रहती है। वहीं मुख्य अतिथि के द्वारा संबोधन में यह कहा गया कि शैलेंद्र सिंह जी के द्वारा इस तरह का जो कार्यक्रम डोमचांच ब्लॉक में कराया जा रहा है यह सराहनीय है इस तरह के कार्यक्रम में यदि किसी तरह की सहयोग की जरूरत हो तो हम हमेशा तैयार हैं। और बच्चों से यह कहा की हमें हमेशा अपने लक्ष्य की तरफ ध्यान देना चाहिए और उस पर बराबर मेहनत करते रहनी चाहिए हमें अपने लक्ष्य की प्राप्ति जरूर होगी। कार्यक्रम में बच्चे शिक्षक तथा बहुत सारी जनता उपस्थित होकर इस खेल का आनंद लिए।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ नीट-यूजी-2025 की परीक्षा संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** उपायुक्त जिशान कमर के निर्देशन में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित नीट-यूजी -2025 परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ संपन्न हुई। वहीं परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिले के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, महगामा, सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस बॉयज, गोड्डा एवं पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, गोड्डा में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहां तीनों परीक्षा केन्द्रों पर कुल 891 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड थे, जिसमें 854 परीक्षार्थी शामिल हुए एवं 37 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी नई दिल्ली की टीम की उपस्थिति में परीक्षार्थियों का फ्रिस्किंग, रजिस्ट्रेशन, बायोमेट्रिक उपस्थिति बनाने की व्यवस्था की गयी थी। कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर उपायुक्त के द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर केंद्राधीक्षक, पर्यवेक्षक, स्टैटिक दंडाधिकारी, गस्ती दंडाधिकारी, उड़न दस्ता दल, मेडिकल टीम, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। सभी कमरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। जिलास्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन कर नोडल ऑफिसर तथा सहायक नोडल पदाधिकारी के माध्यम से पूरे परीक्षा के दौरान उपायुक्त के द्वारा अनुश्रवण किया गया एवं पूरी पारदर्शिता के साथ नीट यूजी- 2025 की परीक्षा संपन्न कराई गई।

# श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ में पहुंचे सांसद मनीष जयसवाल, क्षेत्र की खुशहाली के लिए टेका माथा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के बादम पंचायत अंतर्गत पंचवाहिनी मंदिर प्रांगण बादम में आयोजित श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ में सांसद मनीष जायसवाल अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर मत्था टेका एवं ईश्वर से क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। वहीं सांसद ने कीर्तन मण्डली के साथ झाल बजाकर कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। मौजूद श्रद्धालुओं के साथ जयघोष किया तथा पंचवाहिनी मंदिर परिसर की सुरक्षा को लेकर सांसद ने ग्रामीणों को चाहरदीवारी निर्माण करने का आश्वासन दिया। मौके पर श्री जायसवाल ने कहा कि महायज्ञ के आयोजन से पूरा गांव शुद्ध होता है। आज प्रत्येक व्यक्ति को सनातनी व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर आगे आना होगा।

सांसद मनीष जायसवाल को यज्ञ समिति के द्वारा अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। यज्ञ मंडप में भक्तजन और श्रद्धालुगण 24 घंटे की निर्बाध परिक्रमा कर रहें हैं, सुबह- शाम आरती, भजन और सायंकाल



भगवत कथा का आयोजन हो रहा है। अखंड- कीर्तन में बंगाल से पहुंचे विशेष नृत्य- संगीत की टीम आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यज्ञ प्रांगण में फल, फूल , पूजन सामग्री और प्रसाद के साथ घरेलू सामग्री और खिलौने की दुकानें सजी है। कई झूले भी यहां लगाए गए है। मौके पर लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येन्द्र नारायण सिंह, लोकसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, मण्डल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पंसस सह सांसद प्रतिनिधि कृष्णा राम, मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, पूर्व जिप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, मुखिया संघ अध्यक्ष सह सांसद मण्डल प्रतिनिधि रंजीत कुमार, नरेश साहू, भीखन महतो, मनीष पांडे, किशोर कुमार, शिबू मेहता, श्रीकांत निराला, भागीरथ ठाकुर, नितेश कुमार, किशोर राणा, ज्ञानेश्वर शर्मा, पप्पू गुप्ता, मुरली महतो, चिंतामणि महतो, समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे। यज्ञ में महायज्ञ समिति समस्त बादम ग्रामवासी एवं दांगी ड्रामेटिक क्लब बादम अध्यक्ष अभय कुमार, सचिव संतोष कुमार कुशवाहा, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष रवि कुमार दांगी, संतोष मेहता ,उपसचिव जयप्रकाश राम, जुगेश्वर महतो , उपकोषाध्यक्ष कैलाश कुमार, कालीचरण कुमार, ग्रामअध्यक्ष भुदेव महतो, कोषाध्यक्ष बैजनाथ महतो ,युवा अध्यक्ष भावेश कुमार, संरक्षण सहेश्वर महतो, संजय कुमार, राजेन्द्र महतो,शत्रुघ्न महतो, विनोद प्रजापति, प्रदीप साव, सीताराम साव, विरेन्द्र साव, उमाशंकर साव के अलावा अन्य शामिल थे।

# मानसिक अवसाद से पीड़ित किशोर ने फंदे से लटक कर दी जान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के डोकाबांध में एक किशोर ने फंदे से लटक कर जान दे दी। वहीं किशोर का शव गांव में पेड़ से लटकता हुआ पाया गया। शव को देखकर कुछ गांव वालों ने शोर मचाना शुरू कर दिया, इसके बाद मृतक किशोर के माता-पिता को बुलाया गया। माता-पिता व परिजन उक्त स्थल पर पहुंचे और युवक के शव को फंदे से नीचे उतारा। वहीं इसकी सूचना पुलिस को दी गई। वहीं मृतक किशोर का नाम कौशलेश हेंब्रम बताया जाता है। जानकारी के अनुसार किशोर के घर में कोई नहीं था, किशोर घर पर अकेला था। माता-पिता काम करने गये थे तभी किशोर ने फंदे से लटक कर जान दे दी। जानकारी के अनुसार युवक मानसिक अवसाद से ग्रसित था और हाल के दिनों में परेशान चल रहा था। हालांकि माता-पिता के अनुसार किसी को इस बात का अंदेशा नहीं था कि खुद?कुशी कर लेगा, युवक की मौत के बाद परिजनों में गहरा शोक है और सबों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस द्वारा इस मामले में पोस्टमॉर्टम के लिए देर रात ही सदर अस्पताल भेजा गया। हालांकि शव का पोस्टमॉर्टम अगले दिन हुआ तथा परिजनों को शव सौंप दिया गया। वहीं पुलिस के द्वारा इस मामले में यूडी केस दर्ज किया गया हैं।

# विष्णुगढ़ कॉग्रेस कमेटी ने संविधान बचाओ महारैली की तैयारी को लेकर की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ झारखंड कार्यालय में 06 मई 2025 को राँची धुर्वा में तय कार्यक्रम संविधान बचाओ महारैली की तैयारी को लेकर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की रविवार को बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी ने की तथा संचालन नारायण महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड प्रभारी शारदा दुबे उपस्थिति में हुई। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने महारैली की तैयारी को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में आयोजित महारैली को सफल करने को लेकर अलग-अलग पंचायत के लिए अलग-अलग प्रभारी तथा प्रखंड स्तर पर महारैली तैयारी समिति का गठन किया गया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली



में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई राष्ट्रीय नेता भाग लेंगे। भाजपा देश की संविधान को बदलना चाहती है जिसे बदलने नहीं दिया जाएगा। भारत में जातीय जनगणना कराने को लेकर कांग्रेस ने एक लंबी लड़ाई लड़ी, जिसके कारण भारत सरकार को जातीय जनगणना कराने की घोषणा करनी पड़ी। इससे लोगों को सामाजिक न्याय मिलेगा और सभी क्षेत्रों में अपनी संख्या के अनुसार भागीदारी सुनिश्चित होगी। प्रभारी ने कहा कि जातीय जनगणना की घोषणा अखबार के हेडलाइन की जगह कहीं डेडलाइन में तब्दील न हो जाए इसलिए आंदोलन करते रहना होगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड प्रभारी शारदा दुबे, प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी, नारायण महतो, गुलाब राम, राम जन्म राय, मुखिया उत्तम महतो, इफरोज अंसारी, शिव लाहकार, कमरुल अंसारी, मोहम्मद आसिफ अंसारी, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, फिरोज अंसारी, दशमी कुमारी, त्रिवेणी मंडल, जाकिर हुसैन समेत कई लोग उपस्थित थे।

# हजारीबाग में गूंजा लोकतंत्र का स्वर, खबर दिखाने को लेकर हुए एफआईआर के खिलाफ पत्रकारों ने जताया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रविवार को हजारीबाग की सड़कों पर कुछ अलग ही आहट थी । पत्रकारों की कलम आज सड़क पर थी। लोकतंत्र की आत्मा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर जब हमला हुआ, तो पत्रकार चुप नहीं बैठे। रांची के न्यूज़ हट के संपादक कुमार कौशलेंद्र पर दर्ज की गई



एफआईआर के खिलाफ उन्होंने पुराने समाहरणालय चौक पर काली पट्टी बांधकर जबरदस्त विरोध दर्ज कराया। यह मामला तब उभरा जब न्यूज़ हट के चर्चित शो 'बेबाक' में रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार की बर्खास्तगी और न्यायालय से हुई बहाली पर सवाल उठाए गए। कथित रूप से इस आलोचना से बौखलाए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने अपने सचिव के माध्यम से रांची के जगन्नाथपुर थाने में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया। पत्रकारों ने इस एफआईआर को असंवैधानिक, मनगढ़ंत और प्रेस की स्वतंत्रता को कुचलने वाला बताया। उपस्थित पत्रकारों ने चेताया कि पत्रकार सिर्फ खबर नहीं बनाते, अपने हक़ के लिए भी लड़ते हैं। प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा कि यह संघर्ष एक व्यक्ति का नहीं, समूचे मीडिया समुदाय की गरिमा की लड़ाई है। यदि एफआईआर वापस नहीं ली गई, तो यह आंदोलन उग्र और राज्यव्यापी होगा। लोकतंत्र की रक्षा की यह हुंकार अब सिर्फ हजारीबाग तक सीमित नहीं रही यह पूरे झारखंड में गूंज रही है। मौके पर दीपक कुमार, नवीन सिन्हा, अरविन्द कुमार, निरंजन सिन्हा, अभय कुमार सिंह, प्रमोद खंडेलवाल, प्रमोद उपाध्याय, रवि पासवान, मुकेश कुमार, राजेंद्र कुमार सहित कई पत्रकार मौजूद थे।

## राजकीय मध्य विद्यालय जरजरा में जिर्णोद्धार का उद्घाटन विधायक रौशनलाल चौधरी ने किया



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पोटंगा पंचायत के जरजरा में रविवार को डीएमएफटी मद से निर्मित राजकीय मध्य विद्यालय जरजरा में जिर्णोद्धार का उद्घाटन मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी के कर कमलों द्वारा फीता काट कर एवं शिलापट का अनावरण कर सुसंपन्न किया गया। वहीं विधायक रौशनलाल चौधरी ने कहा कि भाजपा पहले काम करती है उसके बाद ही शिलान्यास करती है। इस अवसर पर भाजपा उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, आजसू पार्टी रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, भाजपा के सुनील उरांव, अशोक पाठक, दशरथ प्रजापति, लखन प्रजापति, विनोद करमाली, रोहित यादव, इंदू देवी, नमिता देवी आदि मौजूद थे।

## बाल विद्या मंदिर, आरा में कविता वाचन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बाल विद्या मंदिर, आरा कोलियरी में कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें वर्ग एलकेजी से वर्ग दशम के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक कविता का वाचन करके पूरा समा बांधा। मौके पर प्राचार्य रंजीत सिंह ने कहा कि कविता वाचन बच्चों में भावनात्मक बुद्धि का विकास करती है और विद्यार्थियों को इन्हें पहचानने के लिए प्रोत्साहित करने से अधिक रचनात्मक विकास में सहायक होता है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र कवि दिनकर रचित रश्मि रथी की कुछ पंक्तियों को सुनाया। कार्यक्रम का संचालन कर रही वरिष्ठ शिक्षिका पुष्पिताकुमारी ने विद्यार्थियों को कविता वाचन के महत्वों से अवगत कराया। वहीं, शिक्षिका सुनीता कुमारी ने रश्मि रथी की पंक्तियां सुना कर सबका ध्यान आकृष्ट किया। मौके पर शिक्षक कामेश्वर प्रसाद, कोलेश्वर महतो, भागीरथ प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, रीता कुमारी, सबिता कुमारी, सोनी गुप्ता, वंदना पांडेय समेत विद्यार्थी शामिल रहे।

## उज्ज्वला फाउंडेशन का सिलाई और कंप्यूटर प्रशिक्षण का शुभारंभ आज से



**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: स्वयंसेवी संस्था उज्जवला फाउंडेशन मोतीराम कॉम्लेक्स, बोंगावार फोरलेन स्थित कार्यालय में सिलाई और कंप्यूटर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया आज से किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी उज्ज्वला फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने देते हुए बताया कि फाउंडेशन के सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सिलाई व कंप्यूटर प्रशिक्षण का शुभारंभ सोमवार को 11 बजे किया जायेगा। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ नियोजन पदाधिकारी मनोज मंजीत और विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्र के सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ डीके मिश्रा शामिल रहेंगे। इस दौरान दंत चिकित्सक डॉ डीके मिश्रा द्वारा फाउंडेशन के सदस्यों और ग्रामीणों का निःशुल्क दंत जांच शिविर में दंत जांच कर उचित परामर्श दिया जायेगा। मौके पर जगेश्वर प्रजापति के अलावे सचिव आशा कुमारी, उपाध्यक्ष शांति देवी, सह उपाध्यक्ष कौशल्या देवी, सदस्य मीनू देवी, गुनिता देवी, सीता देवी, पिंकी, सुनीता, सुशीला, फूलकुमारी मौजूद रहेंगे।

## बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में चहुंमुखी विकास करना हमारा लक्ष्य : रोशन लाल चौधरी

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के उरीमारी चेक पोस्ट से तिलैया तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी ने अपने हाथों से नारियल फोड़कर व शिलापट का अनावरण कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि पीसीसी पथ निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विभाग से कराया जाना है। ग्रामीण लंबे समय से सड़क निर्माण कार्य का मांग कर रहे थे। इस सड़क का कार्य होने से ग्रामीणों को आवागमन करने में सहूलियत होगी। आगे उन्होंने कहा कि पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में विकास करना हमारा लक्ष्य है। इस अवसर पर पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली, भाजपा उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, आजसू रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, अशोक पाठक, विक्रांत साहू , महेश गंझू,कजरु उरांव,छतरु मुंडा,पुंदा उरांव,मानकी मुंडा, विनोद सोरेन, बिश्राम सोरेन, संजय सोरेन, बासुदेव गंझू,पुकेश्वर गंझू,बतीसा गंझू, विजय मांझी,चरकू गंझू, कार्तिक गंझू, सुरेश मुंडा,सोमर उरांव,पैता मुंडा, छोटेलाल उरांव, कामेश्वर गंझू,बिरबल सोरेन, राजेंद्र मुर्मू, तिलका मुर्मू,तलू सोरेन,पुष्पा मुर्मू,तलू मुर्मू,बिरसा सोरेन,फुलो देवी,शिला देवी, श्रीमती देवी, ललिता देवी,सूरजमुनी देवी,शालो देवी आदि कई लोग मौजूद थे।

## 22 जून को मोराबादी रांची में होगा कर्मचारी संकल्प महा सम्मेलन डॉक्टर कश्यप



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: स्थानीय हेहल रांची के हूल्जहुआईटीआई सभागार में झारोटेप(हल्लाबोल)के बैनर तले राज्य स्तरीय सभी विभागों के कर्मचारियों की बैठक हुई और 8 घंटे तक मंथन हुई निष्कर्ष निकाला की अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर व्यापक राज्य स्तरीय प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की गई। इसके पहले राज्य के 24 जिलों में पांच चरणों में चरणबद्ध रूप से कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। पांच चरणों में प्रथम चरण हस्ताक्षर अभियान. दूसरा चरण ध्यानाकर्षण रैली के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन देना ,तीसरा चरण स्थानीय विधायकों को ज्ञापन देना, चौथा चरण जिला स्तरीय कार्यक्रम करना और पांचवा चरण राज्य स्तरीय कर्मचारी संकल्प महासम्मेलन का आयोजन करके अपने 11 सूत्री मांगों को सरकार को ध्यान आकर्षण करना है।पांच चरणों में से अब तक आयोजित दो चरणों के कार्यक्रम की समीक्षा की गई। तत्पश्चात आगे के तीन चरणों की कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु रणनीति पर चर्चा की गई। झारोटेप के प्रांतीय समिति के इस बैठक में रामगढ़ जिले से प्रांतीय उप महासचिव डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप प्रांतीय संयुक्त महासचिव लोकेश कुमार उपस्थित हुए और कार्यक्रम को पूरी सफलता बनाने पर महत्वपूर्ण योगदान की भूमिका निभाने का आश्वासन दिया इस बैठक की अध्यक्षता झारोटेप के प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह ने किया, जबकि संचालन प्रांतीय महासचिव उज्ज्वल तिवारी ने किया विषय प्रवेश प्रांतीय कोषाध्यक्ष नितिन कुमार द्वारा किया गया इस बैठक में पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार मुरमू सचिवालय संवर्ग के सुरेंद्र कुमार विकास कुमार. झारखंड राजपत्रित कर्मचारी महासंघ से महेश कुमार और गोपाल शरण सिंह इनके अलावे झारोटेप के 45 विभागो के कर्मचारी उपस्थित हुए अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रांतीय मुख्य समन्वयक श्री अरविंद कुमार ने किया।

## सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए : मंत्री योगेंद्र प्रसाद



**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: दामोदर नदी से सटे महुआटांड थाना क्षेत्र अंतर्गत समरमरवा से तिरला चौक तक सुदूरवर्ती इलाका में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल मंत्री व गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो शामिल हुए, मंत्री ने सड़क निर्माण कार्य नारियल फोड़कर एवं शीला पट का अनावरण कर शिलान्यास किया, अपने समाधान में उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती इलाका में सड़क निर्माण हेतु ग्रामीणों की बरसों से मांग रखी गई थी जिसे आज धरातल पर उतारा गया,इस सड़क निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद ग्रामीणों को आवागमन करने में बेहतर सुविधा मिलेगी, कालीकरण और पीएससी सड़क निर्माण कार्य 2 करोड़ 57 लाख की प्राक्लित राशि की लागत से कराया जाना है,सड़क जिसकी लंबाई 2. 4क मी की होगी, उन्होंने कहा कि संवेदक सड़क के निर्माण में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसलिए निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ख्याल रखा जाए, इस मौके पर महुआटांड थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा पूर्व प्रमुख गिरधारी महतो, संवेदक पूरन महतो, उमेश महतो नागेश्वर चौधरी अशरफ अंसारी सहित दर्जनों ग्रामीण शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल थे।

# रामगढ़ पहुंचे कोयला राज्य मंत्री का सांसद मनीष जायसवाल ने किया अभिनंदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़** : भारत सरकार के कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दूबे अपने झारखंड प्रवास के दौरान रविवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ शहर पहुंचे। जहां पहले से ही उनके स्वागत में मौजूद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने सैनी होटल के समीप उनका अंग-वस्त्र भेंटकर और फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया और उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया ।ज्ञात हो कि कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद दूबे रामगढ़ में एक कार्यक्रम में भाग लेने रामगढ़ पहुंचे थे ।स्वागत करने वालो में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता,रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल,वरिष्ठ नेता कुंटू बाबू,, रणजीत पांडे, छोटन सिंह,सरदार अनमोल सिंह ,,सूर्यवंश श्रीवास्तव, ऋषिकेश सिंह , शीतल सिंह, कुणाल दास ,राजेश ठाकुर, मणिशंकर ठाकुर, मिथलेश मंडल सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रामगढ़ विस क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि के पत्नी के निधन पर उनके घर पहुंचकर सांसद ने दी अंतिम विदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ** : भाजपा रामगढ़ जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष सह सांसद मनीष जायसवाल के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी की धर्मपत्नी चुनर देवी (उम्र करीब 73 साल) के आकस्मिक निधन की सूचना पाकर सांसद मनीष जायसवाल उनके चितरपुर प्रखंड के रजरप्पा प्रॉजेक्ट स्थित ग्राम सांडी अवस्थित आवास पहुंचे और दिवंगत का अंतिम दर्शन कर नमन किया। सांसद मनीष जायसवाल मृतिका के परिवारजनों से मिलकर उनका ढांढस बंधाया और दुःख की इस घड़ी में उनके साथ खड़े रहने की बात कही ।ज्ञात हो कि मृतिका पिछले करीब ढाई साल से गंभीर बीमारी से जूझ रही थी। ये अपने पीछे दो सुपुत्र विजय प्रताप चौधरी ( व्यवसाई) और गौतम कुमार चौधरी ( युवा व्यवसाई) और एक शादीशुदा सुपुत्री नीलम देवी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई ।इस दौरान विशेष रूप से भाजपा रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता,रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल,जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी,विजय जायसवाल,वरिष्ठ नेता कुंटू बाबू, रणजीत पांडे,प्रो संजय सिंह,सरदार अनमोल सिंह,संजय शाह,मनोज गिरी,सुनील साहू,सूर्यवंश श्रीवास्तव, ऋषिकेश सिंह,सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र वार्ड नंबर 03 , बोंगावार में सैकड़ों लोगों ने जेएलकेएम का दामन थामा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ** : झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र बोंगांवार में कार्यकर्ता सदस्यता ग्रहण/जॉइनिंग कार्यक्रम पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष शिवनंदन मुंडा के नेतृत्व में रखा गया। इस जॉइनिंग कार्यक्रम में बहुत से लोगों ने पार्टी का दामन थामा। सभी लोगों ने कहा झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा आज के समय में बहुत ही अच्छी कार्य कर रही है।इस पार्टी के सुप्रीमो सह डूमरी विधायक माननीय टाइगर जयराम महतो का विचार बहुत ही अच्छा है। उन्हीं के विचारों से हम लोग इस पार्टी का थामे । क्योंकि झारखंड का विकास आज के समय में टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है। क्योंकि इस पार्टी में गरीब, शोषित, पीड़ित, वंचित, दबे, कुचले तथा सिस्टम के सताए लोग आशा भरी निगाह से इस पार्टी को देखते हैं। जेएलकेएम के द्वारा ही अपने हक अधिकार के आवाज को बुलंद किया जा सकता है।इस पार्टी में सदस्यता ग्रहण मुख्य रूप से महेंद्र करमाली, उमेश मुंडा, गुंजन मुंडा, विनोद मुंडा, नागेश्वर मुंडा, छोटू रविदास, कार्तिक रविदास, बंटी प्रजापति, लुकमान मियां, हुसैन अंसारी, कलीम अंसारी, सोनू मुंडा, महेंद्र मुंडा, प्रदीप मुंडा, सन्नी मुंडा, रवि मुंडा, सचिन मुंडा, अंकित मुंडा, अरुण मुंडा, साहिल मुंडा, गोबिंद मुंडा, संजय मुंडा, बीरबल रजवार, सुनील महतो, प्रदीप करमाली, इंदरजीत महतो, दीपक रविदास, राजेश मुंडा, श्रवण करमाली, दिलीप करमाली, गणेश करमाली तथा महिला में मुख्य रूप से मंजू देवी, किरण देवी, सुमन देवी, रिंकी देवी, दुलारी देवी सुमन देवी आशा देवी, बसंती देवी राधिका देवी, सरस्वती देवी ने जेएलकेएम पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी सभी ने पार्टी के प्रति अपना समर्पण और निष्ठा के साथ पार्टी के जिम्मेदारियां को निभाने की बात कही तथा टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करने में सभी एक मंच पर होकर शासन को मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और इस सदस्यता ग्रहण अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य के अलावा सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल द्वारा शिक्षाविद् एवं लेखक डॉ संजय प्रसाद सिंह का स्वागत किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ** : भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के आवासीय कार्यालय में रविवार को शहर के जाने-माने शिक्षाविद् एवं लेखक डॉ संजय प्रसाद सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कैंट मंडल के सम्मानित पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता के द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं लेखक डॉ संजय प्रसाद सिंह का गर्मजोशी स्वागत इस बात को प्रमाणित करता है कि समाज सेवा एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अपनी लेखनी का लोहा मनवाया है । लेखक डॉ सिंह समाज व राष्ट्र से जुड़े प्राचीन भारतीय परंपराओं और समसामयिक विषयों से संबंधित पहलुओं पर अपने लेखनी के माध्यम से लोगों का ध्यान आकृष्ट किया है । डॉ सिंह की एक प्रमुख पुस्तक जो हाल ही में प्रकाशित एवं विमोचन हुआ है । संस्कृति - संस्कार के सुपथ पुस्तक समाज के काफी उपयोगी है। इससे पूर्व द्वय पुस्तक अभिप्रेरणा के स्वर एवं खुशी और सफलता को लोगों ने काफी पसंद किया है । डॉ सिंह के स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहदेव ठाकुर, ऋषिकेश सिंह, ब्रजेश पाठक, सुशांत पाण्डेय, अजित गुप्ता, सुरेन्द्र शर्मा, राजा श्रीवास्तव, छोटु श्रीवास्तव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

*छह मई को रांची में संविधान बचाओ रैली में शामिल होंगे उरीमारी से सैकड़ों लोग*

## संविधान बचाओ विशाल रैली कार्यक्रम को सफल बनाने में पुर्ण सहयोग करें सभी कांग्रेस प्रतिनिधि : राजू यादव




प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी** : शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदुर यूनियन इंटक कार्यालय स्थित रविवार को आरसीएमयू इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव सह हजारीबाग कांग्रेस उपाध?यक्ष राजू यादव की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। वहीं इस बैठक में आगामी 6 मई मंगलवार को सुबह 11:30 बजे से पुराना विधानसभा मैदान (धुर्वा) रांची में कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह अमेठी सांसद राहुल गांधी के आह्वान पर ÷संविधान बचाओ रैली÷कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव संगठन प्रभारी के.सी.वेणुगोपाल, झारखंड प्रभारी के.राजू,सह प्रभारी डॉ.सिरिवेला प्रसाद, केन्द्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन सह विधायक बेरमो कुमार जयमंगल उर्फ अनुप सिंह सहित कई प्रमुख मंत्रीगण व राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता उपस्थित होकर विशाल रैली को संबोधित करेंगे। वहीं इस विशाल रेली को सफल बानाने के लिए उरीमारी से सैकड़ों कि संख्या में लोग शामिल होंगे। इस ÷विशाल रैली÷ कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग करें। वहीं इस बैठक में विस्थापित संघर्ष मोर्चा के सचिव महादेव बेसरा,बिरसा शाखा अध्यक्ष लालो महतो,सचिव कंचन मांझी,कानू मरांडी, क्षेत्रिय सुरक्षा समिति सदस्य गणेश राम,धर्मेदव करमाली,बिश्वनाथ मांझी,दिलीप कुमार,राजकुमार सिंह,टहल गोप,दीपक विश्वकर्मा,अली हसन खान,बाल्मीकि यादव,बिश्राम सोरेन,राजेंद्र प्रसाद यादव,पार्थो भट्टाचार्जी, वकील अंसारी, बाबूराम,भोला रविदास,नाथू प्रसाद,मुबारक अंसारी,राम लखन साव,सिगु मांझी,मन्नू टुड्डु,पूरन मांझी,कुल्लू प्रजापति,चारो मांझी,सिबू ठाकुर आदि लोग मौजूद थे।

## पांच दिवसीय श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्रा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा आज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुजू/ मांडू** : आदर्श ग्राम गरगली में पांच दिवसीय श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ कलश यात्रा 5 मई को प्रातः 7 बजे से निकाली जाएगी। आदर्श ग्राम गरगाली शिव मंदिर स्थल से 15 माइल दूधी नदी में जाकर ब्राह्मणों के द्वारा पूजा अर्चना करा कर जल भरकर पुनः शिव मंदिर परिसर में आकर कलश के जल से मूर्तियों का जलाभिषेक सोमवार को किया जाएगा। वहीं, पंचाग पूजन मंडप प्रवेश आरती मंथन संध्या आरती और प्रसाद वितरण, 6 मई को वेदी स्तंभ पूजन-हवन, कर्म कुटी जलाधिवास संध्या आरती और प्रसाद वितरण, 7 मई को वेदी स्तंभ पूजन हवन, अन्नाधिवास समस्त धिवास संध्या आरती एवं प्रसाद वितरण 8 मई को वेदी स्तंभ पूजन हवन महास्नान नगर, भ्रमण शयाधिवास आरती एवं प्रसाद वितरण 9 मई को होगा। नित्य पूजन मूर्तियों का न्यास प्राण प्रतिष्ठा हवन पूर्णाहुति आरती कन्या पूजन ब्राह्मण भोजन महा भंडारा एवं रात्रि में भगवती जागरण किया जाएगा। पांच दिवसीय महायज्ञ का मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि विधायक निर्मल महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, जयप्रकाश भाई पटेल पूर्व मंत्री, जयराम महतो डुमरी विधायक, खीरू महतो राज्यसभा सांसद, चंद्रमणि देवी प्रमुख, भोला टूरी जिला पार्षद अनीता देवी, मांडू चट्टी पंचायत मुखिया बैजनाथ राम, मांडू डीह पंचायत पूर्व मुखिया फूलमती देवी, मांडू चट्टी पंचायत रविंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष संजय कुमार समिति के अन्य सदस्य सुरेंद्र महतो, मुंशी महतो, सतीश शर्मा परमेश्वर ठाकुर, विजय गंझू, बलदेव ठाकुर, दशरथ ठाकुर, शंकर राम, प्रदीप साव, बसंत महतो, लखन महतो, जयनाथ महतो, लोकनाथ गंझू, रामेश्वर गंझू, गुरुदयाल गंझू होंगे। मौके पर बालेश्वर भुइयां, अशोक सिंह, निरंजन महतो, बबलू विश्वास आदि मौजूद थे।

## झामुमो अध्यक्ष शिवलाल हांसदा को मिला न्याय, संयोजक मंडली ने किया पहल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रजरप्पा** : झारखंड सरकार के उत्पाद विभाग एवं पेयजल स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो एवं दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा के निर्देश 4 मई रविवार को झामुमो जिला संयोजक मंडली एवं केन्द्रीय सदस्यों के उपस्थिति में रामगढ़ आरक्षित अधीक्षक डॉ अजय कुमार से मिल कर झामुमो पूर्व प्रखण्ड उपाध्यक्ष शिवलाल हंसदा पिता धनीराम मांझी चितरपुर प्रखण्ड अंतर्गत भूचूगडीह निवासी जिन्हे दिनांक 30 अप्रैल को रजरप्पा थाना के पुलिस पदाधिकारी सतेन्द्र कुमार शर्मा ने पुलिस गश्ती के दौरान नेता के घर के सामने पुलिस अभद्र व्यवहार किया गाली गलौज किया तथा मारपीट किया गया था,इस घटना को केंद्रीय नेतृत्व संयोजक मंडली द्वारा गंभीरता से लेते हुए रामगढ़ एसपी से बातचीत किए इस बाबत रामगढ़ एसपी ने मामला को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए रजरप्पा थाना में कार्यरत एएसआई सतेन्द्र कुमार शर्मा को तत्काल लाइन हाजरी कर दिया गया है, साथ संयोजक मंडली के सदस्यगण के द्वारा शिवलाल हंसदा घर पहुंच कर उनके अनुपस्थित में उनकी धर्मपत्नी को रामगढ़ एसपी द्वारा सतेन्द्र कुमार शर्मा को लाइन हाजरी किए गए चिट्ठी को सौंप दिया गया। इस मौके पर राजकुमार महतो,चित्रगुप्त महतो, सोनाराम मांझी, विजय राम, श्रीमति पिंकी बेसरा,श्रीमति गीता विश्वास,गुलाब नवी,बरतु करमाली, साजिद आलम, एतवा बास्के, खुदीराम महतो,विनय मुन्ना, मुमताज अंसारी,

## चित्रांश महापरिवार के अध्यक्ष सनत कुमार सिन्हा एवं अभाकाम के जिला सचिव अनिल कुमार सिन्हा की माता का हुआ निधन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गोला** : चित्रांश महापरिवार गोला के अध्यक्ष सनत कुमार सिन्हा एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला सचिव अनिल कुमार सिन्हा की माता एवं समाजसेवी स्व. प्रधान भुवनेश्वर प्रसाद की पत्नी प्रेमलता देवी( 93 वर्ष ) का शनिवार अपरान्ह देहावसान हो गया। वे पिछले कई महीनों से बिमार चल रही थीं। वे अपने पीछे छः पुत्रों एवं एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है। रविवार को उनका अंतिम संस्कार धोरधोरा नदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र संजय कुमार सिन्हा ने दी। दिवंगत प्रेमलता देवी के निधन पर चित्रांश समाज के अलावे अन्य समाज के लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। शोक व्यक्त करनेवालों में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा, महासभा के राष्ट्रीय सचिव अमित कुमार सिन्हा, गोला चित्रांश महापरिवार के सचिव रविन्द्र कुमार सिन्हा, महापरिवार के उपाध्यक्ष अजीत कुमार सिन्हा, अभाकाम के जिला उपाध्यक्ष द्वय कुँवर कुमार बक्शी एवं सुजीत सिन्हा, प्रदीप चन्द्र लाला, धीरेंद्र नारायण बक्शी, सुमन कुमार सिन्हा, दीपक कुमार सिन्हा, श्रीकांत गोविंद, शैलेंद्र सिन्हा, उपसचिव रजनीश आनंद, कोषाध्याक्ष अमित कुमार, संदीप बक्शी, बिरेन्द्र सिन्हा, आनंद बक्शी, अभिषेक सिन्हा के अलावे सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र, जिला परिषद सदस्य जलेश्वर महतो, अविनाश खन्ना, दिनेश पोद्दार सहित सैंकड़ों लोग शामिल हैं।

## मांडू थाना में समीक्षा बैठक मांडू पुलिस निरीक्षक सुरेश लिंडा ने किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडू** : रविवार के दिन मांडू थाना में समीक्षा बैठक किया गया समीक्षा बैठक मांडू पुलिस निरीक्षक सुरेश लिंडा ने किया जिसमें मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार, घाटो ओपी प्रभारी दीपक कुमार सहित कुजू ओपी के अभिनवभ कुमार, रंजीत कुमार मौजूद थे समीक्षा बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्देश पुलिस निरीक्षक सुरेश लिंडा ने दिए महिला उत्पीड़न से संबंधित समस्याओं पर विशेष रूप से कार्य करें एन,डी,पी,एस एक्ट के द्वारा समय समय पर जगह बदल बदल कर पूर्वा एवं संध्या को चेटिंग अभियान चलाए और सूचना संकलन करें वहीं एक्सिडेंट केस में मौजा प्रस्ताव भेजें थाना में आए आम जनों से अच्छा व्यवहार करें लंबित किसका निष्पादन जल से जल्द किया जाए की गसती अभियान तेज किया जाए जिसे अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके इन निर्देशों के साथ? समीक्षा बैठक की समाप्त किया गया।

## मस्जिद निर्माण से मुसलमानों को नमाज अदा करने में होगी सुविधा : मंत्री योगेंद्र प्रसाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा** : रजरप्पा क्षेत्र से सटे महुआटांड थाना क्षेत्र अंतर्गत धवइयां पंचायत के हरदगड़ा गांव मे नया मस्जिद निर्माण हेतू ढलाई कार्य का शुभारंभ किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के उत्पाद विभाग एवं पेयजल स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद शामिल हुए, मंत्री के पहुंचने पर हरदगड़ा अंजुमन कमेटी के सदर वारिस अंसारी एवं सेक्रेटरी जहांगीर अंसारी के द्वारा मंत्री को बुके देकर एवं माला पहनाकर भव्य रूप से स्वागत किया, मोमिनो को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंत्री योगेंद्र ने कहा कि मस्जिद एक मुस्लिम धरमावलंबियों के लिए बहुत बड़ा आस्था का केंद्र है,मस्जिद के निर्माण में पास पड़ोस के मुस्लिम समाज के महिला पुरुष को सहयोग करने की आवश्यकता है, इस गांव में मस्जिद का निर्माण कार्य पूरा होने से मुस्लिम भाइयों को नमाज अदा अथवा नमाज पढ़ने में बेहतर सुविधा मिलेगी और समाज के लोगों को एक आस्था का केंद्र बन जाएगा, उन्होंने कहा कि इस गांव के मुसलमान द्वारा कब्रिस्तान का चहार दीवार निर्माण के लिए मांग की जा रही है जिसे जल्द से जल्द झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा कब्रिस्तान का चहार दीवारी निर्माण कार्य बहुत जल्दी प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस मौके पर महुआटांड़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, नागेश्वर चौधरी उमेश महतो, अशरफ अंसारी, गोमिया उप प्रमुख गिरधारी महतो, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मदन महतो मरांडी कई मुस्लिम समाज की महिला पुरुष शामिल थे।

## अवैध कोयला कारोबारियों के खिलाफ बीसीसीएल प्रबंधन सख्त



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बाघमारा में इन दिनों अवैध कोयला कारोबारियों के खिलाफ स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन पूरी तह सख्त दिख रही है। लगातार अवैध मुहाने पर बुलडोजर चल रहा है, जिससे अवैध कोयला कारोबारियों मे भय का माहौल है। ताजा मामला मधुबन थाना अंतर्गत बरोरा बीसीसीएल एरिया 01 एएमपी कोलियरी 7 पैच संजय उद्योग आउटसोर्सिंग कंपनी परिसर के समीप का है। जहां बंद कोयला खदान के मुहाने को अवैध तरीके से खोल कर कोयला खनन किया जा रहा था। जिसे आज बीसीसीएल एरिया 01 के परियोजना पदाधिकारी के निर्देश पर सीआईएसएफ बल और मधुबन थाना ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर बंद करवा दिया। साथ ही उस मुहाने की भराई भी कर दी गई। स्थानीय पुलिस द्वारा इस अवैध कारोबार के संलिप्त तस्करों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है। बीसीसीएल के इस कार्रवाई से अवैध कोयला कारोबारियों में हड़कंप का माहौल है।

## सड़क हादसे में जीजा साला हुए घायल, अस्पताल में भर्ती



**गोमो(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: तोपचांची जीटी रोड पर रविवार की सुबह हुई सड़क हादसे में जीजा और साला गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए धनबाद के एस एन एम एम सी एच भेजा गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि जीजा और साला विवाह समारोह में शामिल होकर बाइक से अपने घर कांको लौट रहे थे। इस दौरान जैसे ही दोनों तोपचांची के मिडिल स्कूल पास पहुंचे ही थे कि अनियंत्रित होकर बाइक सवार ने विपरीत दिशा से आ रही दूध वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इस घटना में बाइक के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद लोगों ने इसकी जानकारी तोपचांची पुलिस को दी जहां पुलिस मौके पर पर एन एच आई के एंबुलेंस से घायलों को एस एन एम एम सी एच भेजा।

## बारिश के बाद गर्मी से राहत, व्यापारियों की बढ़ी परेशानी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: शनिवार शाम धनबाद शहर समेत आसपास के क्षेत्रों में हुई हल्की बारिश ने जहां लोगों को चिलचिलाती गर्मी से राहत पहुंचाई, वहीं यह बारिश फुटपाथ दुकानदारों और ठेले खोमचे वालों के लिए मुसीबत बन गई। शाम करीब चार बजे शुरू हुई बारिश ने लोगों को थोड़ी राहत जरूर दी, लेकिन इससे दैनिक जनजीवन भी कुछ देर के लिए अस्त-व्यस्त हो गया। शनिवार दोपहर से ही आसमान में काले बादल छाए हुए थे और दिन में ही रात जैसा नजारा देखने को मिला। हल्की बारिश होने के बावजूद लोगों का आना-जाना जारी रहा, लेकिन सड़क किनारे दुकानें लगाने वाले दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ठेला व खोमचा चलाने वालों ने तिरपाल से अपने दुकानों को ढक कर किसी तरह अपना सामान बचाया। बारिश की वजह से बाजार में ग्राहकों की संख्या में भी कमी देखी गयी। कई दुकानदारों ने बताया कि आमतौर पर शाम के समय सबसे ज्यादा ग्राहक आते हैं, लेकिन बारिश के कारण इस समय ग्राहक कम पहुंचे, जिससे उनके व्यापार पर असर पड़ा। वहीं, दूसरी ओर किसानों के चेहरे पर राहत की मुस्कान देखने को मिली। बारिश से उन्हें उम्मीद जगी है कि मौसम में बदलाव होगा और खेती कार्य में तेजी आएगी।

## जन औषधि केंद्र का विधायक राज सिन्हा ने किया उद्घाटन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: हीरापुर के ज्ञान मुखर्जी रोड, सेंट्रल बैंक के समीप प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के जन औषधि केंद्र का उद्घाटन धनबाद विधायक राज सिन्हा ने फीता काटकर किया। मौके पर विधायक राज सिंह ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। इससे धनबाद के लोगों को 200 - 250 सौ रुपए की दवाइयां 20 से 25 रुपए में बहुत सस्ती दर पर मिलेगी। जिससे लोगों को काफी राहत होगी। स्टोर की ओनर पूजा शर्मा ने कहा की 50त्न से 80त्न तक सस्ती दवाइयां उपलब्ध है। इसके देश भर में 14000 से अधिक केंद्र कार्यरत है तथा केंद्र में 2000 से अधिक उच्च गुणवत्ता युक्त दवाइयां उपलब्ध होंगी।

## तान्या बनर्जी बनीं मिस ईस्ट जोन, खुशी की लहर



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: मिस्टर एंड मिस ईस्ट जोन सीजन-1 का ग्रैंड फिनाले रांची में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल से प्रतिभागियों ने भाग लिया। धनबाद की तान्या बनर्जी ने इस प्रतियोगिता में जीत हासिल कर मिस ईस्ट जोन का खिताब अपने नाम किया। विजेता के रूप में तान्या को 50 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। तान्या की इस उपलब्धि पर सोशल मीडिया पर उन्हें बधाइयाँ मिल रही हैं और उनके परिवार व दोस्तों में खुशी का माहौल है। इस सफलता के पीछे तान्या की तीन वर्षों की मेहनत और मजबूत इच्छाशक्ति रही है। मॉडलिंग के क्षेत्र में तान्या अब तक कई इंडियन और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के साथ काम कर चुकी हैं। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीए की डिग्री प्राप्त की है और वर्तमान में एक सीनियर एयर होस्टेस के रूप में कार्यरत हैं। शो में निर्णायक की भूमिका में मुंबई से मिस्टर वर्ल्ड वाइड एवं मिस्टर पैसिफिक यूनिवर्स नील आर्यन और शो के डायरेक्टर ऋषभ सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शमशेर आलम, प्रीति सिंह, इंदु मिश्रा, रीता मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# करोड़ों की लागत से निर्मित रेलवे अंडरपास बना स्विमिंग पूल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**कतरास :** करोड़ों की लागत से बना रेलवे अंडरपास तालाब में तब्दील हो चुका है। जलजमाव के कारण आवाजाही बंद है। पुल निर्माण के दौरान पानी की निकासी का ख्याल नहीं रखा गया। जिसका ध्यान संवेदक और रेल प्रशासन को तनिक भी नहीं है। जब भी बारिश होती है, पुल के नीचे जलजमाव की स्थिति बन जाती है। स्थानीय लोग डीआरएम से इस समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगा रहे हैं।गौरतलब है की धनबाद रेल मंडल के द्वारा मोहलीडीह पंचायत में करोड़ों रुपये की लागत से रेलवे अंडरपास पुल का निर्माण कराया गया था। जिस उद्देश्य से इस पुल का निर्माण कराया गया था, वह अब बेकार साबित होने जा रहा है। बारिश के कारण पुल में 5 फीट लगभग जलजमाव है। जलजमाव के निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। पानी की गहराई इतनी अधिक है कि गलती से कोई बच्चा इधर आ जाए तो डूब सकता है। नतीजन रेलवे पुल फिलहाल बंद पड़ा है। राहगीर से लेकर वाहन की आवाजाही पूरी तरह से बंद है।

## स्विट्ज़रलैंड थीम सिटी लेकर धनबाद का दिल जीतने फिर आया डिज्नीलैंड मेला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गर्मी की छुट्टियों को मजेदार बनाने के लिए धनबाद में एक बार फिर धनबाद एक्सपो डिजनीलैंड मेला धनबाद के जिला परिषद मैदान में धूम मचाने आ गया है। उद्घाटन धनबाद के जिला परिषद धनबाद चेयरमैन शारदा सिंह और निवर्तमान धनबाद मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल 6 मई मंगलवार को शाम 6 बजे करेंगे। यह जानकारी शनिवार को मेला प्रबंधक रंजीत साहा, अवध बिहारी एवं बिपलव चक्रवर्ती, पगड़ी बाबा ने प्रेस कांफ्रेंस के जरिये पत्रकारों को दी।गर्मी को ध्यान में रखते हुए इस बार डिज्नीलैंड मेले में स्वीटजरलैंड थीम सिटी भी बनाया जा रहा है, जिसका लुत्फ लोग मेला घूमने के दौरान उठा सकेंगे। मेले में बच्चे और बड़ों के लिए कई तरह के झूले लगाये गये है, जिसमे ब्रेक डांस, टोरा टोरा, ज्वाइंट व्हील, कोलंबस ड्रैगन, चाँदतारा झुला, मिकी माउस, धूम बाइक, मिनी ब्रेक हेलीकाप्टर, और हॉर्स राइड जैसे मनोरंजन के समान मौजूद रहेंगे।मेला रोजाना संध्या 4 बजे से शुरू होगा जो रात्रि 10 बजे तक चलेगा।

# निर्दयी पति ने की अपनी पत्नी की निर्मम हत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** राजगंज में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां राजगंज थाना क्षेत्र के कानाटांड़ में एक निर्दयी पति द्वारा घरेलू विवाद में अपनी पत्नी की निर्ममता से हत्या कर दी गई। इतना ही नहीं उस क्रूर पति ने हत्या कर साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को अपने कंधे पर लाद कर जंगल में ले जाकर दफना दिया।इस संबंध में मृतका के चाचा ईश्वर प्रजापति ने बताया कि बोकारो जिले के नर्रा गांव निवासी उत्तम पंडित की पुत्री लक्ष्मी कुमारी का विवाह धनबाद जिले के राजगंज थाना अंतर्गत काना टांड़ निवासी मनबोध पंडित से लगभग छह साल पूर्व हुआ था। लक्ष्मी के पति द्वारा उसे हमेशा प्रताड़ित किया जाता था जिसने कई बार अपनी बहनों को बताया था।मृतका के चाचा ने बताया कि लक्ष्मी के माता पिता गुजर चुके हैं तथा वह पांच बहनों में यह दूसरे नंबर में थी, जबकि इसकी तीन बहन की शादी नहीं हुई है। वहीं मृतका के दो छोटे छोटे बच्चे हैं। भतीजी के मौत की सूचना पाकर नर्रा मुखिया समेत कई लोगों के साथ राजगंज थाना पहुंचे तथा मामले की जानकारी दी।वहीं जानकारी मिलने पर राजगंज थाना प्रभारी अलीशा अग्रवाल दल बल के साथ मौके पर पहुंची जहां मजिस्ट्रेट नियुक्ति के बाद देर रात मजिस्ट्रेट रविन्द्र नाथ ठाकुर की निगरानी में देर रात को शव निकालकर थाना लाया गया। वहीं पुलिस द्वारा मृतका के पति मनबोध पंडित को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## जामिअतुल मदीना धनबाद में हज प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** दावत-ए-इस्लामी इंडिया के मजलिस हज व उमरा के तत्वावधान में आज जामिअतुल मदीना, आरा मोड़, वासेपुर, धनबाद में एक भव्य हज प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला धनबाद के मजलिस हज व उमरा के जिम्मेदार गुलाम मोहम्मद अतारी क़ादरी की देखरेख में सम्पन्न हुआ।इस प्रशिक्षण शिविर में धनबाद और आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में हज और उमरा के पर जाने वाले लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में दावत-ए-इस्लामी के वरिष्ठ मुबल्लिग हाजी शब्बीर हलीमी ने विशेष रूप से उपस्थित रहे और हाजियों को हज व उमरा से संबंधित अहम जानकारियां सरल व प्रभावशाली अंदाज में प्रदान की। कार्यक्रम में कई प्रमुख उलेमा व बुद्धिजीवियों ने भी भाग लिया और दावत-ए-इस्लामी की सेवाओं की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में तंज़ीम उलेमा-ए-अहले सुन्नत धनबाद और दावत-ए-इस्लामी के स्थानीय कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।मौके पर मुफ्ती अलाउद्दीन फरीदी, मौलाना यूनुस रज़ा, मौलाना गुलाम सरवर मिसबाही, मौलाना सऊद मिसबाही, हाफ़िज़ अफ़रोज़ क़ादरी, हाफ़िज़ जहांगीर नोमानी, मो इमामुद्दीन, अफ़ज़ल मदनी, मौलाना अबू तालिब मदनी, मौलाना नूर मोहम्मद जामई, कारी अब्दुल वहीद सहित जामिअतुल मदीना के पूरे मदीनी अमले ने भी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंत में दुआ की गई कि अल्लाह पाक सभी हाजियों को हज के अरकान आसानी से अदा करने की तौफीक दे और सभी योग्य मुसलमानों को हरम शरीफ की हाजिरी नसीब हो।

# राजद ने किया जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चिरकुंडा :** युवा राष्ट्रीय जनता दल धनबाद जिला द्वारा रविवार की सुबह, चिरकुंडा स्थित सेलिब्रेशन हॉल में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर शुरू किया गया। तत्पश्चात जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए, आतंकी हमले में जान गंवाने वाले पर्यटकों के आत्मा की शांति को लिए 1 मिनट का मौन धारण कर किया गया।उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत माला पहना एवं गुलदस्ता भेंट कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष युवा रजत रंजन यादव एवं सेवानिवृत्ति आईपीएस अधिकारी संजय रंजन सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम पूरे प्रदेश में किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से हम अपने कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना, उसके उद्देश्य, पार्टी का विचार एवं चुनाव चिन्ह लालटेन क्यों है, इसके बारे में बताना है। वही युवा राज्य धनबाद जिला अध्यक्ष राजेश उर्फ बिट्टू मिश्रा ने कहा कि कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद देते हैं। साथ ही कार्यकर्ताओं से यह कहना चाहते हैं की पार्टी के गहराइयों को बारे में अच्छे से जानकारी दें। यह कार्यशाला पूरे झारखंड के 24 जिला में पहला कार्यक्रम है। इसमें सभी प्रखंड एवं नगर क्षेत्र से पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए हैं।

# ऑनलाइन साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ऑनलाइन साइबर ठगी के एक आरोपी को धनबाद साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम अभिनन्दन कुमार, पिता- अखिलेश सिंह है जो कि बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के न्यू कलोनी का रहने वाला है।गिरफ्तार शख्स पर आरोप है कि उसने एक व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी के जरिये ऑनलाइन ठगी की वारदात को अंजाम देते हुए करीब 15 लाख रुपये कि साईबर ठगी की है। शिकायत प्राप्त होने पर साईबर थाना में काण्ड सं0-41/24 के अंतर्गत धारा 318/319 (2) BNS × 66(C)/66(D) I.T ACT के तहत कांड पंजीकृत कर अनुसन्धान प्रारम्भ किया गया।अनुसंधान के क्रम मे वादी के खातो से भेजे गये पैसों की विवरणी विभिन्न बैंक खातो से प्राप्त की गई एवं खाता में दर्ज़ जानकारी के अनुसार पीछा करते हुए साईबर ठगी के आरोपी अभिनन्दन कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति के द्वारा विभिन्न बैंको में करीब 14 खाता खोलवाया गया था जिसमे कुल 29 शिकायत NCRP Portal मे शिकायत दर्ज है। गिरफ्तारी के वक़्त आरोपी के पास से पुलिस ने एक पोको मोबाईल फोन (दो सीम के साथ) जिसमे से एक NCRP Portal में शिकायत दर्ज को बरामद किया है।

## अधिवक्ता ने थाना प्रभारी के खिलाफ ज़मीन की घेरा बंदी को लेकर लगाया सूचना का अधिकार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह ने सूचना का अधिकार 2005 के तहत जोरापोखर थाना प्रभारी के खलाफ 09/04/2025 को कई बिन्दु पर अंचल अधिकारी से जानकारी मांगी है। अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह ने कहा है की उक्त भूमि सह मकान का सारा दस्तावेज़ थाना प्रभारी के पास जमा करने के बाद भी आज तक घेराबंदी कर रखा है। कही ना कही ये अपने पावर का दुरुपयोग किया है। अशोक कुमार सिंह ने कहा है की कुल 9 बिंदु पर जवाब माँगा है। उन्होने कहा है की सभी वैध दस्तावेज एवं पूर्व थाना प्रभारी के द्वारा विधुत विभाग का अनापत्ति पत्र (ह्र.ह्र.ष्ट) कागजात संलग्न कर नोटिस भेजे गये लेकिन राजेश प्रकाश सिन्हा के संज्ञान में आने के बावजूद उक्त भूमि सह मकान को तार के द्वारा घेराबंदी कर क्यों रखा गया है। जोरापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा को किस संविधान तथा किस पदाधिकारी के आदेश से भूमि संबंधित मामला में रजिष्ट्री एंव दाखिल खारीज न मानने का अधिकार दिया गया है। आदेश से सम्बंधित जानकारी देने की कृपा करे। यह कि, दिनांक- 10.06.2024 को आपको डाक एंव ऑलाईन आवेदन कर उक्त भूमि सह मकान के घेराबंदी को हटाने के लिए एंव सिमांकन कर ऑनलाईन रसीद के लिए आवेदन किया गया है। अब तक उक्त आवेदन पर क्या कार्रवाई की गई जानकारी देने का कष्ट करें। जोरापोखर थाना के वर्तमान थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा को किस संविधान तथा किस पदाधिकारी के आदेश से भूमि संबंधित मामला में रजिष्ट्री एंव दाखिल खारीज न मानने का अधिकार किस अधिकारी / पदाधिकारी के द्वारा दिया गया जानकारी देने की कृपा करे।

## कोल एम्पलोइज वेलफेयर एसोसियेशन की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता




**झरिया :** धनबाद सर्किट हाउस में धनबाद जिला बैकवर्ड क्लास (ओ.बी.सी.) कोल एम्पलोइज वेलफेयर एसोसियेशन का बैठक संपन्न हुआ। बैठक में धनबाद जिला के नव मनोनीत पदाधिकारी को केंद्रीय मीडिया प्रभारी राम नारायण राय के द्वारा माला पहना कर सम्मानित किया। जिला महासचिव जितेंद्र कुमार राय ने कहा की (ओ.बी.सी.) उन समुदायों को दर्शाता है जो ऐतिहासिक रूप से सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से पिछड़े रहे हैं। इन वर्गों के उत्थान और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने हेतु सरकार ने विशेष योजनाएं, नीतियां और आरक्षण की व्यवस्था की है। लेकिन जानकारी के अभाव के कारण सरकारी योजना से वंचित है। स्वरोज़गार, सरकारी योजनाएं, लोन सब्सिडी और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ओ.बी.सी. वर्ग को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। जिला अध्यक्ष मदन राम ने कहा की रोजगार, शिक्षा और सामाजिक संसाधनों तक ओ.बी.सी वर्ग की पहुंच सुनिश्चित करना ताकि वे दूसरों के बराबर खड़े हो सकें। छात्रवृत्ति आरक्षण और विशेष कोचिंग जैसी योजनाओं के माध्यम से ओबीसी वर्ग के छात्रों को बेहतर शिक्षा के अवसर प्रदान करना होगा ताकि वे दूसरों के बराबर खड़े हो सकें।जिला कमेटी में जिला अध्यक्ष मदन राम, जिला महासचिव जितेंद्र कुमार राय, जिला उपाध्यक्ष सुनील कहार, प्रभु चौधरी, कोषाध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी, प्रवक्ता विनोद यादव, सम्मानित सदस्य महफूज आलम, राम प्रसाद, मनीष कुमार सिंह, किशोर रवानी, सदरे आलम, मंटू चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी को माला पहना कर सम्मानित किया गया। इससे संगठन के माध्यम से धनबाद के पिछड़ा वर्ग के लोगों के साथ हो रहे अन्याय की लड़ाई में साथ देने का काम किया जाएगा। सभी मनोनीत पदाधिकारी सदस्यों ने कहा की वे ओबीसी के हितों के लिए इस संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।

# 3 लड़कों की किडनैपिंग, मांगी 3 करोड़ की फिरौती

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** मुनीडीह ओपी क्षेत्र के आमडीह बस्ती निवासी मनोज कुमार महतो ने अपने बड़े भाई सरोज महतो और दो लोगों के अपहरण का मामला दर्ज कराया है। अपहर्ता तीन करोड़ रुपए फिरौती मांग रहे हैं। मुनीडीह पुलिस अज्ञात पर अपहरण और फिरौती का मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। पुलिस सूत्रों की माने तो एक टीम अपहृत युवकों की तलाश में मुंबई रवाना हो चुकी है।प्राथमिकी में शिकायतकर्ता मनोज महतो ने लिखा कि उनके बड़े भाई सरोज कुमार महतो 26 अप्रैल 2025 की सुबह बोकारो जिले के दुग्धा स्थित चंदवाडीह के मुखिया चंदन सिंह के घर गए थे। वहां से मुखिया का ड्राइवर निजी कार से सरोज को करीब आठ बजे सुबह रांची एयरपोर्ट ले गया, वहां से हवाई जहाज से मुंबई ले जाया गया। 29 अप्रैल 2025 को मनोज को सरोज का फोन आया, जिसमें बताया कि उसका अपहरण कर लिया गया है और मेरे साथ अन्य दो मित्र भी हैं। इधर, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम ने कहा कि अपहरण की शिकायत के आलोक में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। टीम का गठन किया गया है। टेक्निकल टीम जुटी है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा को आमजन तक पहुंचना हमारा लक्ष्य : बिंदेश्वर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में इन दिनों भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की विचारधारा को और उनके प्रति सम्मान भाव को सशक्त करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे है। अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत लोहरदगा में रविवार को व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू, नगर उपाध्यक्ष अशोक कसकर, सत्यम कुमार और चंदन गोप ने किया।इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोहरदगा शहर के बरवाटोली समेत विभिन्न वार्डो में घर-घर जाकर नागरिकों से संवाद किया और डॉ. अंबेडकर की विचारधारा, योगदान और विरासत पर चर्चा की गई। जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं ने बताया कि डॉ.अंबेडकर को भारत रत्न देने का निर्णय भाजपा समर्थित वी.पी. सिंह सरकार ने लिया था,जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने लंबे समय तक उनके योगदान की अनदेखी की। भाजपा नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि संसद भवन में डॉ. अंबेडकर का चित्र लगाने के प्रस्ताव को कांग्रेस ने यह कहकर ठुकरा दिया था कि।संसद में जगह नहीं है।इस अवसर पर बिंदेश्वर उरांव ने कहा की भाजपा ने न केवल उन्हें भारत रत्न दिलवाया बल्कि उनके विचारों को जमीनी स्तर तक ले जाने का संकल्प भी निभाया है।भाजपा ही संविधान की असली रक्षक है और डॉ.अंबेडकर के सामाजिक न्याय के सपनों को साकार करने में सबसे आगे है।भाजपा कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि कांग्रेस संविधान को लेकर लोगों में जानबूझकर भ्रम फैला रही है, जबकि भाजपा संविधान की मूल भावना और डॉ.अंबेडकर के आदर्शो के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अभियान के दौरान आम नागरिकों ने भी डॉ. अंबेडकर के प्रति गहरी आस्था जताई और उनके विचारों को आत्मसात करने की बात कही। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि डॉ.अंबेडकर किसी एक दल या वर्ग के नहीं,बल्कि पूरे राष्ट्र के प्रेरणास्रोत हैं। भाजपा का यह अभियान केवल राजनीतिक गतिविधि नहीं, बल्कि एक वैचारिक आंदोलन है जो देश के लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान और सामाजिक समरसता को मजबूती देने की दिशा में एक ठोस पहल है।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आजातशत्रु ने जिया फ्रेश मिल्क केंद्र का किया भव्य शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू प्रखंड अंतर्गत नवा टोली गांव में रविवार को 'जिया फ्रेश मिल्क' केंद्र का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माने जा रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आज़ातशत्रु द्वारा इस केंद्र का उद्घाटन दीप प्रज्वलन और राधा-कृष्ण की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर गांव में उत्सव का माहौल रहा और हजारों की संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जिया फ्रेश मिल्क केंद्र ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है। ऐसे संस्थान ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन सकते हैं। हम हर संभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर केंद्र के संचालक प्रशांत प्रजापति ने बताया कि ÷इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध, ताज़ा और पौष्टिक दूध उपलब्ध कराना है। साथ ही, इससे गांव के युवाओं और महिलाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।÷ उन्होंने यह भी बताया कि निकट भविष्य में दुग्ध-आधारित अन्य उत्पादों की भी शुरुआत की जाएगी, जिससे आत्मनिर्भरता को और बल मिलेगा। यहां विरुद्ध मात्र में दूध का संग्रह केंद्र है यहां प्रतिदिन 15 से 20 हजार लीटर दूध संग्रह कर रांची भेजा जाता है या लोहरदगा जिला के लिए सराहनीय कार्य है।

# झारखंड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा रांची ने आर्य समाज लोहरदगा के पदाधिकारीयों के साथ की बैठक




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को प्रातः 11:00 बजे झारखंड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा रांची के तत्वाधान में कमला देवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित की गई जिसमें आर्य समाज लोहरदगा के पदाधिकारियों के साथ शहर के गणमान्य लोग की उपस्थिति रही। बैठक में शांति आश्रम लोहरदगा की गतिविधि एवं झारखंड आर्य प्रतिनिधि सभा की भूमिका विषय रही। बैठक की अध्यक्षता सभा के प्रधान आचार्य कृष्ण प्रसाद कौटिल्य जी ने की तथा संचालन सभा के उपमंत्री डॉ आचार्य अशोक जी ने की। बैठक में सदस्यता अभियान में लोगों को शामिल करना, वेदों के प्रति जागरूकता, बच्चों में संस्कार का विकास करना, यज्ञ के प्रति लोगों में जागरूक करना, आदि विषय में विस्तृत चर्चा भी की गई। बैठक में सभा के मंत्री पूर्णचंद्र आर्य, आचार्य कृष्ण प्रसाद कौटिल्य, नीरज प्रसाद साहू, सत्येंद्र कुमार, विश्वनाथ वाचस्पति, हिमांशु कुमार,डॉ आचार्य अशोक,बरूण बिहारी, चंदन वर्मा, देशबंधु शास्त्री, लोकेश भूषण,उमेश कुमार साहू, विजय कुमार, विनय वर्मा, क्षरितेश कुमार साहू,मनोज कुमार,बीरेंद्र कुमार आदि अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# संसद भवन में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का चित्र लगाने से कांग्रेस ने इनकार किया था : पवन तिग्गा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को लोहरदगा सदर प्रखंड के तिगरा पंचायत के तिगरा गांव में भारतीय जनता पार्टी के नेता पवन तिग्गा के अगुवाई में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का विचार को जन-जन तक पहुंचाना और उन्होंने समर्पित सामान का भाव को मजबूत करने के उद्देश्य से अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत व्यापक जनसंपर्क अभियान आयोजन किया गया। और इस आयोजन में विभिन्न धर्म वली ने बाबा साहब के संविधान के रचयिता को कांग्रेस के द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी को कांग्रेस शासन में लगातार उपेक्षित और विरोध का सामना करना पड़ा जिससे उनकी सामाजिक न्याय की निभाई भूमिका 1915 में कांग्रेस द्वारा हिंदू कोड बिल का समर्थन ना किया जाने पर उन्होंने देश के पहले कानून मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया जो कांग्रेस के खिलाफ उनके विरोध का प्रतीक है वहीं भाजपा ने बाबा साहब के सामाजिक न्याय और शक्ति करण के विचारों को अपनाया मोदी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया और स्टैंड ऑफ इंडिया पीएम आवास योजना जैसी योजनाओं से वंचित वर्गो को मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया जो बाबा साहब का समावेशी भारत की सोच का प्रतीक है। अभियान में भिखू उरांव, संगीता उरांव, किशोर उरांव, शंकर उरांव, सोमराव उरांव, मोहम्मद अंसारी, याकूब अंसारी, विजय प्रजापति, लक्ष्मण प्रजापति, अंगद प्रजापति आदि लोग उपस्थित थे।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 36 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर हुए लाभान्वित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 151 वॉं सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल एवं सह सचिव संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए और सभी ने भारत माता की जय का जयकारा लगाते हुए नमन किए, आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 36 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया, एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही कराई जाती है, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि स्वस्थ शरीर रहने पर ही जीवन जीने का आनंद है नहीं तो सभी चीजें व्यर्थ है, और कहा की डॉक्टर कुमुद अग्रवाल इस शिविर में लगातार अपना सेवा देते आ रहे हैं इनके द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य की जितनी सराहना की जाए कम है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की सेवा ही परमो धर्म है और हमें यहां आकर बहुत आनंद आता है और कहा की अपने स्वास्थ की जांच कराते रहना चाहिए सुखी जीवन स्वस्थ शरीर रहने से ही मिल सकता है। सह सचिव संजय चौधरी व सुबोध प्रसाद महतो ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ चेकअप करवा कर और अपने उक्त बीमारियों का यहाँ डॉक्टर से इलाज करवाते हुए उनकी सलाह से स्वस्थ हो रहे हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं। आज शिविर में-

# भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ना मुख्य उद्देश्य : डॉ. संजय कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** चिकित्सक को भगवान का रूप कहा जाता है। इसके पीछे शायद एक वजह यह भी है कि यदि एक चिकित्सक चाह लें तो,अपने संकल्पित प्रयास से अस्पताल की सूरत बदल सकता है। कुछ ऐसा ही काम कर दिखाया है भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डां संजय कुमार ने कभी खंडहर और डरावना सा दिखने वाला भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ सूरत ही नहीं बल्कि सेवा के बदौलत भी अपनी एक अलग पहचान बना रहा है। भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा व्यवस्था और साफ-सफाई देखकर ही मरीज के चेहरों में रौनक लौटने लगती है। यही वजह है कि भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को एक बार नहीं दो-दो बार इनपास अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। जिसमें राज्य में दूसरा स्थान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा को मिला है। यहां अस्पताल परिसर में मरीज को पौष्टिक आहार से संबंधित फलदार पौधे पौष्टिक साग-सब्जी सहित कई औषधीय गुन के पौधे लगाए गए है। इसके अलावे भंडरा में 30 बेड से बढ़ाकर 50 ऑक्सीजन युक्त बेड का निर्माण कराया गया है। इतना ही नहीं मरीज व अन्य लोगों के लिए कंबोजिया मछली हाउस भी बनाया गया है। कहा जाता है कि कंबोजिया एक विदेशी मछली है। कंबोजिया मछली से आसपास मच्छरों का प्रकोप कम हो जाता है। इन सब कार्य भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विगत डेढ़ वर्ष में चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर संजय कुमार द्वारा कराया गया है। अस्पताल परिसर में इस तरह के कार्य होने से लोगों में काफी उत्सुकता देखी जा रही है। इसके अलावा भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जन्म लेने वाले शिशु के लिए एक विशेष एनबीएसयू वार्ड बनाया गया है। जिसमें बच्चों को जन्म के बाद होने वाली परेशानियों से बचाव पर विशेष ख्याल रखा जाता है। इसके साथ ही भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बना कुपोषण उपचार केंद्र भी डॉक्टर संजय कुमार की बेहतर सोच ने कुपोषण केंद्र को भी आदर्श बनाया है। जिसमें कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार देने के साथ-साथ व्यायाम मनोरंजन सहित कई व्यवस्थाओं से सुशोभित कर प्रोत्साहित किया जाता है। जिसमें अब तक डेढ़ हजार से अधिक बच्चे कुपोषण को मात देकर बेहतर जीवन का आनंद ले रहे हैं।

# आठ तारीख का महाअधिवेशन ऐतिहासिक होगा : कंवलजीत सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** छोटानागपुर बॉक्साइट एँड कोल वर्कर्स यूनियन (इंटक) के महाअधिवेशन जो लोहरदगा के किस्को फुटबॉल मैदान में 8 तारीख को होना हैं एवं उसी दिन सांस्कृतिक नागपुरी कार्यक्रम का भी आयोजन है। जिसको लेकर ट्रक ऑनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बनारी, घाघरा, आदर बिशनपुर टूटवा मोड के ट्रक मालिकों से संपर्क किया इसके अलावा कुजाम, चिरोड़ीह, अमतीपानी एवं गुरूदरी माइंसो में जाकर सभी श्रमिकों एवं ट्रक ड्राइवर और ट्रक मालिको को इस कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित किया गया कि माननीय पूर्व राज्यसभा सांसद एवं हम लोगों के संरक्षक धीरज प्रसाद साहू का आह्वान है इसलिए 8 तारीख को सभी को किस्को फुटबॉल मैदान पहुंचना है क्योंकि धीरज प्रसाद साहू के देन हैं कि आज हम लोग की माइंस, ट्रक सब सुचारू रूप से चल रहे है। इसके अलावा ट्रक ओनर एसोसिएशन ने सभी ट्रकों में पोस्टर सटाए एवं घाघरा बनारी आदर बिशनपुर सहित अन्य क्षेत्रों में फ्लेक्स भी लगवाए।

# सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से तीन गांवों में लगा ट्रांसफार्मर : आलोक साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से तीन गांव उदरंगी अंबा टोली में 63 के वी, सढ़ाबेडूमरटोली में 25 केवी और तिगरा में 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव आलोक कुमार साहू ने दिया। श्री साहू ने बताया कि इन गांवों में कितने दिनों से ट्रांसफार्मर खराब था जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। यहां के ग्रामीण सांसद से आकर मिले और जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किए थे। सांसद ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन गांवों में शीघ्र ट्रांसफार्मर लगवाए। इन गांवों के ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर लगाने के लिए सांसद सुखदेव भगत का आभार प्रकट किये।

**देश के भविष्य की दशा और दिशा तय करते हैं शिक्षक : अलीरजा अंसारी**

# पीएमश्री रा.उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी में बीएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं को समारोह पूर्वक दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** शिक्षण को कैरियर के रूप में अपनाने का निर्णय लेना बड़ी बात है। समाज और देश के भविष्य की दशा और दिशा शिक्षकों के परिश्रम और दूरदर्शिता पर ही निर्भर करती है।उप्रयुक्त बातें आज कुडू प्रखंड के जिंगी गांव अवस्थित पीएमश्री रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी में बीएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं के विदाई समारोह में विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कहीं।उन्होंने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई चीजें भविष्य में पढ़ाने के दौरान बहुत लाभदायक सिद्ध होती हैं।प्रशिक्षुओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्र. प्रधानाध्यापक ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में एक शिक्षक के रूपमें आपसे समाज को बहुत फायदा होगा। इसके पूर्व मंच तक प्रशिक्षुओं को स्वागत करते हुए विद्यालय के बच्चे बच्चियां लेकर गए।विदाई समारोह को शिक्षक संजय उरांव, खुशमारेन मर्शिला तिर्की, ज्याउल हक अंसारी ने भी संबोधित किया और प्रशिक्षुओं के मंगलमय जीवन की कामना की।इसी दौरान प्रशिक्षु शिक्षिकाएं बेला ठाकुर, कंचन प्रिया कुजूर, नेहा कुमारी, यशोदा कुमारी, संध्या कुमारी, किरण कुमारी ने अपने अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान बहुत कुछ सीखने का मौका मिला जो आगे हमें बहुत काम देगा। प्रशिक्षुओं ने हर तरीके से भरपूर सहयोग देने के लिए विद्यालय रे प्रधानाचार्य अलीरजा अंसारी सहित पूरे विद्यालय के शिक्षकों का आभार प्रकट किया। कार्यकम में प्रशिक्षुओं को विद्यालय परिवार की तरफ से उपहार भेंट करते हुए भावभीनी विदाई दी गई।विदाई समारोह का संचालन आईसीटी इंस्ट्रक्टर सादाब अंसारी एवं धन्यवाद प्रेषण शिककिया। आदित्य कुमार वैद्य ने किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रमेश कुमार सिंह, मोनिका उरांव, सरिता कुमारी, समीना खातून, फूलमनी उरांव, चांदो तिर्की समेत सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# मोदी सरकार देर आए, दुरुस्त आए के तर्ज पर जवाब देगी : मौलाना अशरफी



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय सहसंयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ओलेमा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सहसंयोजक सह भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना जियाउल हक अशरफी ने बताया कि भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर जी एवं भाजपा राज्यसभा सांसद सह भाजपा मंत्री प्रदीप अग्रवाल की रहनुमाई में संगठन की कार्यकर्दगी के ताल्लुक से विस्तृत जानकारी मिली एवं वक्फ की सच्चाई से आम अवाम को खास कर मुस्लिम समाज में बेदारी लाना मुस्लिम पसमांदा समाज में एवं दबे कुचले गरीबों को हक दिलाना मकसद केंद्र की सरकार को है ना की हक छीनना। इस संदर्भ में भ्रम फैलाई जा रही है जो जग जाहिर है और यह भाजपा संगठन का मानना भी है दहशत और हिंसा आतंकवादियों का हिस्सा है जिसे केंद्र की मोदी सरकार करारा जवाब देगी। पहलगाम में जिस तरह से दहशत फैलाई गई और बे गुनाह सनातनी हिंदू भाइयों की जान गई उन हिंदू भाइयों को बचाने में आदिल हुसैन शाह ने भी कुर्बानी दी। कुछ लोगों को बचाने में नजाकत ने अहम रोल अदा किया अब अन करीब आतंकवादियों का सफाया होना तय है। वक्त का तकाजा है देर आयद दुरुस्त आयद के तर्ज पर पाकिस्तान की नापाक साजिश का खात्मा होगा। इस मौके पर मुख्य रूप से राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमाल खान, राष्ट्रीय सहसंयोजक एमआरएम के मौलाना जियाउल हक अशरफी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सोना खान, मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष काजिम कुरैशी इत्यादि एवं सामाजिक संगठन के लोग अंजुमन इस्लामिया रांची के भी कुछ पदाधिकारी गण्यमान्य लोग शरीक हुए।

# जातीय जनगणना सामाजिक न्याय के लिए ऐतिहासिक कदम होगा : सूरज अग्रवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो जी के निर्देश पर लोहरदगा जिला आजसू प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार के द्वारा जातीय जनगणना करने का घोषणा का स्वागत किया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने कहा आजसू पार्टी जाति जनगणना करने को लेकर हमेशा से वकालत करती आई है। झारखंड में जाति जनगणना करने को लेकर पार्टी मुख्यमंत्री घेराव राज्यपाल से मिलकर मेमोरेंडम देना आदि सड़क से लेकर संसद तक मांग कर चुकी है। हमारे महाधिवेशन में भी इस मुद्दे पर कई बार जातीय जनगणना के पक्ष में अध्यादेश लाया गया था ।जातीय जनगणना से सामाजिक रूप से देश के जातियों को जानने का अवसर प्राप्त होगा और उसी के हिसाब से उनके लिए नीति निर्धारित की जा सकती है। यह दूरदर्शी और भविष्य के भारत निर्माण का सोच वाली नीति होगी जाति जनगणना इस देश की दशा और दिशा तय करेगी। आज बहुत सी पार्टी यह कहती फिर रही है कि हमारे दबाव में मोदी सरकार ने यह फैसला लिया है। परंतु उन्हें यह बताना चाहिए विशेष कर कांग्रेस को की 1951 में जो जाति जनगणना हुई थी वह क्यों नहीं सार्वजनिक की गई और उसके बाद यह जातीय जनगणना क्यों बंद कर दी गई। जो पार्टियां श्रेय लेने की होड़ में लगी हुई है उन्हें अपने राज्यों में इसकी पहल तो करनी चाहिए थी, परंतु केवल अपने दावों से यह साबित करने में लगी है कि हमारे दबाव में केंद्र ने यहफैसला लिया है। हम उन सभी पार्टियों से मांग करते हैं जितने भी क्षेत्रीय पार्टी आज सत्ता में हैं।वह अपने राज्यों में पहले जातीय जनगणना कराकर वंचितों को लाभ दे विशेष कर झारखंड में आदिम जनजातियों को आदिवासियों को अल्पसंख्यकों को पिछड़ों का आकलन कर उनके हिसाब से जो वंचित है। उसके लिए नीति बननी चाहिए थी। परंतु आज झामुमो कांग्रेस आरजेडी की सरकार के पास समुचित आंकड़ा भी उपलब्ध नहीं है और यह इसके लिए कोशिश भी नहीं कर पाए। आज राज्य में नगर पालिका का चुनाव सिर्फ ट्रिपल टेस्ट के कारण नहीं हो पा रहा है और सरकार इसके लिए कोशिश भी सही तरीके से नहीं कर रही है ।हाई कोर्ट के बार-बार कहने के बाद भी यह सरकार इस पर ध्यान भी नहीं दे रही है और कांग्रेस इस सरकार में शामिल है उनके युवा नेता हमेशा कहते हैं कि हम जाति जनगणना के पक्षधर हैं तो आज ट्रिपल टेस्ट झारखंड में नहीं हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है और इस टेस्ट के नहीं हो पाने के कारण पिछड़ों का आरक्षण तय नहीं हो पा रहा है जिसके कारण नगर पालिका नगर निगम का चुनाव पिछले 2 साल से स्थगित है ।इस सरकार को इस पर भी ध्यान देना चाहिए श्रेय लेने से अच्छा है कार्य करने पर ध्यान देना चाहिए। केंद्रीय महासचिव अंजू देवी ने कहा की जाति जनगणना का केंद्र का यह फैसला स्वागत योग्य है। यह फैसला सामाजिक सशक्तिकरण के लिए बहुत आवश्यक है। इस जातीय जनगणना से देश के नीति निर्धारण में बल मिलेगा। इस जातीय जनगणना से देश की आधी आबादी अर्थात महिलाओं के लिए भी एक आशा की किरण लेकर आई है । यह देश महिलाओं की भागीदारी की बात तो करती है लेकिन आज भी महिलाएं वंचित एवं शोषितहैं। जातीय जनगणना से महिलाओं के आर्थिक सामाजिक मूल्यांकन करने का अवसर प्राप्त होगा और यह मौका देश की आधी आबादी अर्थात महिलाओं के उत्थान के लिए नीति निर्धारण की ओर एक कदम होगा महिलाएं भी सशक्त बनेंगी। यह आशा जाग रही है और हम उम्मीद करते हैं कि देश की महिलाओं के लिए भी सामाजिक आर्थिक उत्थान का अवसर मिलेगा तथा उनके उत्थान से समाज एवं देश तरक्की करेगा। क्योंकि महिलाएं ही समाज को सशक्त सजग एवं सुदृढ़ करतीहैं। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने कहा कि इस जातीय जनगणना से समाज में समानता न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी बदलाव आएगा इससे भारत के सामाजिक आर्थिक परिदृश्य बदलने वाला होगा यह एक स्वागत योग्य कदम है। केंद्रीय सदस्य जहांगीर आलम ने कहा यह निर्णय समाज के हर तबके के उत्थान और सबके विकास के लिए अहम होगा क्योंकि जब तक जाति की जनगणना नहीं होगी तब तक जातियों के विकास के लिए नियम बनाने एवं उनके विकास धरातल पर लाने में दिक्कत होगी। केंद्रीय सदस्य रामकुमार महतो ने कहा किया यह एक स्वागत योग्य कदम है हम इस कदम की प्रशंसा करते हैं।

# 6 मई को रांची में संविधान बचाव महारैली ऐतिहासिक होगा : सुखैर भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आज लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में आहूत की गई। इस बैठक में आगामी 6 मई को रांची स्थित पुराना विधानसभा मैदान में संविधान बचाओ महारैली को लेकर समन्वय समिति के सदस्यों, प्रखंड अध्यक्षों, एवं वरिष्ठ कांग्रेस जनों से आवश्यक विचार विमर्श किया गया। उक्त महारैली में लोहरदगा जिला से हजारों कांग्रेसी भाग लेंगे इसके लिए सभी को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। मौके पर जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि विगत दिनों केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा जाति जनगणना कराने का कैबिनेट से मंजूरी लिया गया यह कांग्रेस की बड़ी जीत है हमारे नेता राहुल गांधी ने देशवासियों से वादा किया था कि हम जाति जनगणना करा कर ही रहेंगे और उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार को बाध्य किया। निश्चित रूप से जाति जनगणना हो जाने से देश के करोड़ों लोगों को उनका अधिकार मिल जाएगा। उन्होंने बताया कि रांची में संविधान बचाव महारैली ऐतिहासिक होगा और इस रैली को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे एवं संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल झारखंड प्रभारी के राजू एवं प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत कई वरिष्ठ राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय नेता संबोधित करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि प्रदेश कांग्रेस द्वारा निर्देशित जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली जो 10 मई को निर्धारित था उसे फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। जिला स्तरीय रैली के लिए जल्द ही तिथि की घोषणा कर दी जाएगी। आज के इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला उपाध्यक्ष मोहन दुबे, सेवा दल के प्रदेश महासचिव प्रदीप विश्वकर्मा, विशाल डुंगडुंग, अनीस अहमद, जुगल भगत, सत्यदेव भगत दिनेश गुप्ता, नन्दू शुक्ला, मोज्जमिल अंसारी, प्रकाश उरांव, संतोष महतो,यासीन अंसारी, राजेश लाल, मोजाहिर अंसारी, रशीद अंसारी, मनौव्वर आलम समेत अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र

विविध

रांची, सोमवार, 05 मई 2025 | पेज 12

## चलते चलते एक नजर

### अमृतसर से पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने अमृतसर में जासूसी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह दोनों अमृतसर में आर्मी कैंट और एयरफोर्स बेस से जुड़ी संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तान को भेज रहे थे। रविवार को पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने पत्रकारों को बताया कि पकड़े गए आरोपितों से एक मोबाइल बरामद हुआ है, जिसमें आर्मी की मूवमेंट और एयरफोर्स बेस की तस्वीरें मिली हैं। यह दोनों अमृतसर की जेल में बंद हरप्रीत सिंह उर्फ पिट्टू उर्फ हैप्पी के जरिए आईएसआई से जुड़े हुए थे। आरोपितों की पहचान पलक शेर मसीह और सूरज मसीह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। इस संबंध में अमृतसर देहाती के एसएसपी मनिंदर सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पकड़ा गया आरोपित पलक फर्नीचर का काम करता है, जबकि सूरज मजदूरी करता है। इन दोनों के फोन से फोटो और वीडियो मिले हैं। दोनों 500 ग्राम हेरोइन के मामले में जेल में बंद हैप्पी के जरिए पाकिस्तानी एजेंट्स के संपर्क में थे। एक तस्वीर भेजने के लिए 5 से 10 हजार रुपये लेते थे। आर्मी व एयरबेस के अलावा पुलिस चौकियों की जानकारियां भी पाकिस्तान में भेजी गई। उन्होंने बताया कि अभी यह पता लगाया जाएगा कि दोनों कब से जानकारियां पाकिस्तान भेज रहे थे। पुलिस की शुरुआती जांच के मुताबिक ये दोनों युवक नशे के आदी हैं। इसी वजह से इनके आईएसआई के जाल में फंसने का शक है। पुलिस को अभी तक इनका क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं मिला। इस मामले की जांच के लिए पुलिस हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी को भी प्रोडक्शन वारंट पर लेगी, ताकि उसके पाकिस्तानी लिंक भी सामने आ सकें। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।

### नैनीताल में पटरी पर लौटने लगा पर्यटन

**नैनीताल** : नैनीताल में एक 12 वर्षीय नाबालिग के साथ लगभग 75 वर्षीय आरोपित मो.उस्मान द्वारा किये गए दुष्कर्म की घटना के विरोध में फैले तनाव के बाद अब हालात सामान्य हो रहे हैं। रविवार को अवकाश के दिन माल रोड व अन्य पर्यटन स्थलों में काफी हद तक चहल-पहल देखी गई, डीएसए मैदान स्थित कार पार्किंग भी काफी हद तक वाहनों से पटी रही। सैलानी नगर में बारिश के मौसम के बीच गर्म कपड़ों में पर्यटन का आनंद लेते देखे गये। बारिश के दौरान भी नैनी झील में नौकायें मौजूद रहीं। अलबत्ता मई माह के सप्ताहांत के लिहाज से बात करें तो अधिकांश होटलों के कमरे खाली बताये गये हैं। लेकिन यह भी है कि अब सैलानियों की ओर से नैनीताल के हालातों को जानने के लिये होटल वालों के पास काफी फोन आ रहे हैं। इधर रविवार को मल्लीताल स्थित हंस कीर्ति आश्रम में विश्व हिंदू परिषद और अन्य हिंदू संगठनों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बैठक में आगामी मंगलवार 6 मई को नैनीताल में एक वृहद सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। उधर, पुलिस, पीएसी व एसएसबी के जवान अभी भी शहर में मौजूद हैं व गस्त कर रहे हैं। खासकर पुलिस कोतवाली व मस्जिद के आसपास एवं आरोपित मो. उस्मान के रुकुट कंपाउंड स्थित घर के पास पुलिस ने डेरा जमाया हुआ है। उस्मान के घर के बाहर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल रविवार को भी तैनात रहा।

# भारत ने विकसित की विश्व की पहली जीनोम संपादित चावल की किस्में

**केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने की जारी**




एजेंसी

**नई दिल्ली** : केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में देश की पहली जीनोम संपादित चावल की दो किस्मों को जारी किया। भारत इस क्षेत्र में दुनिया का पहला देश बन गया है जिसने ऐसी किस्में विकसित की हैं। कार्यक्रम में आईसीएआर के वैज्ञानिकों और बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। मंत्री ने वैज्ञानिकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया। डीआरआर धान 100 (कमला) और पूसा डीएसटी राइस 1 नामक इन किस्मों को जीनोम एडिटिंग तकनीक से विकसित किया गया है। इनसे 19 प्रतिशत तक उत्पादन बढ़ सकता है। साथ ही सिंचाई जल की बड़ी मात्रा में बचत होगी और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन भी घटेगा। कमला किस्म जल्दी पकती है और मजबूत तनों के कारण गिरती नहीं। पूसा डीएसटी राइस 1 खारे और क्षारीय मिट्टी में भी अच्छी उपज देती है। दोनों किस्में भारत के विभिन्न राज्यों के लिए उपयुक्त हैं। शिवराज सिंह ने कहा कि यह एक स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कृषि अनुसंधान की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीक अपनाने का आह्वान किया और कहा कि वैज्ञानिकों और किसानों के संयुक्त प्रयास से देश को ÷फूड बास्केट÷ बनाया जा सकता है। सरकार ने बजट 2023-24 में जीनोम एडिटिंग अनुसंधान के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। यह कदम टिकाऊ कृषि और खाद्य सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर है।

## रील बनाने के चक्कर में खड़े ट्रक में घुसी बाइक, दो युवकों की मौत व एक गंभीर



एजेंसी

**मीरजापुर :** रविवार की सुबह लगभग 11 बजे अहरौरा थाना क्षेत्र के वाराणसी-शक्तिनगर रोड स्थित कुदारन के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। रील बनाने के दौरान तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा भिड़ी। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे इलाज के लिए वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। बाइक पर तीन युवक सवार थे और वीडियो रील बना रहे थे। ये तीनों युवक पास के ही मुजडीह गांव के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान 17 वर्षीय मोनू पुत्र तिवारी बिंद और 19 वर्षीय आर्यन पुत्र रामराज के रूप में हुई है। तीसरा युवक छोटू पुत्र रामराज गंभीर रूप से घायल है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू कर दी। शवों को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेजने की प्रक्रिया जारी है।

## राफेल पर कांग्रेस का तंजः सरकार बताए, नींबू-मिर्च कब उतारेगी?

**आज समूचा विपक्ष सरकार को कार्यवाही के लिए समर्थन कर रहा और सरकार चुप**



एजेंसी

**वाराणसी :** पहलगाम आतंकी हमले सहित देश की आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं को लेकर केंद्र सरकार की चुप्पी पर कांग्रेस ने रविवार को तीखा हमला बोला। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने वाराणसी में पत्रकार वार्ता के दौरान प्रतीकात्मक रूप से राफेल लड़ाकू विमान का मॉडल दिखाकर सरकार की कार्यशैली पर तंज कसा। अजय राय ने सवाल उठाया, ÷राफेल से नींबू-मिर्च कब उतारेगी सरकार? राफेल का उपयोग आतंकियों पर वार के लिए कीजिए, या क्या ये सिर्फ बुरी नजर से बचाने के लिए है? उन्होंने कहा कि जब समूचा विपक्ष आतंकी हमले के खिलाफ कार्रवाई में सरकार को समर्थन दे रहा है, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी सवाल खड़े करती है। प्रदेश अध्यक्ष ने पुलवामा हमले की अब तक अधूरी जांच को लेकर भी सरकार को घेरा और आरोप लगाया कि देश की सीमा सुरक्षा 'असुरक्षित हाथों' में है। उन्होंने कहा, ÷मोदी सरकार की गारंटी भले पूरी न हो, लेकिन इस सरकार में असुरक्षित सीमा, बढ़ता आतंकवाद, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार और हत्या की गारंटी पक्की है।

## मोशन पिक्चर एसोसिएशन के साथ भारत वैश्विक स्तर पर उद्योग बनाने का इच्छुक : केंद्रीय प्रसारण राज्य मंत्री



एजेंसी

**मुंबई :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने मुंबई में रविवार को कहा कि भारत वैश्विक रूप से सुरक्षित रचनात्मक उद्योग के निर्माण के लिए मोशन पिक्चर एसोसिएशन(एमपीए)के साथ अपनी साझेदारी बढ़ाने का इच्छुक है। केंद्रीय प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. गुरुगन मुंबई में चल रहे विश्व दृश्य-श्रव्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन, वेव्स 2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने एमपीए के वैश्विक नेतृत्व की प्रशंसा की और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों पर भारतीय सिनेमा के बढ़ते प्रभाव को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, आरआरआर और बाहुबली जैसी फिल्मों ने साबित कर दिया है कि भारतीय कहानियां, भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे भी प्रभाव डाल सकती हैं। नीतियों, सृजन प्रोत्साहनों और मजबूत बौद्धिक संपदा संरक्षण के माध्यम से सृजनकर्ता-प्रथम पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर बल देना है। हाल के एंटी-पायरेसी सुधारों का हवाला देते हुए उन्होंने डिजिटल युग में कलाकारों के अधिकारों की रक्षा के महत्व पर भी बल दिया। चार्ल्स रिवकिन ने भारत के मनोरंजन उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण के दौरान भारत के साथ एमपीए की निरंतर साझेदारी के बारे में अपनी खुशी व्यक्त की। रिवकिन ने कहा, भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था अभूतपूर्व वृद्धि के शिखर पर है और एमपीए को इस यात्रा का समर्थन करने पर गर्व है।

भारतीय फिल्म, टेलीविजन और ओटीटी उद्योग 2.6 मिलियन नौकरियां प्रदान करते हैं और 60 बिलियन डॉलर से अधिक का वार्षिक आर्थिक उत्पादन करते हैं।

# हेल्थ चेकअप का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पुष्कर स्कूल ऑफ नर्सिंग ट्रेनिंग, कृष्णपुरी, चुटिया, रांची और अन्वी न्यूबोर्न एंड चाइल्ड हॉस्पिटल, रांची के संयुक्त तत्वाधान से रविवार को नव शिशु से सत्रह साल के बच्चों के लिए एक हेल्थ चेकअप का आयोजन किया गया। हेल्थ कैंप में डॉक्टर रवि शेखर सिंह, डॉक्टर सिद्धार्थ पटौदी, डॉक्टर हर्ष पांडेय ने योगदान दिया। इस कैंप में शिशु रोग के विशेषज्ञ के चिकित्सक उपस्थित थे। कैंप में शिशु रोग के 60 मरीजों का निशुल्क जाँच किया गया। जिसमें करीब 20 मरीजों मे गंभीर लक्षण भी पाए गए। सभी मरीज चुटिया, अनंतपुर, कृष्णपुरी,अमरावती, रामनगर व द्वारिकापुर के थे। उपस्थित चिकित्षको के दल ने सभी आने वाले लोगो का यथासंभव इलाज किया तथा परामर्श दिया।

गंभीर रोग से ग्रषित रोगियों को अस्पताल मे विशेष ईलाज की जरूरत है। जिन्हे अन्वी न्यूबोर्न एंड चाइल्ड हॉस्पिटल मे बुलाया गया है। कैम्प मे खुद शामिल अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर सह शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रवि शेखर सिंह ने बताया कि जिन लोगों से इस कैम्प मे ईलाज के लिए आया उन्हें सप्ताह से 10 दिनों के अंदर अस्पताल के ओपीडी मे 10 प्रतिशत, पैथोलॉजिकल जाँच मे 10 प्रतिशत और दवाइयों मे 10 प्रतिशत की विशेष छुट दी जायेगी।

इस अवसर पर संस्था के नर्सिंग शिक्षिका एवं नर्सिंग छात्राओं ने भी चिकित्षक दल के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। पुष्कर स्कूल ऑफ नर्सिंग ट्रेनिंग के अध्यक्ष और अस्पताल के डायरेक्टर के बीच आपसी सहमति बनी कि वहाँ पढ़ रहे नर्सिंग छात्राओं को अन्वी न्यूबोर्न एंड चाइल्ड हॉस्पिटल मे इंटर्नशिप करने कि सुविधा दी जायेगी और भविष्य मे भी ऐसे निशुल्क कैम्प आयोजित किये जायेंगे। इस कैंप का प्रबंधन पुष्कर स्कूल ऑफ नर्सिंग ट्रेनिंग और अन्वी न्यूबोर्न एंड चाइल्ड हॉस्पिटल के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसमे संस्था के डायरेक्टर और प्रबंधन कर्मचारियों तथा अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ विमल कुमार एवं ऋतू सानेट टेटे और मार्केटिंग इंचार्ज अंकेश सिंह का योगदान रहा। अन्वी न्यूबोर्न एंड चाइल्ड हॉस्पिटल के चिकित्षक दल के प्रमुख डॉक्टर रवि शेखर सिंह एवं चिकित्सक दल के अन्य सदस्यों ने पुष्कर स्कूल ऑफ नर्सिंग ट्रेनिंग के अध्यक्ष सुनील कुमार पुष्कर का आभार व्यक्त किया।

## गंगा दिवस पर नमामि गंगे संगठन ने गंगा घाट पर चलाया सफाई अभियान

**बिजनौर** : आज बिजनौर बैराज गंगा घाट पर गंगा सप्तमी के शुभ अवसर पर नमामि गंगे के क्षेत्रीय संयोजक धीर सिंह द्वारा पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर संगठन के निर्देशानुसार गंगा पूजा करके गंगा के अवतरण दिवस को गंगा के जन्मदिन के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम सभी ने गंगा घाट की सफाई की उसके बाद पवित्र स्नान किया तथा मां गंगा की पूजा अर्चना की। क्षेत्रीय संयोजक धीर सिंह ने बताया कि गंगा सप्तमी एक ऐसा दिन है जब धरती पर मां गंगा का आगमन हुआ था. यह दिन गंगा नदी की शक्ति, पवित्रता और जीवन देने वाली ऊर्जा को याद करने का है। यह पर्व हर साल वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाया जाता है। इस बार गंगा सप्तमी आज मनाई जा रही है। इस मौके पर गंगा नदी में स्नान करना, मां गंगा की पूजा करना और दान करना बहुत शुभ माना जाता है।

# अल्पसंख्यक इलाकों में भी कांग्रेस संकट में : भाजपा

**भूपेन बोरा और देबव्रत सैकिया की ज़मीन खिसकी**



एजेंसी

**गुवाहाटी :** भाजपा प्रदेश मुख्यालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि असम में चल रहे पंचायत चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस की ज़मीन खिसकती नज़र आ रही है। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों, यहां तक कि अल्पसंख्यक-बहुल इलाकों में भी जनता ने कांग्रेस नेताओं को असम विरोधी बताते हुए गांवों से खदेड़ दिया है। पहले चरण के चुनाव में, जो 2 मई को हुए, असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र रंगानदी में एक भी सफल जनसभा नहीं कर सके। उनके अपने पंचायत क्षेत्र भोगपुर में भी लोगों ने कांग्रेस प्रचार का बहिष्कार कर दिया। भूपेन बोरा भले ही गुवाहाटी के वातानुकूलित होटलों में संवाददाता सम्मेलन कर रहे हों, लेकिन ज़मीनी हकीकत यह है कि उन्हें उनके ही लोगों ने नकार दिया है। नावबोइसा से विधायक भरत नरह भी प्रचार के दौरान अपने क्षेत्र में नदारद रहे। वहीं, कांग्रेस के परंपरागत गढ़ माने जाने वाले नाज़िरा में विपक्ष के नेता देबव्रत सैकिया की सभाओं में बेहद कम भीड़ देखने को मिली, जिससे साफ है कि उनकी पकड़ भी ढीली हो चुकी है। पहले चरण में कांग्रेस नेता स्थानीय गांवों तक नहीं पहुंच सके। व्यापक जन आक्रोश के चलते कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को प्रचार पीछे खींचना पड़ा। यहां तक कि जब सांसद गौरव गोगोई मंच पर दिखे, तब भी जनसभाएं फीकी रही। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रंजीब कुमार शर्मा ने पार्टी मुख्यालय (अटल बिहारी वाजपेयी भवन) से बयान जारी कर बताया कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस को जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। नलबाड़ी में गौरव गोगोई को काले झंडे दिखाए गए और उन्हें पाकिस्तानी एजेंट तक कहा गया।

# रेलवे पर सेना की नजर, आतंकी हमलों के चलते बीएसएफ अलर्ट



एजेंसी

**सिलीगुड़ी :** गृह मंत्रालय ने पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के विभिन्न स्टेशनों और पटरियों पर निगरानी बढ़ाने का आदेश दिया है। आरपीएफ और जीआरपी के साथ-साथ अब बीएसएफ भी रेलवे के साथ समन्वय करके बांग्लादेश सीमा क्षेत्रों में निगरानी करेगी। इस संबंध में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और रेलवे संपत्ति को अक्षुण्ण रखने के लिए भारत-बांग्लादेश सीमा क्षेत्र में निगरानी में बीएसएफ को भी शामिल किया गया है। संयुक्त टीम पहले ही कई क्षेत्रों का दौरा कर चुकी है। सूत्रों के अनुसार, निगरानी बढ़ाने का निर्देश केंद्रीय खुफिया विभाग से रिपोर्ट मिलने के बाद आया है।

खुफिया रिपोर्टों से पता चला है कि आतंकवादी बांग्लादेश के रास्ते इस क्षेत्र में रेलवे संपत्ति और रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकते है। तदनुसार, बीएसएफ और जीआरपी के परामर्श से आरपीएफ के साथ एक समन्वय टीम गठित की गई है। लामडिंग डिवीजन में बदरपुर स्टेशन, अलीपुरद्वार डिवीजन में न्यू मयनागुड़ी से न्यू दोमोहनी स्टेशन और कटिहार डिवीजन में हल्दीबाड़ी स्टेशन के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। संयुक्त बलों ने पहले ही बदरपुर स्टेशन और क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया है। स्टेशन के प्रवेश और निकास द्वार का भी निरीक्षण किया गया। लामडिंग डिवीजन के सिलचर और कटाखल सेक्शन के बीच ट्रॉली से निरीक्षण किया गया। संयुक्त बलों ने न्यू मयनागुड़ी से न्यू दोमोहनी स्टेशन तक रेल लाइन पर पैदल चलकर निगरानी की। उन्होंने यह देखने के लिए जांच की कि लाइन पर कोई समस्या तो नहीं है या कोई संदिग्ध गतिविधि तो नहीं है।

# सीएम योगी के समुदाय कार्यक्रम ने बदली ग्रामीण विकास की तस्वीर, गांव कर रहे शहरों को फेल



एजेंसी

**लखनऊ** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसहभागिता से उत्तर प्रदेश के ग्रामीणों क्षेत्रों की लगातार तस्वीर बदल रहे हैं। उत्तर प्रदेश के जिन गांवों में कभी लोग जाने से कतराते थे, आज सीएम योगी के मार्गदर्शन में पिछले आठ वर्षों में इन गांवों की तस्वीर पूरी तरह से बदल गयी है। उत्तर प्रदेश के गांव विकास के मॉडल के रूप में उभरकर सामने आए हैं। सीएम योगी के प्रयासों का असर है कि आज यह गांव शहरों को मात दे रहे हैं। सीएम योगी के नेतृत्व और सरकार की सक्रिय सहभागिता से हरदोई में शुरू हुआ समुदाय कार्यक्रम, आज पूरे प्रदेश के लिए मॉडल बन चुका है। अब इस समुदाय मॉडल को पूरे प्रदेश में विस्तारित करने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। इसके तहत समुदाय कार्यक्रम को अगले पांच वर्षों के लिए विस्तारित किया गया है। हरदाई जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसहभागिता से उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदलने के लिए प्रयासरत हैं। उनका यह प्रयास रंग ला रहा है। उन्होंने बताया कि सीएम योगी के मार्गदर्शन में हरदोई के ग्रामीण इलाकों में एचसीएल फाउंडेशन की ओर से समुदाय कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। सीएम योगी की दूरदर्शी सोच और शासन की भागीदारी से समुदाय कार्यक्रम ने न केवल हरदोई के ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदली है, बल्कि ग्रामीण विकास मॉडल बन चुका है। डीएम मंगला प्रसाद ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में व्यापक सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की आधारशिला रखी है। इसे ही ध्यान में रखते हुए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने अगले पांच वर्षों के लिए समुदाय को विस्तार दिया है। इसे अब उत्तर प्रदेश के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में भी लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समुदाय के तहत कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, पर्यावरण और जल-स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में ग्रामीण जीवन को सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समुदाय की शुरुआत हरदोई के महज 10 ग्राम पंचायतों और 25 हजार लोगों से हुई थी, जो आज 11 ब्लॉकों की 524 ग्राम पंचायतों तक विस्तारित हो चुकी है और 29 लाख से अधिक ग्रामीणों को सीधे लाभ पहुंचा रही है। समुदाय कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्ट आलोक वर्मा ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) को 524 पंचायतों में लागू किया गया, जिससे स्थानीय प्रशासन और योजना निर्माण में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित हुई। उन्होंने बताया कि समुदाय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल लिट्रेसी, कोडिंग एंड कंप्यूटेशनल (डीएलसीसी) और एआई के जरिये 47,000 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। वहीं 30,000 से ज्यादा बच्चों को डिजिटल साक्षरता, कोडिंग व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शिक्षा दी गई। हरदोई में 100 स्मार्ट आंगनवाड़ियों और 814 आधुनिक कक्षाओं के ज़रिये लगभग 1.45 लाख बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। इतना ही नहीं, महिलाओं की आजीविका सशक्तीकरण के लिए 31,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को विभिन्न आय सृजन गतिविधियों से जोड़ा गया है। इनमें डेयरी, पोल्ट्री फॉर्म, बुनकरी, चिकनकारी जैसे पारंपरिक कौशल शामिल हैं। इसके अलावा हरदोई किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एफपीओ के जरिये किसान उत्पादक संगठनों ने 32.68 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।